3 राजधानी
मलेरिया के मरीजों में आई कमी

6 अभिमत
मोदी की 'भारत प्रथम' नीति

10 विदेश
लश्कर आतंकवादी की पाकिस्तानी जेल में मौत

12 स्पोर्ट्स
किरण ने किया उलटफेर किया, सिंधू बाहर



RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 13 अंक 220
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 1 जून, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर





नीलवंडे बांध की लागत आठ करोड़ से बढ़कर 5,177 करोड़ हुई
राष्ट्रीय-11




www.dailypioneer.com


# ज्ञानवापी पर मुस्लिम पक्ष की अर्जी खारिज

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा-मस्जिद परिसर में श्रृंगार गौरी की नियमित पूजा के अनुरोध वाला वाद पोषणीय

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज



**वाराणसी** ज्ञानवापी स्थित श्रृंगार गौरी की नियमित पूजा अधिकार मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अंजुमन इंतजामिया कमेटी की याचिका खारिज कर दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति जेजे मुनीर ने अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी वाराणसी की तरफ से दाखिल पुनरीक्षण याचिका को खारिज करते हुए दिया है। हिन्दू महिलाओं द्वारा वाराणसी में दाखिल सिविल वाद की पोषणीयता पर याची की आपत्ति हाईकोर्ट ने अस्वीकार कर दी है।

राखी सिंह और नौ अन्य महिलाओं ने पूजा के अधिकार को लेकर वाराणसी की जिला अदालत में सिविल वाद दायर किया। अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी वाराणसी ने वाद की पोषणीयता पर आपत्ति करते हुए अर्जी दाखिल की कि कोर्ट को प्लेसेस आफ वर्शिप एक्ट 1991 के उपबंधों के तहत अदालत को वाद सुनने का अधिकार नहीं है। अदालत ने कमेटी की अर्जी खारिज कर दी थी जिसे हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। याची का तर्क था कि उपासना स्थल अधिनियम से नियमित पूजा प्रतिबंधित है। क्योंकि पूजा से स्थल की धार्मिक प्रकृति से छेड़छाड़ होगी जो कानूनन नहीं किया जा सकता। इसलिए यहां नियमित पूजा की अनुमति नहीं मिलनी चाहिए। मर्यादा कानून के आधार पर सिविल वाद को मियाद बाधित करार दिया। कहा गया कि चालाकी से पूजा के अधिकार की मांग में दाखिल सिविल वाद से विपक्षी के अधिकारों में हस्तक्षेप करने की कोशिश की गई है। जिससे 1991 के कानून का उल्लघंन होगा। इसलिए जिला अदालत में श्रृंगार गौरी की नियमित पूजा के लिए हिन्दू महिलाओं द्वारा वाद सुनवाई योग्य नहीं है। कहा गया कि मंदिर पक्ष यह स्पष्ट नहीं कर पाया है कि पूजा 1990 में रोकी गई या 1993 में रोकी गई। अगर इन दोनों ही तिथियों में नियमित पूजा रोकी गई तो यह लिमिटेशन एक्ट से प्रतिबंधित है। सिविल वाद उपासना स्थल अधिनियम से भी प्रतिबंधित है। क्योंकि 15 अगस्त 1947 से ज्ञानवापी मस्जिद का वही स्टेट्स बरकरार रहना चाहिए। स्थल की धार्मिक स्थिति में बदलाव नहीं किया जा सकता। यह विवाद काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट अधिनियम के अंतर्गत नहीं आता है। क्योंकि मस्जिद वक्फ बोर्ड की सम्पत्ति है और बोर्ड की सम्पत्ति के विवाद की सुनवाई वक्फ अधिकरण को करने का अधिकार है।

सिविल कोर्ट को अधिकार नहीं है। मंदिर पक्ष की तरफ से कहा गया कि पौराणिक साक्ष्यों एवं 15 अगस्त 1947 के पहले से श्रृंगार गौरी हनुमान व कृति वासेश्वर की पूजा होती आ रही है। इसलिए 1991 का प्लेसेस आफ वर्शिप एक्ट इस मामले में लागू नहीं होगा। इनका कहना था कि मंदिर में मूर्ति की प्राणप्रतिष्ठा होने के बाद उस जमीन का स्वामित्व मूर्ति में निहित हो जाता है। हिन्दू विधि में मंदिर ध्वस्त होने के बाद भी अप्रत्यक्ष मूर्ति का अस्तित्व बना रहता है।उन्होंने कहा औरंगजेब ने स्वयं भू विश्वेश्वर नाथ मंदिर तोड़ा और मंदिर की दीवार पर मस्जिद का आकार दिया गया है।

### विहिप ने फैसले का किया स्वागत

**नई दिल्ली।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी विवाद से जुड़े एक मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले का बुधवार को स्वागत किया और कहा कि इससे अदालत की कार्यवाही में तेजी आएगी। विहिप की यह प्रतिक्रिया तब आई है जब इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने बुधवार को व्यवस्था दी कि वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में श्रृंगार गौरी और अन्य देवी देवताओं की नियमित रूप से पूजा अर्चना करने की अनुमति के अनुरोध को लेकर पांच हिंदू महिलाओं की ओर से दायर वाद पोषणीय है। विहिप के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार ने अदालत के फैसले का स्वागत करते हुए कहा, तकनीकी आपत्तियों को अस्वीकार कर दिया गया है।

# 85 फीसदी कमीशन खाने वाली पार्टी है कांग्रेस: मोदी

- कहा, गरीबों को भरमाओ, गरीबों को तरसाओ कांग्रेस की नीति, नए संसद भवन के उद्घाटन का बहिष्कार कर विपक्ष ने गौरव के क्षण को विरोध की भेंट चढ़ा दिया

**पायनियर समाचार सेवा।** अजमेर



अजमेर में बुधवार को जनसभा को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को मुख्य विपक्षी पार्टी पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस ने 50 साल पहले इस देश को गरीबी हटाने की गारंटी दी थी जो गरीबों के साथ कांग्रेस द्वारा किया गया सबसे बड़ा विश्वासघात है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नीति गरीबों को भरमाओ, गरीबों को तरसाओ की रही है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस, हर योजना में 85 प्रतिशत कमीशन खाने वाली पार्टी है।

अजमेर के पास कायड़ विश्राम स्थली में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज पूरी दुनिया में भारत का यशगान हो रहा है। उल्लेखनीय है कि इस जनसभा का आयोजन केंद्र में मोदी सरकार के नौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में किया गया था। नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह के बहिष्कार को लेकर कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि ऐसा करके उन्होंने ना सिर्फ देश की भावनाओं और आकांक्षाओं का अपमान किया बल्कि भारत के गौरव के क्षण को भी अपने स्वार्थी विरोध की भेंट चढ़ा दिया।

उन्होंने जनता सवाल किया कि इससे उन्हें गर्व का अनुभव हुआ कि नहीं हुआ? इस दौरान उत्साही भीड़ ने हां-हां कहकर जवाब दिया। इस पर मोदी ने कहा, लेकिन कांग्रेस और उसके जैसे कुछ दलों ने इस पर भी राजनीति का कीचड़ उछाला। कई-कई पीढ़ियों के जीवन में ऐसे अवसर एक बार ही आते हैं। लेकिन कांग्रेस ने भारत के गौरव के क्षण को भी अपने स्वार्थयुक्त विरोध की भेंट चढ़ा दिया। मोदी ने आरोप गया कि कांग्रेस ने 60,000 श्रमिकों के परिश्रम और देश की भावनाओं व आकांक्षाओं का अपमान किया है। मोदी ने कहा, कांग्रेस की नीति रही है- गरीबों को भरमाओ, गरीबों को तरसाओ। राजस्थान के लोगों ने भी इसका बहुत बड़ा नुकसान उठाया है। उन्होंने कहा, पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने भी माना था कि कांग्रेस सरकार 100 पैसे भेजती है तो उसमें से 85 पैसे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाते थे... कांग्रेस, हर योजना में 85 प्रतिशत कमीशन खाने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा, 2014 से पहले देश में क्या स्थिति थी? पूरे देश में जनता भ्रष्टाचार के विरुद्ध सड़क पर उतरी हुई थी। कांग्रेस सरकार सीमा पर सड़कें बनाने से भी डरती थी। बड़े-बड़े शहरों में आए दिन आतंकी हमले होते थे। महिलाओं के विरुद्ध अपराध चरम पर थे। मोदी ने कहा, वर्ष 2014 से पहले प्रधानमंत्री के ऊपर सुपर पावर थी, कांग्रेस सरकार रिमोट कंट्रोल से चला करती थी। निर्णय होते नहीं थे, नीतियां चौपट थीं। निवेशक निराश थे, युवाओं के सामने अंधकार था। उन्होंने कहा, जनता से वोट लेकर, कांग्रेस, जनता को ही कोस रही थी। प्रधानमंत्री ने कहा, केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली राजग सरकार के नौ साल भी पूरे हो गए हैं। भाजपा सरकार के नौ साल देशवासियों की सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के लिए समर्पित रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, आज देखिए, पूरी दुनिया में भारत का यशगान हो रहा है। दुनिया के बड़े विशेषज्ञ ए बोल रहे हैं कि भारत अति गरीबी को समाप्त करने के बहुत निकट है। ये बदलाव आया कैसे? इसका जवाब है- सबका साथ-सबका विकास। इसका जवाब है- वंचितों को वरीयता।

उन्होंने कहा, कांग्रेस को सिर्फ झूठ बोलना आता है और वह आज भी यही कर रही है। ये कांग्रेस ही है जो चार दशक तक वन पेंशन वन रैंक के नाम पर हमारे पूर्व सैनिकों से विश्वासघात करती रही। मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार ने न सिर्फ वन रैंक वन पेंशन को लागू किया बल्कि पूर्व सैनिकों को एरियर भी दिया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, गजेंद्र सिंह शेखावत व कैलाश चौधरी, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, पार्टी के प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ व पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी मौजूद थे। मोदी इससे पहले तीर्थ स्थल पुष्कर जाकर ब्रह्मा जी मंदिर में पूजा अर्चना की।

# मणिपुर में लोगों की सुरक्षित घर वापसी के लिए प्रतिबद्ध: शाह

- केंद्रीय गृहमंत्री ने राहत शिविरों का दौरा किया, मेइती व कुकी समुदायों से की मुलाकात
- मुख्यमंत्री बीरेन ने कहाकि जिसके पास भी अवैध हथियार हों, वे सुरक्षा बलों को लौटा दें, नहीं तो होगी कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** इंफाल



**पिछले** एक महीने से जातीय हिंसा की चपेट में आए पूर्वोत्तर के मणिपुर में शांति बहाली के प्रयास तेज हो गए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि सरकार राज्य में जल्द से जल्द शांति बहाल करने और विस्थापित लोगों की उनके घरों में सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

दूसरी ओर, मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने चेतावनी दी कि जिस किसी के पास भी अवैध हथियार और गोला-बारूद हैं, वह पुलिस को सौंप दे अन्यथा कड़ी कार्रवाई होगी। अमित शाह ने जातीय हिंसा प्रभावित राज्य की अपनी यात्रा के तीसरे दिन मणिपुर में कुकी और मेइती समुदायों से अलग-अलग बातचीत की।

इसके बाद ट्वीट में उन्होंने कहा कि मणिपुर में जल्द से जल्द शांति बहाली और प्रभावित लोगों की घरों को वापसी सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। गृह मंत्री ने कहा कि मणिपुर के कांगपोकपी में नागरिक संस्थाएं सद्भाव बहाली में सरकार के साथ सक्रिय रूप से भाग लेने के इच्छुक हैं। इससे पहले, उन्होंने पूर्वोत्तर राज्य में सुरक्षा स्थिति का जायजा लेने के लिए तेंगनोपाल जिले में म्यांमार सीमा के पास मोरेह नगर में एक समीक्षा बैठक की।

### शांति बहाली के लिए त्रि-आयामी योजना

**पायनियर समाचार सेवा।** इंफाल

**केंद्र** संकटग्रस्त मणिपुर में स्थाई शांति के लिए, संघर्षरत मैतेई और कुकी समुदायों के बीच न्यूनतम सहमति की जमीन तैयार करने के लिए त्रि-आयामी योजना पर काम कर रहा है। मणिपुर में ताजा गतिविधियों के बारे में जानकारी रखने वाले सूत्रों ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता हिंसा प्रभावित लोगों के साथ बातचीत, विस्थापित लोगों का पुनर्वास और विद्रोहियों पर नियंत्रण करना है। सरकार के समक्ष प्रमुख चुनौती मैतेई और कुकी समुदायों के बीच भरोसा कायम करना है।

# प्रधानमंत्री पर राहुल का बयान, छिड़ा घमासान

- अमेरिका में एक टिप्पणी में कहा, प्रधानमंत्री मोदी सोचते हैं कि वह भगवान से अधिक जानते हैं, भाजपा का पलटवार बोली-राहुल फर्जी गांधी

**पीएनएस/एजेंसी।** सांता क्लारा/नई दिल्ली



**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर की गई एक टिप्पणी के बाद सत्तारूढ़ भाजपा और कांग्रेस के बीच फिर जंग छिड़ गई हैं। राहुल ने बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए उन्हें एक ऐसा व्यक्ति बताया, जो सोचते हैं कि वह भगवान से अधिक जानते हैं। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि भारत की अवधारणा पर हमला हो रहा है। भाजपा ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उन्हें फर्जी गांधी करार दिया। भाजपा ने मोदी और उनके शासन पर तंज कसने को लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष पर पलटवार किया। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने दावा किया कि राहुल गांधी विदेशी धरती पर देश (भारत) को बदनाम करने के वास्ते भारत विरोधी दुष्प्रचार करने के लिए प्रायोजित कार्यक्रमों में शामिल होने विदेश गए हैं। अमेरिका में कैलिफोर्निया प्रांत के सांता क्लारा में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा, यह एक बीमारी है।

भारत में लोगों का एक समूह है, जो इसे लेकर पूरी तरह से आश्वस्त है कि वे सब कुछ जानते हैं। उन्होंने कहा, असल में, ऐसे लोगों को यह लगता है कि वे भगवान से भी अधिक जानते हैं। वे भगवान के साथ बैठकर उनसे बातचीत कर सकते हैं।

# विजय कुमार बने कार्यवाहक डीजीपी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



कार्यवाहक डीजीपी विजय कुमार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की

**योगी** सरकार ने 1988 बैच के आईपीएस विजय कुमार को डीजी विजिलेंस, डीजी सीबीसीआईडी के साथ यूपी का नया कार्यवाहक डीजीपी नियुक्त कर दिया है। वर्तमान कार्यवाहक डीजीपी आरके विश्वकर्मा बुधवार को सेवानिवृत्त हो गए। विजय कुमार ने बुधवार को ही पुलिस मुख्यालय पहुंचकर अपना कार्यभार संभाल लिया। उत्तर प्रदेश को तीसरी बार कार्यवाहक डीजीपी मिला है। विजय कुमार जनवरी 2024 में सेवानिवृत होंगे। कार्यभार संभालने के बाद विजय कुमार ने कहा कि एसटीएफ, एटीएस के मज़बूत होने के चलते पिछले छह साल में एक भी आतंकी घटना नहीं हुई है। दंगामुक्त उत्तर प्रदेश की संकल्पना को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्रवाई की जाएगी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि माफि या अतीक अहमद की फरार पत्नी शाइस्ता और शूटर गुड्डू मुस्लिम की गिरफ्तारी हमारी प्रमुख प्राथमिकता रहेगी। नवनियुक्त डीजीपी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा वर्ष 2017 से संगठित अपराध एवं माफि याओं के विरुद्ध जीरो टालरेंस की नीति अपनाते हुए अपराध मुक्त, अन्याय मुक्त एवं भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन प्रदान किया है। शासन के निर्देश पर एटीएस एवं एसटीएफ को सुदृढ़ कर उन्हें पर्याप्त संसाधन एवं जनशक्ति उपलब्ध कराई गई हैं। इसके परिणामस्वरूप विगत 6 वर्षों में प्रदेश में कोई आतंकी घटना नहीं हुई है एवं संगठित अपराध पर पूर्ण नियंत्रण रखा गया है। एसटीएफ द्वारा प्रदेश को दस्युमुक्त करने की भी सराहनीय कार्यवाही की गई है। इन दोनों संगठनों को शासन की प्राथमिकतानुसार और मजबूत करते हुए प्रदेश को आतंकी घटनाओं एवं संगठित अपराध से मुक्त रखने के लिए प्रभावी कार्यवाही की जाएगी।

## क्विक न्यूज

### बृजभूषण के खिलाफ मामले में कोर्ट को सौंपेंगे रिपोर्ट: पुलिस

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न का मामला विचाराधीन है और जांच की स्थिति रिपोर्ट अदालत को सौंपी जाएगी। दिल्ली पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी और कहा कि अदालत में रिपोर्ट दाखिल करने से पहले कुछ भी कहना प्रक्रिया के विरुद्ध होगा। इससे पहले, पुलिस सूत्रों ने कहा था कि पुलिस को महिला पहलवानों द्वारा सिंह के खिलाफ लगाए गए आरोपों के पक्ष में पर्याप्त साक्ष्य नही मिले है और वह 15 दिनों के अंदर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। जैसे ही यह खबर मीडिया में आई, दिल्ली पुलिस ने ट्विटर पर इस खबर का खंडन किया और कहा कि इस संवेदनशील मामले में पूरी संवेदनशीलता के साथ जांच जारी है। पुलिस की एक प्रवक्ता ने बाद में यह संदेश संवाददाताओं के साथ साझा किया, लेकिन करीब एक घंटे बाद ही दिल्ली पुलिस ने अपना ट्वीट डिलीट कर दिया। जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) ने उस संदेश को भी हटा दिया जो उन्होंने आधिकारिक व्हाट्सएप ग्रुप में पत्रकारों के लिए साझा किया था।

# लखनऊ में बनेगा प्रदेश का पहला ट्राइबल म्यूजियम

- चंद्रिका देवी मंदिर के पास भूमि चिन्हित, एकेटीयू की फैकल्टी ऑफ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग देगी म्यूजियम को आकार

**सतीश सिंह।** लखनऊ

**मध्य** प्रदेश की श्यामला हिल्स पर बने जनजातीय संग्रहालय की तर्ज पर लखनऊ में प्रदेश का पहला ट्राइबल म्यूजियम बनेगा। केन्द्रीय जनजातीय मंत्रालय की सहयोग से प्रस्तावित म्यूजियम के अंदर जनजातीय समुदाय के हर परिदृश्य समाहित रहेंगे। इस म्यूजियम में मौजूदा जनजातियों के अलावा विलुप्त हो चुकी जनजातियों की संस्कृति उनके रहन-सहन खानपान रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़े चीजों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व डिजिटल तकनीक की सहायता से जीवंत किया जाएगा।

जिससे यहां आने वाले लोग जनजातीय संसार के वास्तविक जीवन से परिचित हो सकें। इस म्यूजियम के लिए पर्यटन विभाग के सहयोग से चंद्रिका देवी के पास तकरीबन दो एकड़ जमीन चिन्हित की गयी है और इसे साकार करने की जिम्मेदारी डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग को सौंपी गयी है। जिम्मेदारी मिलने के बाद कालेज की तरफ से तकरीबन 20 करोड़ रुपए का प्रस्ताव तैयार कर शासन को अनुमोदन के लिए भेजा गया है। संग्रहालय के निर्माण को लेकर आर्किटेक्चर कालेज की प्राचार्य व डीन प्रो. वंदना सहगल का कहना है कि संग्रहालय में थ्री डी बेस पर तैयार करने की योजना है। जिससे संग्रहालय परिसर में प्रवेश करने के बाद दर्शक जनजातीय और उनके प्रतीकों से रूबरू हो सकें। इसके साथ ही उनके देवी-देवता और पूजा-पाठ की शैली, रहन-सहन, पहनावा, तीज-त्यौहार, जन्म-मृत्यु, विवाह संस्कार से जुड़ी उनकी संस्कृति आदि को दर्शाया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश की थारू व अन्य 18 जनजातियों से जुड़ी चीजें संग्रहालय में रखी जायेंगी। इतना ही नहीं संग्रहालय को खूबसूरत तरीके से सजाया जायेगा, जिससे अंदर की खूबसूरती देखकर दर्शकों की नजरें नहीं हटेंगी। आदिवासी कलाकृतियों की खूबसूरती को लेकर आधुनिक लाइटों का प्रयोग किया जायेगा।

संग्रहालय में एक ओर प्राकृतिक उपादानों मसलन पुआल, पत्ते, पत्थर, मिट्टी, बांस, लकड़ी, लोहा, सूखे वृक्षों-टहनियों आदि का उपयोग किया जायेगा। वहीं दूसरी ओर आधुनिक औजारों, तकनीक, दृश्य-श्रव्य माध्यमों, प्रकाश संयोजन आदि का भी इस्तेमाल किया जायेगा। इसके अलावा संग्रहालय में समय-समय पर कार्यशालाएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि भी आयोजित किए जायेंगे। जिससे संग्रहालय आने वाले लोगों का जनजातीय समाज की मान्यताओं और उनकी कला संस्कृति से सीधा साक्षात्कार हो सके।

# जीडीपी वृद्धि दर मार्च तिमाही में 6.1% पर

- पूरे वित्त वर्ष 2022-23 में सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि 7.2 प्रतिशत पर पहुंची, कृषि, विनिर्माण, खनन और निर्माण क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन

**एजेंसी।** नई दिल्ली



प्रतीकात्मक चित्र

**कृषि,** विनिर्माण, खनन और निर्माण क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन से देश की आर्थिक वृद्धि दर बीते वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में 6.1 प्रतिशत रही। इसके साथ, पूरे वित्त वर्ष के दौरान जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत पर पहुंच गई। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

इस वृद्धि के साथ देश की अर्थव्यवस्था 3,300 अरब डॉलर की हो गई है और उम्मीद की जा रही है कि अगले कुछ साल में 5,000 अरब डॉलर के लक्ष्य को हासिल कर लिया जाएगा। चीन की वृद्धि दर 2023 के पहले तीन महीनों में 4.5 प्रतिशत रही थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 की जनवरी-मार्च तिमाही में वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत रही। जबकि इससे पहले, अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में यह 4.5 प्रतिशत और जुलाई-सितंबर तिमाही में 6.2 प्रतिशत थी। जीडीपी वृद्धि दर 2022-23 की अप्रैल-जून तिमाही में 13.1 प्रतिशत रही थी। वित्त वर्ष 2021-22 की जनवरी-मार्च तिमाही में यह चार प्रतिशत रही थी। आंकड़ों के अनुसार, पूरे वित्त वर्ष 2022-23 में आर्थिक वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रही। इससे पिछले वित्त वर्ष 2021-22 में यह 9.1 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने फरवरी में जारी दूसरे अग्रिम अनुमान में देश की वृद्धि दर सात प्रतिशत रहने की संभावना जताई थी।

सकल घरेलू उत्पाद देश की सीमा के भीतर उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य को बताता है। एनएसओ के आंकड़ों के अनुसार, 2022-23 में वास्तविक जीडीपी यानी स्थिर मूल्य पर जीडीपी 160.06 लाख करोड़ रुपए पहुंच जाने का अनुमान है जबकि 2021-22 के लिए पहले संशोधित अनुमान में यह 149.26 लाख करोड़ रुपए था। बयान के अनुसार, वास्तविक (स्थिर मूल्य पर) जीडीपी वृद्धि दर 2022-23 में 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है जो 2021-22 में 9.1 प्रतिशत था। वहीं मौजूदा कीमतों पर जीडीपी बीते वित्त वर्ष में 272.41 लाख करोड़ रुपए (3,300 अरब डॉलर) रहने का अनुमान है जो 2021-22 में 234.71 लाख करोड़ रुपए (2,800 अरब डॉलर) था।

### एक दशक से कम समय में बदला भारत: रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत बदल गया है और आज विश्व व्यवस्था में एक स्थान हासिल करने की ओर है। अमेरिकी ब्रोकरेज कंपनी की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। रिपोर्ट में कहा है कि आज भारत एशिया और वैश्विक वृद्धि में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने को तैयार है। रिपोर्ट कहती है कि भारत को लेकर संदेह, विशेषरूप से विदेशी निवेशकों के मामले में, 2014 के बाद से हुए उल्लेखनीय बदलावों को नजरअंदाज करने जैसा है। रिपोर्ट में इन आलोचनाओं को खारिज किया गया है कि दुनिया की दूसरी सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था होने और पिछले 25 साल के दौरान सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाले शेयर बाजार के बावजूद भारत अपनी क्षमता के अनुरूप नतीजे नहीं दे सका है।

# आपराधिक छवि के ठेकेदारों को न मिले सिंचाई विभाग का काम

## मुख्यमंत्री के अफसरों को सख्त निर्देश, 15 जून तक पूरी कर लें बाढ़ प्रबंधन की तैयारियां

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि यह अत्यंत आवश्यक है कि अपराधी व माफिया प्रवृत्ति, यहां तक खराब छवि के लोग सिंचाई विभाग की परियोजनाओं की ठेकेदारी में कतई प्रवेश न करने पाएं। ठेकेदार तय करते समय सूक्ष्मता से इसकी पड़ताल कर इसे सुनिश्चित किया जाना चाहिए। यदि ऐसा हुआ और उसमें किसी शासकीय अधिकारी, कर्मचारी की संलिप्तता मिली तो उसके खिलाफ भी मिलीभगत का दोषी मानकर कार्रवाई की जाएगी।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को शासन के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक कर बाढ़ प्रबंधन की समीक्षा के दौरान कहा कि अतिसंवेदनशील और संवेदनशील प्रकृति वाले जिलों में जिलाधिकारी, क्षेत्रीय सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, महापौर, नगरीय निकाय के चेयरमैन की उपस्थिति में बाढ़ पूर्व हो रही तैयारियों की समीक्षा करें। यह कार्य जून के पहले सप्ताह में कर लिया जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को 15 जून तक बाढ़ प्रबंधन की तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी जिलों को एलर्ट मोड में रहने के लिए निर्देशित किया है। इस बैठक में अतिसंवेदनशील और संवेदनशील जिलों के जिलाधिकारी भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए और अपनी तैयारी के बारे में मुख्यमंत्री को अवगत कराया। उन्होंने कहा 6 वर्षों में किए गए सुनियोजित प्रयासों के अच्छे परिणाम मिले हैं। 2017-18 से अब तक 982 बाढ़ परियोजनाएं पूरी की गईं। इसमें 282 परियोजनाएं अकेले वर्ष 2022-23 में पूरी की गई हैं। वर्तमान में 265 नई परियोजनाएं, 7 ड्रेजिंग संबंधी परियोजना और पूर्व से संचालित 140 परियोजनाओं सहित कुल 412 परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। यह सुखद है कि इनका 50 फीसद कार्य पूरा हो गया है। बचे हुए कार्य को तय समय के भीतर पूरा करा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अति संवेदनशील और संवेदनशील क्षेत्रों में बाढ़ की आपात स्थिति के लिए पर्याप्त रिजर्व स्टॉक का एकत्रीकरण कर लिया जाए। इन स्थलों पर पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था एवं आवश्यक उपकरणों का भी प्रबन्ध होना चाहिए। सभी 780 बाढ़ सुरक्षा समितियां एक्टिव मोड में रहें। अति संवेदनशील तथा संवेदनशील तटबंधों का जिलाधिकारी स्वयं निरीक्षण कर लें। सभी विभाग आपसी तालमेल के साथ कार्य करें। प्रदेश में बाढ़ से सुरक्षा के लिए विभिन्न नदियों पर 3869 किमी लंबाई वाले 523 तटबंध निर्मित हैं। बाढ़ की आशंका को देखते हुए सभी तटबंधों की सतत निगरानी की जाए। राज्य स्तर और जिला स्तर पर बाढ़ राहत कंट्रोल रूप 24 गुणे 7 एक्टिव मोड में रहें।

बाढ़ के प्रति अतिसंवेदनशील तटबन्धों के मरम्मत कार्य पूरा कर लिए जाएं। हमें बाढ़ के साथ.साथ जलभराव के लिए भी ठोस प्रयास करना होगा। जिलाधिकारी स्वयं जलभराव से बचाव के लिए व्यवस्था की देखरेख करें। प्रत्येक दशा में 30 जून तक नालों आदि की सफाई का कार्य पूर्ण करा ली जाए। बाढ़ की स्थिति पर सतत नजर रखी जाए। नदियों के जलस्तर की सतत मॉनीटरिंग की जाए। प्रभावित जिलों में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ , पीएसी तथा आपदा प्रबंधन टीमें 24 गुणे 7 एक्टिव मोड में रहें। आपदा प्रबंधन मित्र, सिविल डिफेंस के स्वयंसेवकों की आवश्यकतानुसार सहायता ली जानी चाहिए। इन्हें विधिवत प्रशिक्षण भी दिया जाए। नौकाएं, राहत सामग्री आदि के प्रबंध समय से कर लें। बाढ़, अतिवृष्टि से पर प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों में देर न हो। प्रभावित परिवारों को हर जरूरी मदद तत्काल उपलब्ध कराई जाए। नौका बड़ी हो। छोटी नौका, डोंगी का प्रयोग कतई न हो। नौका पर सवार सभी लोग लाइफ जैकेट जरूर पहने हुए हों।

# 80 लोकसभा व 403 विधानसभा क्षेत्रों में कार्यक्रमों का आयोजन करेगी भाजपा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने 9 वर्ष का सफलतम कार्यकाल पूर्ण किया है। उन्होंने पार्टी द्वारा शुरू किये गए महासम्पर्क अभियान के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि पार्टी महा.जनसंपर्क अभियान के तहत गांव स्तर तक केन्द्र सरकार की उपलब्धियों को आम जनमानस से अवगत कराने का काम करेगी।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने बताया कि महा.जनसंपर्क अभियान में विभिन्न कार्यक्रम के द्वारा प्रदेश में व्यापक जनसंपर्क, लाभार्थी संपर्क, समाज के विभिन्न वर्गो से संपर्क, वरिष्ठ कार्यकर्ता संपर्क किया जाना है। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत लोकसभा, विधानसभा, शक्ति केन्द्र एवं बूथ स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश के सभी 80 लोकसभा क्षेत्रों एवं 403 विधानसभा क्षेत्रों में कार्यक्रमों का आयोजन पार्टी द्वारा किया जाएगा। उत्तर प्रदेश भाजपा संगठन के सभी 1918 मण्डलों एवं 27634 शक्तिकेन्द्रों तथा 174359 बूथों पर महासम्पर्क अभियान के अन्तर्गत कार्यक्रमों के आयोजन होंगे। महा जनसंपर्क के कार्यक्रमों के आयोजन के लिए संगठनात्मक स्तर पर प्रदेश, क्षेत्र, जिला, मण्डल स्तर तक अभियान समिति बनाई गयी है। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि अभियान के तहत प्रदेश की 80 लोकसभा क्षेत्रों को 21 क्लस्टर में रचना की गयी है। प्रत्येक क्लस्टर में केन्द्रीय मंत्री, केन्द्रीय संगठन के पदाधिकारी, प्रदेश सरकार के मंत्रीगण एवं प्रदेश से वरिष्ठ पदाधिकारियों को दायित्व सौंपकर कार्यक्रमों की रचना की गयी है।

# रेत की जगह एम सैंड को प्रोत्साहित करेगी सरकार, जल्द लाएगी पॉलिसी

● एम सैंड के पॉलिसी ड्राफ्ट को लेकर खनन निदेशालय ने स्टेकहोल्डर्स के साथ की बैठक, फाइनल ड्राफ्ट को कैबिनेट की मंजूरी के बाद किया जाएगा लागू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**तेजी** से शहरीकरण और बड़े पैमाने पर निर्माण गतिविधियों के कारण रेत की मांग में जबरदस्त वृद्धि हुई है। हालांकि रेत की कमी भारत सहित कई देशों को प्रभावित करने वाली समस्या है। इस समस्या को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार मैन्युफैक्चर्ड सैंड (एम सैंड) के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए एम सैंड पॉलिसी लाने जा रही है। पॉलिसी के ड्राफ्ट को लेकर बुधवार को भूविज्ञान एवं खनन निदेशालय में अधिकारियों ने विभिन्न स्टेकहोल्डर्स के साथ गहन चर्चा की। निदेशालय की ओर से इस संबंध में एक प्रस्तुतिकरण भी दिया गया जबकि स्टेकहोल्डर की ओर से भी पॉलिसी पर कई सुझाव दिए गए। स्टेकहोल्डर्स के सुझावों पर विचार विमर्श के बाद फाइनल ड्राफ्ट तैयार किया जाएगा, जिसे कैबिनेट में रखा जाएगा।

बैठक में खनन विभाग की सचिव एवं निदेशक रोशन जैकब ने बताया कि प्रदेश सरकार ने कई राज्यों की नीति का अध्ययन करने के बाद पॉलिसी का ड्राफ्ट तैयार किया है। पूरे देश में रेत की बढ़ी कीमतों में वृद्धि के कारण एम सैंड की मांग में बढ़ोत्तरी हुई है। साथ ही भविष्य में नदियों की रेत के विकल्प के दृष्टिगत भी प्रदेश सरकार पॉलिसी के माध्यम से इसे लागू करना चाहती है। उन्होंने बताया कि नदियों में बालू कम हो गयी है। साथ ही इसके खनन में कई प्रतिबंध भी हैं। निकट भविष्य में हमे रेत मिलना कम हो जाएगी। हमें कर्नाटक और महाराष्ट्र जैसे राज्यों से सीखना होगा जहां 50 से 90 प्रतिशत तक एम सैंड का उपयोग हो रहा है। उन्होंने बताया कि पॉलिसी बनाने का उद्देश्य भविष्य में सैंड की पूर्ति करना है। इसके विनिर्माण में क्वालिटी विशेष महत्व होगा। उन्होंने बताया कि उत्पादित एम सैंड बीआईएस के मानकों के अनुकूल हो। एम सैंड की जो क्वालिटी है वो नार्मल सैंड से ज्यादा है। बहुत सारे संस्थानों ने भी इसकी पुष्टि की है। उत्तर प्रदेश में मौरंग की क्वाालिटी अच्छी नही है। इस बात को हमे भी समझना है और पब्लिक को भी समझना होगा की यह सैंड उससे काफी बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि प्लांट बनाने से लेकर उसके एप्रूवल तक सरकार की ओर से दी जाने वाली रियायतों का ध्यान रखा जाएगा। साथ ही उत्पादन में पर्यावरण के मानकों का भी ध्यान रखा जाना चाहिए। वहीं अपर निदेशक विपिन कुमार जैन के अनुसार एम सैंड कृत्रिम रेत का एक रूप है, जिसे बड़े कठोर पत्थरों, मुख्य रूप से चट्टानों या ग्रेनाइट को बारीक कणों में कुचलकर निर्मित किया जाता है, जिसे बाद में धोया जाता है और बारीक वर्गीकृत किया जाता है। यह व्यापक रूप से निर्माण उद्देश्यों के लिए नदी की रेत के विकल्प के रूप में उपयोग किया जाता है। इसके अतिरिक्त भी बहुत सारे तरीकों से एम सैंड बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हम एम सैंड को इंडस्ट्री स्टेटस दिलाने का प्रयास कर रहे हैं ताकि एमएसएमई के तहत मिलने वाले लाभ दिलाए जा सके। मुख्यमंत्री का भी मानना है कि जितने ज्यादा एमएसएमई होंगे उतनी ज्यादा ग्रोथ होगी। इससे इंडस्ट्री को कैपिटल सब्सिडी से लेकर स्टाम्प ड्यूटी तक के लाभ मिल सकें। पहले 5 वर्षों में इसमें पावर सब्सिडी का भी प्रावधान होगा। इसके अलावा सरकारी कॉन्ट्रैक्ट में 25 प्रतिशत तक एम सैंड के इस्तेमाल को अनिवार्य किया जा सकता है, जिसे बाद में 50 प्रतिशत तक किया जाएगा। विभागीय अधिकारी को इसका नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा, जो पॉलिसी को इम्पलीमेंट करेगा। इसका प्रमोशन भी डिपार्टमेंट किया जाएगा। इंडस्ट्री स्टेटस को लेकर स्टेकहोल्डर्स ने भी अपनी सहमति प्रदान की।

# संतृप्तीकरण अभियान की डीएम प्रतिदिन स्वयं करें समीक्षा

● मुख्य सचिव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सभी मंडलायुक्तों व जिलाधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि प्रदेश में 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना' से पात्र किसानों को लाभान्वित कराने के उद्देश्य से 'ग्राम पंचायत स्तरीय संतृप्तीकरण अभियान' चलाया जा रहा है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए जिलाधिकारी प्रतिदिन स्वयं सघन समीक्षा करें। अभियान का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कराया जाए ताकि अधिक से अधिक इस अभियान का फायदा उठा सकें। कैम्प के लिए जिन कर्मियों की रोस्टर के अनुसार ड्यूटी लगाई गई है, वह अनिवार्य रूप से कैम्प में उपस्थित रहें। शिविर में प्राप्त आवेदनों का शत-प्रतिशत निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। इस कार्य में शिथिलता बरतने वाले कर्मियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। मुख्य सचिव बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से समस्त मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मोबाइल एप से ई-केवाईसी के बारे में भी लोगों को जागरूक किया जाए। बैठक में बताया गया कि कुल निर्धारित 67070 शिविरों के सापेक्ष 32670 शिविरों का आयोजन किया जा चुका है।



'स्वामित्व योजना' की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि सर्वे ऑफ इंडिया से मानचित्र प्राप्त होने के उपरान्त पड़ताल की कार्यवाही अगस्त 2023 तक पूरा कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, अत: सर्वे ऑफ इंडिया से मैंप प्राप्त होने पर पड़ताल की कार्यवाही तेजी से पूर्ण करायी जाए। इसके अलावा सर्वे ऑफ इंडिया से अवशेष नक्शों को प्राप्त करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निरन्तर संवाद बनाये रखा जाए।

बैठक में बताया गया कि 90894 गांवों का ड्रोन सर्वे का कार्य पूर्ण हो चुका है। सर्वे ऑफ इंडिया से प्राप्त 72916 ग्राम के मानचित्र-1 के सापेक्ष 60090 गांवों में स्थानीय पड़ताल के पश्चात मानचित्रों को सर्वे ऑफ इंडिया को वापस किया जा चुका है। 39460 गांवों की 5695109 घरौनियां तैयार हो चुकी हैं। स्वामित्व योजना के समग्र कार्य के अन्तर्गत जनपदों की रैंकिंग में ललितपुर, जालौन, झांसी, मुरादाबाद ने 99 प्रतिशत अंक से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। उन्होंने बताया कि बाल विकास पुष्टाहार विभाग द्वारा 'आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के चयन' की कार्यवाही पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए पोर्टल तैयार कराया गया है। आंगनबाड़ी कार्यकत्री के कुल रिक्त पदों के सापेक्ष 50 प्रतिशत पदों पर भर्ती अपेक्षित अर्हता पूर्ण करने वाली आंगनवाड़ी सहायिकाओं का मेरिट के आधार पर चयन कर भरी जायेंगी। अवशेष 50 प्रतिशत सीधी भर्ती के माध्यम से भरी जायेंगी। डाक्यूमेंट वेरीफि केशन सहित पूरा प्रोसेस ऑनलाइन है। आंगनवाड़ी सहायिकाओं से पदों को भरने के लिए 45 से 60 दिनों में चयन की कार्यवाही पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अत: सभी जनपदों में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय चयन समिति का गठन समय से करा लिया जाए। आरक्षण के साथ रिक्तियों का विवरण पोर्टल पर अपडेट करा दिया जाए। आवेदन भरने में लोगों को असुविधा न होए इसके लिये कॉमन सर्विस सेण्टर के कर्मियों की ऑनलाइन ट्रेनिंग करा दी जाए।

बैठक में अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी, आयुक्त ग्राम्य विकास गौरी शंकर प्रियदर्शी, विशेष सचिव उद्यान योगेश कुमार, निदेशक बाल विकास एवं पुष्टाहार सरनीत कौर ब्रोका, निदेशक पंचायती राज प्रमोद कुमार उपाध्याय सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मैंने अपना नाम सदका फातिमा से सादिका फात्मा, पत्नी मोहम्मद फुरकान रख लिया है, भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचान जाए, निवास – 39/55 मैदा बाजार, मूलगंज, कानपुर नगर–208001

सूचना

मैं त्रिबेनी सिंह Tribeni Singh फौज नंबर 415 6919H रैंक S E P धर्म और ईमान से बयान करता हूँ कि मेरी पत्नी का सही नाम जिऊती देवी Jiooti Devi, जन्म तिथि–01,01,1955 है, पता ग्राम तोडरपुर, पोस्ट – मनियां मिर्जाबाद, जिला– गाजीपुर उत्तर प्रदेश, पिन नंबर– 233231

सूचना

मैं हरिश्चंद्र भिकु पवार, घमाणे महाराष्ट्र, का हूँ। मेरे पुत्र का नाम गलती से निरजन हरिश्चंद्र पवार (Niranjan Nirajan Harishchandra pawar एफिडेविट नंबर–7051, दिनांक 12 अक्टूबर 2022 में, जबकि सही नाम निरंजन हरिश्चंद्र पवार (Niranjan Harishchandra pawar) हैं।

सूचना

मैं हरिश्चंद्र भिकु पवार ,घमाणे महाराष्ट्र, का हूँ। मेरी पुत्री का रित्तुजा हरीशचंद्र पवार (Rituja Harishchandra pawar) नाम गलती से एफिडेविट नंबर–7051, दिनांक 12 अक्टूबर 2022 में हो गया, जबकि सही नाम ऋतुजा हरीशचंद्र पवार (Rutuja Harishchandra pawar) हैं।

सूचना

सूच्य हो कि मेरा भाई उत्तम आपराधिक प्रवत्ति का है और उसका चाल–चलन भी ठीक नहीं है इसलिए मैंने उससे सम्बंध विच्छेद कर लिया है। अब से उसके किसी भी कृत्य व लेन–देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा। राहुल कुमार पुत्र छेदीलाल निवासी–ग्राम महमूदपुर, थाना कोतवाली देहात, तहसील व जिला–सीतापुर

# मथुरा में 54.9 करोड़ लागत की 18 परियोजनाओं का होगा शीघ्र लोकार्पण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मथुरा** में पर्यटन विकास के लिए क्रियान्वित की जा रही 54.09 करोड़ रूपये लागत की विभिन्न 18 परियोजनायें लोकार्पण के लिए तैयार हैं। निकट भविष्य में इन परियोजनाओं को आम जनता के लिए समर्पित किया जायेगा। ये सभी परियोजनायें मथुरा, बृन्दावन विकास प्राधिकरण मथुरा तथा सी. एण्ड डीएस जल निगम नगरीय द्वारा कार्यदायी संस्था के रूप में पूरी की गयी हैं। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि गोवर्धन में बड़ी परिक्रमा मार्ग पर श्रद्धालुओं को सुविधा एवं सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरा एवं पीए साउण्ड सिस्टम एवं ट्रेवलिंग कार्य किये जाने का कार्य 207.50 लाख रूपये की लागत से पूरा कराया गया है। इसी प्रकार गिरिराज जी गोवर्धन परिक्रमा मार्ग पर पेयजल आदि के लिए 734.15 लाख रूपये, गोवर्धन स्थित भरना खुर्द सूर्यकुण्ड के जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य 494.24 लाख रूपये व्यय करके पूरा करा लिया गया है। जयवीर सिंह ने बताया कि कृष्ण जन्मभूमि के गेट नं. 03 पर गोविन्द नगर थाने तक जाने वाली सड़क का सौन्दर्यीकरण का कार्य 342.40 लाख रूपये, वृन्दावन छठकरा मार्ग पर एनएच.2 से रूक्मणी विहार तक ग्रीन बेल्ट के उद्यानीकरण का कार्य 154.95 लाख रूपये, गोवर्धन क्षेत्र में राधाकुण्ड स्थित राही पर्यटक आवास गृह का जीर्णोद्धार 348.67 लाख रूपये, बरसाना स्थित राधारानी मंदिर का विद्युतीकरण का कार्य 631.62 लाख रूपये तथा गोवर्धन में गांठौली स्थित गुलाल कुण्ड के सौन्दर्यीकरण का कार्य 82.63 लाख रूपये व्यय करके पूरा कराया गया है। जनपद मथुरा में वृन्दावन परिक्रमा मार्ग का इण्टरलॉकिंग एवं टाइल्स का कार्य 79.66 लाख, महावन के चौरासी खम्भा के पहुंच मार्ग आदि का कार्य 125.07 लाख गोकुल स्थित होली चबूतरा के सामने के विभिन्न कार्य 130.12 लाख उप्र ब्रजतीर्थ विकास परिषद कार्यालय के विभिन्न कार्य 860.28 लाख रूपये, चिन्ताहरण घाट पर श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न सुविधाओं का कार्य 100.56 लाख रूपये, नन्दगांव में ललिता कुण्ड का विकास कार्य 191.80 लाख रूपये, कुम्भ क्षेत्र में केसी घाट से कुम्भ द्वार तक फेन्सिंग का कार्य 110.18 लाख रूपये की धनराशि से पूरा कराया गया है।

# यूपी से अब तक 16999 हज यात्री सऊदी अरब के लिए रवाना

**लखनऊ।** राज्य हज समिति के सचिव एवं कार्यपालक अधिकारी एसपी तिवारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के अब तक कुल 16999 हज यात्री सऊदी अरब के लिए प्रस्थान कर चुके हैं जबकि दिल्ली से 9675 यात्री हज के लिए रवाना हुए हैं। एसपी तिवारी ने बातया कि हज 2023 के लिए लखनऊ उड़ान स्थल से तेइसवीं उड़ान 31 मई को 296 हज यात्रियों को लेकर अपने निर्धारित समय प्रात: 08:20 बजे चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से रवाना हो गयी। इस उड़ान से 160 पुरुष व 136 महिलाएं रवाना हुए। सबसे अधिक बदायूँ ज़िले के 108, जालौन के 97 व हमीरपुर ज़िले के 72 हज यात्री गये हैं।

उन्होंने बताया कि चौबीसवीं उड़ान 31 मई को 284 हज यात्रियों को लेकर सकुशल रवाना हो गयी। इस उड़ान से 155 पुरुष व 127 महिलाएं रवाना हुए। सबसे अधिक झांसी ज़िले के 102, लखनऊ के 118 व अन्य राज्य मध्यप्रदेश के भोपाल जिले के 02 हज यात्री गये हैं। पच्चीसवीं उड़ान 31 मई को 297 हज यात्रियों को लेकर सकुशल रवाना हो गयी। इस उड़ान से 149 पुरुष व 148 महिलाएं रवाना हुए। सबसे अधिक बरेली 57 व सिद्धार्थनगर के 31 हज यात्री गये हैं। अब तक लखनऊ से 7324 हज यात्री सऊदी अरब के लिए प्रस्थान कर चुके हैं।

# सहकारिता मंत्री ने 34 मृतक आश्रितों को दिया नियुक्ति पत्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सहकारिता** मंत्री जेपीएस राठौर ने बुधवार को पीसीएफ सभागार में पीसीएफ के 34 मृतक आश्रितों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। इस अवसर पर राठौर ने सभी नव नियुक्त कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनायें देते हुए कहा कि सभी लोग मेहनत एवं लगन से कार्य करें तथा किसी को भी शिकायत का मौका न दें। सभी बेहतर से बेहतर कार्य करने का प्रयास करें तथा विभागीय दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी से करें।

सहकारिता मंत्री ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री की स्पष्ट मंशा है कि सभी मृतक आश्रितों को शीघ्र से शीघ्र नौकरी दी जायेए इसी क्रम में आज आप सभी को नियुक्ति पत्र प्रदान किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की 'सहकार से समृद्धि' की संकल्पना को साकार करने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। इसमें सबका सहयोग अत्यंत आवश्यक है। मंत्री राठौर ने बुधवार को पीसीएफके 27 सहयोगी पद तथा 07 कनिष्ठ सहायक पद हेतु नियुक्ति पत्र प्रदान किये। इसके अतिरिक्त वित्तीय वर्ष 2022.23 में प्रदेश के सर्वाधिक व्यवसाय करने वाले 5 कृषक सेवा केन्द्र प्रभारियों को प्रसंशा पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

सम्मानित होने वाले केन्द्र प्रभारियों में मऊरानी कृषक सेवा केन्द्र, झांसी के केन्द्र प्रभारी सुशील कुमार, भटरौली, अलीगढ़ के विनय कुमार, चिरगांव, झांसी के यदुनाथ सिंह, अरौल, कानपुर नगर के जावेद सईद तथा उत्तरीपुरा कृषक सेवा केन्द्रए कानपुर नगर के केन्द्र प्रभारी ओम प्रकाश श्रीवास्तव शामिल हैं। इस अवसर पर पीसीएफके सभापति बाल्मिकि त्रिपाठी ने कहा कि जून 2022 में वार्ड की प्रथम बैठक में ही निर्णय ले लिया गया था कि सभी मृतक आश्रितों को शीघ्र से शीघ्र नियुक्ति पत्र दिये जायेंगे और आज 34 मृतक आश्रितों को नियुक्ति पत्र दिये जा रहे हैं, शेष को भी नियुक्ति पत्र देने की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण की जायेगी।

प्रमुख सचिव सहकारिता बीएल मीणा ने नियुक्ति पत्र पाने वालों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि सभी लोग मेहनत से कार्य करें, अगर किसी भी प्रकार की कोई समस्या हो तो उन्हें अवगत करायें।

इस अवसर पर प्रबंध समिति पीसीएफके सदसय प्रबंध निदेशक, पीसीएफ मासूम अली सरवर, कार्यकारी निदेशक आलोक दीक्षित उपस्थित रहे। पीसीएफ के उपसभापति रमाशंकर जायसवाल ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# विजय कुमार का फील्ड पोस्टिंग में लंबा अनुभव

● लखनऊ सहित सात जिलों में पुलिस कप्तान, तीन रेंज में डीआईजी और चार जोन में रह चुके हैं आईजी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**वर्ष** 1988 बैच के आईपीएस अधिकारी विजय कुमार कुमार का अब तक का कॅरियर बेहद शानदार रहा है। वह लखनऊ सहित सात जिलों में पुलिस कप्तान, तीन मंडलों में डीआईजी और चार जोन में आईजी रह चुके हैं।



मूल रूप से जालौन के रहने वाले विजय कुमार ने सिविल इंजीनियरिंग में बीटेक किया है। उनकी पहली पोस्टिंग शाहजहांपुर में एसपी के तौर पर 18 नवम्बर 1989 को हुई थी। इसके बाद वो गोरखपुर में एसपी के पद पर 2 साल तैनात रहे। अविभाजित यूपी में वो नैनीताल में भी एक साल एडिशनल तैनात रहे। इसके बाद विजय कुमार को बरेली में एसपी सिटी बनाया गया। इन सभी पदों पर तैनाती उनके ट्रेनिंग पीरियड के दौरान रही। पुलिस कप्तान के तौर पर पहली पोस्टिंग विजय कुमार को पहली जनवरी 1994 को पीलीभीत में मिली, हालांकि वो 7 महीने ही इस पद पर रह सके। पुलिस कप्तान के तौर पर उनकी दूसरी तैनाती बांदा में हुई। बांदा के बाद उनकी अगली तैनाती लखनऊ में एसपी सुरक्षा के पद पर रही। इसके बाद उन्होंने महाराजगंज और मुजफ्फ रनगर में पुलिस कप्तान के तौर पर सेवाएं दीं। 1997 से लेकर 2000 तक वह पीएसी और सीबीसीआईडी में तैनात रहे लेकिन 8 जनवरी 2000 को विजय कुमार को गोरखपुर का एसएसपी नियुक्त किया गया। दो साल गोरखपुर, उसके बाद एक साल इलाहाबाद और फिर 2 महीने लखनऊ में वे पुलिस कप्तान रहे। लखनऊ के बाद में फिर से इलाहाबाद के पुलिस कप्तान बनाए गए। पुलिस कप्तान के तौर पर यह उनकी आखिरी तैनाती थी। साल 2003 से 2007 तक वो कुछ खास अहम पदों पर नहीं रहे लेकिन इसी बीच वो डीआईजी रैंक में प्रमोट हो गए, इलाहाबाद में डीआईजी के पद पर उन्हें तैनाती मिली। वो इलाहाबाद, मेरठ और आजमगढ़ में डीआईजी के पद पर तैनात रहे, आईजी रैंक में प्रमोशन होने के बाद वे आजमगढ़, आगरा, कानपुर नगर और गोरखपुर में तैनात रहे। एडीजी पद पर प्रमोशन के बाद वो एडीजी अभियोजन, सुरक्षा, एडीजी ट्रैफिक जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहे। जब वो डीजी रैंक में प्रमोट हुए तो ट्रैफिक, होमगार्ड, सीबीसीआईडी और विजिलेंस में तैनात रहे।

ज्ञान लाइफ केयर लिमिटेड

पंजी. कार्यालय : 7/216 (6) स्वरूप नगर (एल.एल.आर. हॉस्पिटल के सामने), कानपुर, उत्तर प्रदेश–208002

सीआईएन : एल85100यूपी2018पीएलसी110119, मोबाइल : 8808051576 वेबसाइट : https://gianlifecare.org/, ई–मेल : arunguptagpx@gmail.com

31 मार्च, 2023 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु अनंकेक्षित पृथक्कृत और समेकित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण

| विवरण | पृथक्कृत | | | | | समेकित | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | तिमाही समाप्त 31.03.2023 | तिमाही समाप्त 31.12.2022 | तिमाही समाप्त 31.03.2022 | वर्ष समाप्त 31.03.2023 | वर्ष समाप्त 31.03.2022 | तिमाही समाप्त 31.03.2023 | तिमाही समाप्त 31.12.2022 | तिमाही समाप्त 31.03.2022 | वर्ष समाप्त 31.03.2023 | वर्ष समाप्त 31.03.2022 |
| | (अंकेक्षित) | (अनंकेक्षित) | (अंकेक्षित) | | | (अंकेक्षित) | (अंकेक्षित) | (अंकेक्षित) | | |
| कुल आय | 172.86 | 525.51 | 275.18 | 1261.7 | 1643.48 | 172.86 | 525.51 | 275.18 | 1261.7 | 1643.48 |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ (कर और अपवाद मदों से पहले) | -76.92 | 219.55 | -155.2 | 178.65 | 585.3 | -81.76 | 205.04 | -155.54 | 159.31 | 584.96 |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ, कर से पहले (अपवाद मदों के बाद) | -76.92 | 219.55 | -155.2 | 178.65 | 585.3 | -81.76 | 205.04 | -155.54 | 159.31 | 584.96 |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ, कर पश्चात, (अपवाद मदों के बाद) | -90.15 | 188.94 | -116.53 | 125.71 | 437.45 | -94.99 | 174.42 | -116.87 | 106.37 | 437.11 |
| अवधि हेतु कुल समावेशी आय (कर सम्मिलित नहीं) | -87.54 | 188.94 | -116.53 | 128.32 | 437.47 | -97.6 | 174.42 | -116.87 | 108.98 | 437.11 |
| प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रू. 10/– प्रत्येक) | 10341524 | 10341524 | 10341524 | 10341524 | 10341524 | 10341524 | 10341524 | 10341524 | 10341524 | 10341524 |
| संचेय (पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर जैसाकि पूर्व वर्ष के तुलनपत्र में दर्शाया गया है) | - | - | - | 497.21 | 368.88 | - | - | - | 477.5 | 368.53 |
| प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/– प्रत्येक का) (वार्षिककृत नहीं) मूल एवं तनुकृत | -0.87 | 1.83 | -1.13 | 1.22 | 4.23 | -0.92 | 1.69 | -1.13 | 1.03 | 4.23 |

नोट :
1. कम्पनी के उपरोक्त परिणामों का पुनरीक्षण कम्पनी की लेखापरीक्षा समिति द्वारा और अनुमोदन निदेशक मंडल द्वारा उनकी संबंधित बैठकों में 30–05–2023 को किया गया था, जिनकी लेखापरीक्षा कम्पनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा की गई थी।
2. पूर्व अवधि/वर्ष के आंकड़े पुनर्समूहित तथा/अथवा पुनर्व्यवस्थित किए गए हैं, जहां आवश्यक पाया गया है।
3. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के अधीन स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए लेखापरीक्षित तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। तिमाही/वर्षांधतन वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण स्टाक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com पर तथा कम्पनी की वेबसाइट https://gianlifecare.org/ पर उपलब्ध है।

कृते एवं हिते निदेशक मंडल
हस्ता./–
अरूण कुमार गुप्ता
प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 01331593

स्थान : कानपुर
दिनांक : 30–05–2023

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित।
स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# भंडारे से लौट रहा परिवार टक्कर से तबाह, चार की मौत

● पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार स्कार्पियो बरामद

● मुख्यमंत्री ने हादसे पर जताया दुख

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विकासनगर** गुलाचीन मंदिर के पास मंगलवार रात करीब दो बजे हुए दर्दनाक हादसे में टेंट हाउस मैनेजर राम सिंह, उनकी पत्नी और दो बेटों की मौत हो गई। वह लोग अलीगंज हनुमान मंदिर में दर्शन करने के बाद मेला घूम कर घर लौट रहे थे। हादसे को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा दुख व्यक्त किया। ट्वीट कर मुख्यमंत्री कार्यालय ने कहा कि मुख्यमंत्री ने मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उनके परिजनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की।

सीतापुर तंबौर थाना गांव निवासी राम सिंह 32 पत्नी ज्ञानदेवी 30 बेटे राज 12 और अंश 7 के साथ विकासनगर सेक्टर एक में किराए के मकान में रहते थे। बड़े मंगल पर अलीगंज हनुमान पर भण्डारे का आयोजन था। जिसमें राम सिंह का परिवार भी शामिल हुआ। मंदिर में दर्शन करने के बाद चारों लोग मेला घूमते रहे। रात अधिक होने पर घर जाने के लिए राम सिंह ने मालिक वीरू साहू से स्कूटर मांगी। रात करीब पौने दो बजे के करीब वह घर के लिए चल दिए। करीब दो बजे गुलाचीन मंदिर के पास पहुंच कर राम सिंह ने स्कूटर घर की तरफ मोड़ी। तभी टेढ़ीपुलिया की तरफ से आ रही तेज रफ्तार स्कार्पियो ने स्कूटर में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से कार में स्कूटी फंस गई। इसके बाद भी प्रापर्टी डीलर ने रफ्तार कम नहीं की। करीब 100 मीटर तक परिवार को घसीटता रहा। कार डिवाइडर से टकरा कर रुक गई। राहगीरों ने ड्राइवर को मौके पर दबोच कर पीट दिया। पुलिस ने प्रापर्टी डीलर को गिरफ्तार करते हुए उसके खिलाफ गैर इरादतन हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को वारदात के स्पॉट से एक सीसीटीवी भी मिला है। इसमें स्कॉर्पियो के नीचे से भयानक चिंगारी निकल रही है।

## कैंसर के 60 फीसद मरीज देरी से अस्पताल आ रहे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**किंग** जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के रेडियोथेरेपी विभाग के अध्यक्ष डॉ. एमएलबी भट्ट का कहना है कि हर साल यूपी में करीब 80 हजार लोग कैंसर की जद में आ रहे हैं। जबकि दो से ढाई लाख कैंसर पीड़ित पुराने होते हैं। कुल मिलाकर एक वक्त में साढ़े तीन से चार लाख कैंसर मरीज होते हैं।

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में उन्होंने कहा कि कैंसर का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। यूपी में हर साल कैंसर से 50 हजार से ज्यादा मौत हो रही है। 50 से 60 फीसदी मरीज देरी से अस्पताल आ रहे हैं। ऐसे में इलाज कठिन हो जाता है। उन्होंने बताया कि करीब 70 फीसदी कैंसर जीभ, मुंह, गल, अमाशय, फेफड़े, खाने व सांस की नली के होते हैं। इनमें 80 फीसदी मरीज तम्बाकू व सिगरेट के होते हैं। करीब 10 प्रतिशत परोक्ष रूप से धूम्रपान करने वालों के संपर्क में होते हैं। जिससे उन्हें घातक बीमारी मिलती है।

# अर्जुनगंज के समीप मरी माता मंदिर के निकट बनेगा चार लेन एलिवेटेड फ्लाईओवर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** सरकार ने लखनऊ में अर्जुनगंज के समीप मरी माता मंदिर के निकट चार लेन एलिवेटेड फ्लाईओवर एवं अंडरपास को बनाए जाने का निर्णय लिया है। लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने यह जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा अर्जुनगंज के समीप मरी माता मंदिर के निकट चार लेन एलिवेटेड फ्लाईओवर को बनाए जाने की कार्य योजना को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

लोक निर्माण मंत्री ने बताया कि जनपद लखनऊ में लखनऊ सुल्तानपुर मार्ग पुराना राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 56 के किमी 10 में अर्जुनगंज के समीप मरी माता मंदिर के निकट चार लेन एलिवेटेड फ्लाईओवर, पहुंच मार्ग सुरक्षात्मक कार्य एवं अंडरपास के कार्य हेतु कुल 193.05 करोड़ रुपए के बजट का खर्च आएगा। इस चार लेन एलिवेटेड फ्लाईओवर एवं अंडरपास की कुल लंबाई करीब 2.670 किमी होगी। उल्लेखनीय है कि मरी माता मंदिर के पास सड़क संकरी होने से यहां आए दिन ट्रैफिक जाम होता है। एलिवेटेड रोड बन जाने से अर्जुनगंज से शहीद पथ तक आने जाने में काफी आसानी होगी। इस एलिवेटेड फ्लाईओवर के निर्माण कार्य के पूर्ण होने के बाद लोगों को आवागमन में काफी आसानी होगी।

इस मार्ग का उपयोग शहीदपथ से होते हुए एयरपोर्ट को आने वाले अति विशिष्ट जनप्रतिनिधियों द्वारा भी किया जाता है, जिससे उक्त स्थल पर फ्लाईओवर एवं अंडरपास का निर्माण किया जाना अति आवश्यक है।

## बुजुर्ग से दुर्व्यवहार पर क्लर्क के खिलाफ की हुई कार्रवाई

**लखनऊ।** सम्भागीय परिवहन कार्यालय लखनऊ के वरिष्ठ सहायक पवन कुमार त्रिपाठी को 62 वर्षीय बुजुर्ग से अभद्र व्यवहार करने एवं थप्पड़ मारने के आरोप में कार्रवाई करते हुए तत्काल प्रभाव से परिवहन आयुक्त कार्यालय मुख्यालय से सम्बद्ध कर दिया गया है। परिवहन मंत्री को सोशल मीडिया के माध्यम से इस घटना के सम्बंध में जानकारी मिली। उन्होंने इस प्रकरण को गम्भीरता से लिया। उन्होंने कहा कि ऐसे घटनाक्रम से विभाग की छवि धूमिल हुई है। यह कृत्य अत्यन्त गम्भीर प्रकृति का है। ऐसे घटनाओं एवं क्रियाकलापों को किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा और सम्बंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने वरिष्ठ सहायक के खिलाफ जांच करने एवं कार्यवाही करने के निर्देश दिये। परिवहन मंत्री के निर्देशों के क्रम में अपर परिवहन आयुक्त प्रशासन ने इस प्रकरण की प्रारम्भिक जांच हेतु श्वेता वर्मा सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी को जांच अधिकारी नामित किया है और 6 जून 2023 तक जांच आख्या मुख्यालय को प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

# नई शिक्षा नीति से संवरेगा देशः योगेन्द्र उपाध्याय

● लखनऊ उत्तर क्षेत्र के 600 से अधिक मेधावी सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**माता,** पिता और गुरु को हमारी संस्कृति में देवतुल्य माना गया है। ये तीन ही ऐसे रिश्ते हैं, जिनमें कहीं भी स्वार्थ निहित नहीं होता। ये तीनों ही हमारे आगे निकलने की सतत कामना करते हैं और सदैव प्रयत्नशील भी रहते हैं। यह बातें हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा.2023 में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र.छात्राओं के सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने अपने उद्बोधन में व्यक्त की।

बुधवार को सेवा अस्पताल कैम्पस में बोरा इंस्टीट्यूट ऑफ एलाइड हेल्थ साइंसेज स्थित सुशीला देवी सभागार में लखनऊ उत्तर विधानसभा क्षेत्र के लगभग 600 मेधावियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने छात्र.छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके माता.पिता और शिक्षकों का अभिवादन किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हाईस्कूल, इंटरमीडिएट एवं अन्य परीक्षाओं में अधिक अंक प्राप्त करने में तीन फैक्टर काम करते हैं। छात्र.छात्रा स्वयं, दूसरा विद्यालय का शिक्षक एवं तीसरा अभिभावक। ये तीनों जब मिलकर काम करते हैं, तब आप इतने बड़े लक्ष्य को हासिल करते हैं। इसलिए हमें तीनों का जीवन भर कृतज्ञ होना चाहिए। उपाध्याय ने कहा कि जब पूरा विश्व कोरोना जैसी भयंकर महामारी से जूझ रहा था उस बीच देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नयी शिक्षा नीति के माध्यम से छात्र.छात्राओं को रोजगार के साथ ही तकनीकि एवं संस्कार से जोड़ने का काम किया। नई शिक्षा नीति के माध्यम से शिक्षा से हमारे गौरवशाली अतीत को धरोहर के रुप में जोड़ने के साथ ही तकनीकि के साथ भी जोड़ने का काम किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार ने विद्यार्थियों को मोबाइल और टैबलेट देने का काम किया जिसमें पूरी दुनिया है, पूरी शिक्षा है। कार्यक्रम संयोजक व क्षेत्रीय विधायक डा. नीरज बोरा ने प्रेरणात्मक उद्बोधन के साथ छात्र.छात्राओं को आशीर्वाद दिया और उनके उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की। इस दौरान बोरा इंस्टीट्यूट ऑफ एलाइड हेल्थ साइंसेज की निदेशक बिन्दू बोरा, प्राचार्या डॉ शीला तिवारी तथा वत्सल बोरा सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रबंधक, प्रधानाचाय, शिक्षकगण व अभिभावक मौजूद रहे।

## बीटेक/एमसीए 60 फीसद अंकों के साथ पास छात्रों को सीधे मिलेगा पीएचडी में दाखिला

● महिला शोधार्थियों को एक बार मिलेगा 240 दिन का मातृत्व अवकाश, एकेटीयू में पीएचडी आर्डीनेंस में संशोधन की तैयारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पीएचडी** में प्रवेश को लेकर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के पीएचडी आर्डीनेंस में संशोधन की तैयारी है। संशोधन के बाद बीटेक/एमसीए 60 फीसद अंकों के साथ पास छात्रों को सीधे पीएचडी में दाखिला मिलेगा। बशर्ते छात्र ने यूजी भी 60 फीसद अंक के साथ पास किया हो। वहीं गेट व सीयूईटी से एमटेक में दाखिला पाये छात्रों को भी विवि पीएचडी में सीधे प्रवेश देने की तैयारी है।

पीएचडी आर्डीनेंस में संशोधन का प्रस्ताव आगामी तीन जून को प्रस्तावित एकेडमिक काउंसिल की बैठक में ले जाया जायेगा। जहां से अनुमोदन मिलने के बाद इसे प्रभावी बना दिया जायेगा। संशोधन को लेकर विवि के प्रतिकुलपति प्रो. मनीष गौड़ ने बताया कि एक वर्ष निर्धारित कोर्स वर्क पूरा करने के उपरांत निर्धारित ग्रेड प्राप्त करने पर पीएचडी में माइग्रेट करने का अवसर प्रदान किया जायेगा अन्यथा कीकि स्थिति में एमटेक निर्धारित आर्डिनेंस के अनुसार चलता रहेगा। वहीं पीएचडी में माइग्रेट करने पर पीएचडी आर्डिनेंस की प्रभावी व्यवस्था लागू रहेगी। जबकि सहायक प्रोफेसर एवं सह प्रोफेसर स्तर पर अधिकतम पीएचडी रजिस्टर्ड छात्रों की संख्या बढ़ाकर क्रमशः 4 और 6 किया जाने का प्रस्ताव है। इसके अलावा लगातार तीन आरडीसी बैठको में अनुपस्थित अथवा असंतोषजनक प्रगति वाले शोधर्थियों का पंजीकरण रद्द किया जायेगा। प्रत्येक शैक्षिक वर्ष में पीएचडी छात्रों को भी रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। महिला शोधार्थियों को 240 दिनों का मातृत्व अवकाश एक बार में देय होगा।

## निजी कंपनी का 49 लाख रुपए लेकर फरार नौकर गिरफ्तार

● एचडीएफसी बैंक जमा करने के लिए निकला था और हो गया था फरार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एक** निजी कंपनी का जमा करने के लिए मिले 49 लाख रुपये को कंपनी में काम करने वाले कर्मचारी ने हड़प लिये और फरार हो गया। कंपनी के मालिक की तरफ से सरोजनीनगर थाने में दर्ज मुकदमे के आधार पर स्थानीय पुलिस व डीसीपी साउथ की सर्विलांस टीम ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से चोरी की हुई पूरी रकम बरामद हुई है। जानकारी के अनुसार डीसीपी साउथ ने बताया कि जी कुमार इलेक्ट्रो प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मालिक पर्व भुगरा निवासी हजरतगंज ने सरोजनीनगर पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा लिखवाया कि उनकी कंपनी में पांच वर्ष से कार्यरत उनका ड्राइवर देवा रोड चिनहट निवासी राहुल शुक्ला सरोजनीनगर स्थित कंपनी का करीब 49 लाख पचास हजार रुपया हजरतगंज स्थित एचडीएफसी बैंक जमा करने के लिए गया था, जो लेकर भाग गया है।

पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल डीसीपी साउथ की सर्विलांस टीम की मदद से जांच शुरू की और आरोपी की गिरफतारी के लिए प्रयास करना शुरू किया। बताया जा रहा है कि इसी दौरान सर्विलांस टीम के माध्यम से पुलिस को सूचना मिली कि शातिर इलाके में मौजूद है। सरोजनीनगर पुलिस ने ततकाल मौके पर पहुंचकर आरोपी को दबोच लिया और उसके कब्जे से चोरी किया हुआ 49 लाख पचास हजार बरामद कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि कंपनी के मालिक का करोड़ो टर्न ओवर था मैने सोचा काली कमाई है अगर लेकर भाग लूंगा तो कुछ नहीं होगा। पुलिस ने आरोपी को जेल रवाना कर दिया है।

### भंडारे से मोबाइल चोरी करने वाला गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी की हजरतगंज पुलिस ने शातिर मोबाइल चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किये हुए पांच मोबाइल फोन बरामद किये हैं। जानकारी के अनुसार डीसीपी मध्य के निर्देशन में अपराध एंव अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत इलाके में हो रही मोबाइल चोरी की घटना को देखते हुए पुलिस की एक टीम गठित कर आरोपी की गिरफतारी के लिए लगाया गया था। पुलिस टीम शातिर को पकड़ने के लिए प्रयास कर रही थी तभी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि मोबाइल चोरी करने वाला शातिर इलाके में मौजूद है और उन्हें बेचने के फिराक में है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भरोसा किया और तत्काल मौके पर पहुंचकर आरोपी को दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम हसनगंज निवासी मोनू गिहार बताया। पुलिस का कहना है कि आरोपी भीड़ भाड़ व भंडारे से मोबाइल चोरी करता था। जिसके कब्जे से पांच मोबाइल बरामद हुए हैं।

### बीटेक के छात्र ने हास्टल में फांसी लगाकर दी जान

**लखनऊ।** राजधानी के बीकेटी इलाके में बीटेक के एक छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। जिससे मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी। जानकारी के अनुसार मूल रुप से जौनपुर निवासी सिद्धार्थ मिश्रा हास्टल बीकेटी में रहता था और इलाके में स्थित बीएनसीईटी कालेज में बीटेक की पढ़ाई कर रहा था। बताया जा रहा है कि हास्टल के कमरे में लगे पंखे से बेड सीट द्वारा फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी होने पर हास्ल मैनेजमेंट उसे लेकर पास के अस्पताल पहुंचा जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और घर वालों को सूचित कर दिया है।

# लारी में नर्सिंग स्टाफ से मारपीट करने वाला वार्ड ब्वॉय बर्खास्त

● फर्म पर लगा दस हजार का जुर्माना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**किंग** जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के लारी कॉर्डियोलॉजी विभाग में नर्सिंग स्टाफ से मारपीट करने के आरोप में एक वार्ड ब्वॉय को बर्खास्त कर दिया गया है। साथ ही आउटसोर्सिंग के जरिए तैनाती देने वाली फर्म पर भी दस हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। वहीं नर्सिंग स्टाफ की शिकायत पर पुलिस ने वार्ड ब्वॉय के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

घटना मंगलवार रात की है। स्टाफ नर्स प्रियंका चौधरी वार्ड में ड्यूटी कर रही थीं। इसी दौरान डॉक्टर श्वार्ड ब्वॉय राजन से कहा कि नर्स से मरीज के रक्त नमूना लेने को कहा। आरोप है कि वार्ड ब्वॉय ने ड्यूटी पर मौजूद दूसरी नर्स से गलत अंदाज में मरीज का रक्त नमूना लेने की बात कही। उसके लहजे पर नर्स प्रियंका ने ऐतराज जाहिर किया तो दोनों में कहासुनी शुरू हो गई। नर्स का आरोप है कि पहले वार्ड ब्वॉय ने कंधे पर हाथ मारा। विरोध करने पर हाथ मरोड़ दिया। फिर कई थप्पड़ गाल पर मारे। परिसर में नर्स की पिटाई से वार्ड में तैनात अन्य साथियों ने नाराजगी जाहिर की। डॉक्टर व विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी। आरोप है कि शिकायत के बाद कोई भी कोई सुनवाई नहीं हुई। जिसके बाद पीड़िता ने पूरे मामले की लिखित शिकायत विभागाध्यक्ष और कुलसचिव से की है। पत्र में कहा कि वार्ड ब्वॉय ने उससे बदतमीजी और अश्लील कमेंट किया। जान से मारने धमकी भी दी है। घटना सीसीटीवी में रिकॉर्ड है। वहीं विवि के प्रवक्ता डॉ. सुधीर सिंह का कहना है कि मामला गंभीर है। इसकी जांच कराई जा रही है। कमेटी गठित कर दी गई है। सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित कराने के निर्देश दिए गए हैं। आरोपित वार्ड ब्वॉय की सेवा खत्म कर दी गई हैं। सेवा प्रदाता कंपनी पर जुर्माना लगाया गया है।

# जज के रीडर समेत चार के खातों से उड़ाये लाखों रुपए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**साइबर** जालसाजों ने चार लोगों को 10-74 लाख रुपये की चपत लगा दी। ठगी का शिकार हुए लोगों ने सुशांत गोल्फ सिटी वजीरगंज और कृष्णानगर थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच कर रही है।

सुशांत गोल्फ सिटी के डिप्टीगंज हरिहरपुर इलाके में लक्ष्मीकांत त्रिपाठी रहते हैं। उनके अनुसार चंद रोज पहले उनके पास टेलीग्राम एप पर क्रिप्टो करेंसी में निवेश करने का मेसेज आया। निवेश पर मोटी आमदनी दिलाने की बात कही गई थी। जालसाजों की बात में आकर उन्होंने 574500 रुपये बताए गए खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। रुपये देने के बाद जब उनको कोई मुनाफ नहीं मिला तो उनको ठगी का एहसास हुआ। 29 मई को उन्होंने सुशांत गोल्फ सिटी थाने में केस दर्ज कराया। इसके अलावा स्पेशल जज पीसी एक्ट कोर्ट नंबर 8 में विनोद कुमार पांडेय बतौर रीडर कार्यरत हैं। उनके पास एसबीआई को क्रेडिट कार्ड है। विनोद कुमार के अनुसार उनके पास एक अनजान नंबर से कॉल आई। फोनकर्ता ने एसबीआई अधिकारी बनकर बात की और क्रेडिट कार्ड पर पैनाल्टी लगाने की जानकारी देते हुए एक लिंक भेजा। पीड़ित ने जैसे ही भेजे गए लिंक पर क्लिक किया उनके क्रेडिट कार्ड से 62522 रुपये कट गए। रुपये कटने का मेसेज आने पर उनको ठगी का एहसास हुआ। मंगलवार को उन्होंने वजीरगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। वहीं कृष्णानगर के केसरीखेड़ा इलाके में रहने वाले मनोज कुमार त्रिपाठी से जालसाजों ने ऑनलाइन टास्क पूरा करने का झांसा देकर 3-47 लाख रुपये ऐंठ लिए। इसके अलावा कृष्णानगर के नया सरदारीखेड़ा निवासी बुजुर्ग पुष्पिता देव के एक्सिस बैंक खाते से जालसाजों ने 90901 रुपये निकाल लिए। पीड़िता ने कृष्णानगर थाने में 29 मई को केस दर्ज कराया है।

## हेडमास्टर से असलहे के दम पर जेवर की लूट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अलीगंज** में बुधवार दोपहर प्राथमिक स्कूल से घर लौट रही महिला हेडमास्टर कनीज फातिमा से बाइक सवार बदमाशों ने असलहे के बल पर जेवर लूट लिए। सरेराह वारदात को अंजाम देकर लुटेरों को भागते देख ने बेटे को मोबाइल कर सूचना दी। अलीगंज पुलिस भी मौके पर पहुंची। पड़ताल किए जाने पर घटनास्थल से सीसीटीवी फुटेज मिले। जिनमें महिला के साथ दो युवक बात करते हुए दिखाई पड़े हैं। इस आधार पर पुलिस जांच कर रही है। मदेयगंज खदरा निवासी कनीज फातिमा प्राथमिक विद्यालय त्रिवेणीनगर में हेडमास्टर हैं। उनके अधिवक्ता बेटे मोईन खान ने बताया कि बुधवार दोपहर करीब दो बजे मां स्कूल से लौट रही थी। त्रिवेणीनगर द्वितीय मोड़ के पास पहुंचने पर बाइक सवार बदमाश आ गए। जिन्होंने असलहा तान दिया और गोली मार देने की धमकी देते हुए कनीज फातिमा के जेवर लूट लिए। यह बात कनीज ने बेटे को मोबाइल करके बताई। जिसके बाद मोईन खान साथी अधिवक्ताओं के साथ अलीगंज कोतवाली पहुंचे और मुकदमा दर्ज करने के लिए तहरीर दी। स्कूल से निकलते ही करने लगा पीछा एसीपी अलीगंज आशुतोष कुमार ने बताया कि लूट की सूचना मिलते ही छानबीन शुरू की गई।

# तम्बाकू से 20 प्रकार से अधिक कैंसर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रत्येक** वर्ष की 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी क्रम में बुधवार को को किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के पैरामेडिकल संकाय द्वारा विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया गया। इस अवसर पर डा भूपेंद्र सिंह द्वारा गेस्ट लेक्चर लिया गया। उन्होंने कहा तम्बाकू के सेवन से न केवल हम अपने आप को कठिनाई में डालते है बल्कि अपने परिवार को भी कठिनाई में डालते है।

उन्होंने कहा यदि हम इसका उपभोग करते भी है तो अब इसे कम नहीं बल्कि पूर्ण रूप से समाप्त करना होगा। इसके लिए मजबूत इच्छा शक्ति की आवश्यकता रखनी होगी। तम्बाकू से 20 प्रकार से अधिक प्रकार का कैंसर होता है। समाज को इससे बचाने के लिए हम सब को एक हो के समाज में इसके दुष्परिणामो की जानकारी फैलानी होगी, लोगो को जागरूक करना होगा, तभी हमारा भारत स्वस्थ भारत स्वच्छ भारत एवं सुनहरा भारत बन सकेगा। इस अवसर पर पोस्टर कम्पिटीशन का भी आयोजन किया गया। जिसमे प्रथम पुरुस्कार स्वाति द्वितीय खुशी चौधरी तथा प्रतिमा यादव एवं तृतीय दर्शिका को प्राप्त हुआ। पोस्टर कम्पिटीशन में डा सुधीर द्वारा जज की भूमिका निभाई गयी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डा गीतिका नंदा असि डीन पैरामेडिकल साइंसेज उपस्थित रही। कार्यक्रम का सफल संचालन सोनिया शुक्ला तथा रश्मि वर्मा द्वारा किया गया।

## पुलिस लाइन से पाइप चोरी करने वाले नाबालिग समेत सात गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● कब्जे से चोरी किये हुए नौ पीतल के पाइप बरामद

**राजधानी** की महानगर पुलिस ने पुलिस लाइन से पीतल के पाइप चोरी करने वाले गिरोह के बाल अपचारी समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से नौ अदद पीतल के पाइप बरामद कर जेल रवाना कर दिया है।

जानकारी के अनुसार इंस्पेक्टर महानगर को सूचना मिली कि पुलिस लाइन से चोरी के नौ अदद पीतल के पाइप चोरी हो गये हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद जांच शुरू की और आरोपियों की गिरपतारी के लिए प्रयास शुरू किया। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि पाइप चोरी करने वाला शातिर इलाके में मौजूद है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पहुंचकर घटना में शामिल बाल अपचारी को दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में उसने बताया कि उसे चोरी किये हुए यह पाइप सर्वेश कुमार अब्दुल हसन अहमद रिजवान सुभाष व सतीश कुमार बताया। पुलिस पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वह बेरोजगार हैं और चोरी किये हुए पाइप बेचकर अपना शौक पूरा करते हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से नौ पाइप पीतल के बरामद कर जेल रवाना कर दिया है।

# मलेरिया के मरीजों में आई कमी, जांच में हुआ इजाफा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** में स्वास्थ्य विभाग ने मलेरिया की जांच दर जहां लगभग दोगुनी कर दी है, वहीं इस बीमारी से संक्रमित होने वालों की संख्या एक चौथाई रह गई है। ऐसे में वर्ष 2027 तक मलेरिया के उन्मूलन लक्ष्य को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग पहली जून से लेकर 30 जून के बीच मलेरियारोधी अभियान चलाने का निर्णय लिया है।

निदेशक, संचारी रोग डॉ एके सिंह ने बताया कि मॉनसून एवं मॉनसून के बाद मच्छरों की तादाद अचानक से बढ़ने लगती है। इसी के मद्देनजर हर वर्ष एक से 30 जून तक मलेरियारोधी माह मनाया जाता है। डॉ. विकास सिंघल, संयुक्त निदेशक वीबीडी ने बताया कि वर्ष 2020 में 27,76,349 लोगों की मलेरिया की जांच हुई। वहीं जांच की संख्या दोगुनी बढ़ाते हुए वर्ष 2022 में 83,22,741 लोगों की जांच की गई। इस बीमारी से वर्ष 2020 में 28668 लोग संक्रमित हुए थे जबकि वर्ष 2022 में यह संख्या घटकर 7039 हो गई। वर्ष 2019 में 58,54,414, वर्ष 2021 में 42,45,089 लोगों की मलेरिया की जांच हुई। वर्ष 2019 में कुल 92,732 और वर्ष 2021 में 10792 लोग मलेरिया संक्रमित मिले थे।

**लक्षण-ः**

सिर में तेज दर्द होना, उल्टी होना या जी मचलना, ठंड के साथ ज़ोर कंपकंपी होना और कुछ देर बाद सामान्य हो जाना, कमजोरी और थकान महसूस होना, शरीर में खून की कमी होना, मांसपेशियों में दर्द होना, बुखार उतरते समय पसीना आना

**उपाय -ः**

रुके हुए पानी के स्थानों को मिट्टी से भर दे। गमलों, छत पर पड़े पुराने टायर, प्रयोग में न आने वाली सामग्री में पानी को एकत्र न होने दें, कूलर का पानी जल्दी.जल्दी बदलते रहें, कूलर के पानी में समय.समय पर मिट्टी का तेल डालते रहें। घर के आस.पास जल एकत्रित न होने दें। सोते समय मच्छरदानी, मच्छररोधी क्रायल आदि का प्रयोग करें, पूरी आस्तीन के कपड़े पहने, जिससे शरीर के अधिक से अधिक हिस्से को ढक कर रखा जाए और मच्छरों से बचाव किया जाए। बुखार आने पर स्वयं कोई इलाज न कर आशा दीदी से संपर्क करें या पास के स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच और इलाज कराएं।

### यह होंगी गतिविधियां

**गांवों** में ग्रामीण स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति के माध्यम से रोग से बचाव, उपचार और समय से रोगी का संदर्भन किया जाएगा। साथ ही ज्यादा मच्छर वाले इलाकों की सूची बनाकर दवा का छिड़काव और इलाके व मरीज की सतत निगरानी की जाएगी। हर रविवार, मच्छर पर वार अभियान को और प्रभावशाली बनाया जाएगा। स्वास्थ्य टीम के जरिए जांच की दर और बढ़ाई जाएगी।

# मानव संपदा पोर्टल के सुगम क्रियान्वयन को कार्मिक विभाग में गठित होगा नया अनुभाग

## मुख्यमंत्री ने की मानव संपदा पोर्टल की कार्यप्रणाली की समीक्षा, उपयोगिता बढ़ाने को दिए दिशा-निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में मानव संपदा पोर्टल के क्रियान्वयन की समीक्षा की और इसे प्रभावी ढंग से लागू किये जाने के संबंध में आवश्यक दिशा.निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मानव संपदा पोर्टल के उपयोग से कर्मचारी एनरोलमेंट, स्थानांतरण, नियुक्ति और कार्यमुक्ति, प्रशिक्षण, पेरोल सिस्टम, परफॉर्मेंस मूल्यांकन, सर्विस बुक के प्रबंधन, अवकाश प्रबंधन, एसीआर प्रबंधन का कार्य सहज हुआ है। इससे न केवल शासन की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता बढ़ी है बल्कि कर्मचारियों को आसानी भी हुई है। बढती आवश्यकताओं के दृष्टिगत इसे और प्रभावी बनाये जाने की आवश्यकता है। वर्तमान में 83 विभाग और 14 लाख से अधिक कर्मचारी इस पोर्टल पर ऑनबोर्ड हैं। सभी कार्मिकों की ई.सर्विस बुक भी यथाशीघ्र तैयार कर ली जाए। नियुक्ति पत्र वितरण के तत्काल बाद मानव संपदा पोर्टल के माध्यम से ज्वाइनिंग एवं रिलीविंग माड्यूल का प्रयोग कर कार्यभार प्रमाण पत्र निर्गत किया जाना चाहिए। पोर्टल को वित्त विभाग के डीडीओ पोर्टल से इस प्रकार लिंक किया जाए कि डीडीओ पोर्टल पर वेतन केवल उन्हीं कर्मचारियों का बने जिनका डाटा मानव सम्पदा में सम्बंधित डीडीओ की पोस्टिंग लिस्ट में हो। ससमय, सुरक्षित और पारदर्शी एपीएआर के लिए इस पोर्टल का उपयोग किया जाना चाहिए। वर्ष 2022.23 के लिए एपीएआर प्रक्रिया इसी पोर्टल के माध्यम से पूरी की जाए। वर्ष 2022.23 हेतु विभागों द्वारा प्रतिवेदक,समीक्षक,स्वीकर्ता 30 जून तक नियत कर दिए जाएं। 31 अगस्त 2023 तक कर्मचारी सेल्फ असेसमेंट करे और प्रतिवेदन 30 अक्टूबर तक पूरा हो जाये। 30 नवम्बर तक समीक्षा की प्रक्रिया पूरी करा लें और 31 दिसंबर तक स्वीकृति हो जाये और 15 फरवरी 2024 तक प्रत्यावेदन प्राप्त कर इसका निस्तारण 31 मार्च 2024 तक कर दिया जाए।

मेरिट आधारित स्थानांतरण व्यवस्था के लिए पोर्टल का उपयोग किया जाना उचित होगा। पोर्टल के माध्यम से ही स्थानान्तरण हेतु एलिजबिल्टी सूची तैयार की जाए। स्थानान्तरण हेतु रिक्तिया चिन्हित की जाएं। एलिजबिल कर्मचारियों से स्थानान्तरण हेतु विकल्प लिए जाएं और भारांकानुसार मेरिट आधारित स्थानान्तरण प्रक्रिया एक्जिक्यूट की जाएं। स्थानांतरण में आकांक्षी जनपदों को प्राथमिकता दिया जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि कार्मिक विभाग के अंतर्गत पूर्व से स्थापित प्रशिक्षण समन्वय प्रकोष्ठ के कार्यों के साथ डिजिटल प्रशिक्षण का समन्वय करने तथा मानव सम्पदा पोर्टल एवं ई.अधियाचन सम्बन्धी परियोजनाओं को संचालित करने हेतु कार्मिक विभाग के अंतर्गत एक नए अनुभाग श्कार्मिक अनुभाग- 5 का सृजन किया जाना चाहिए।

## महापौरों, नगर पालिका अध्यक्षों से रूबरू होंगे मुख्यमंत्री आज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्य नाथ ने पहली जून को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यशाला में महापौर और नगर पालिका अध्यक्षों को अपने शहर के विकास के लिए आगामी पांच सालों की कार्ययोजना तैयार कर आने के लिए कहा है। महापौर और नगर पालिका अध्यक्षों को मुख्यमंत्री के सामने यह बताना होगा कि वे अपने शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाने के लिए क्या करेंगे। साथ ही यह बताना होगा कि अपने पहले नगर निगम के सदन और नगर पालिका की बोर्ड की बैठक में एक साल की उनकी क्या कार्ययोजना पेश करेंगे।

इस कार्यशाला में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, नगर विकास मंत्री अरविन्द कुमार शर्मा व राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु समेत कई अन्य अधिकारी मौजूद रहेंगे।

मुख्यमंत्री ने नगर विकास विभाग को निर्देश दिए हैं कि ये महापौर और नगर पालिका अध्यक्ष अपने-अपने शहर के विशिष्ट परंपरागत पेशे की जानकारी लेकर आएंगे। उस पेशे के संवर्द्धन के लिए वे क्या कर सकते हैं, ये उन्हें कार्यशाला में बताना होगा। कार्यशाला में प्रदेश के विभिन्न शहरों की विशिष्टताओं की एक प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी। मसलन मेरठ के नगर निगम ने कबाड़ से जुगाड़ कर स्वचालित चरखा इस प्रदर्शनी के लिए नगर विकास विभाग को सौंपा है। इसे एक जून को आयोजित प्रर्दशनी में रखा जाएगा। इसी तरह अन्य शहरों से भी इसी तरह के विशिष्ट मॉडल प्रदर्शनी में रखे जाएंगे।

**खबर का असर**

## पीडब्ल्यूडी मुख्यालय ने लिया संज्ञान, बाईपास रोड जल्द दुरुस्त कराने के निर्देश

**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**फुलवरिया** बाईपास रोड जगह.जगह धंसने से लोगों का आवागमन बेहद खतरनाक हो गया है। जिसे लेकर पायनियर में प्रकाशित खबर का पीडब्ल्यूडी मुख्यालय ने संज्ञान लिया है। जिसके बाद अधिकारियों ने जल्द रोड दुरुस्त कराने का भरोसा दिया है। मोहनलालगंज की फुलवरिया बाईपास रोड भारी वाहनों के लगातार आवागमन से जगह.जगह धंस गई है। निर्माण सामग्री इकट्ठा होने से रोड में मेड़ बन गई है। लिहाजा आवागमन के दौरान जरा सी चूक लोगों को मौत के मुंह में धकेल सकती है। जिसे लेकर पायनियर में बाईपास धंसा बन रहा दुर्घटना का कारण शीर्षक से छपी खबर का पीडब्ल्यूडी मुख्यालय ने संज्ञान लेकर मातहतों से जवाब.तलब किया। मौके पर जांच के बाद एई ने बाईपास रोड धंसने की समस्या स्वीकार कर जल्द ही रोड का सुधार कराने की रिपोर्ट दी है। हालांकि लोगों का मानना है कि अगर रोड दुरुस्त कराने में बेवजह देर की गई तो कभी भी जानलेवा हादसा घटित हो सकता है।

# दो सदस्यीय पीठ की अनुमति के बिना एकल पीठ के निर्णय को लागू नहीं करेगी सरकार

● **एकल पीठ ने 69 हजार अभ्यर्थियों की नई मेरिट सूची बनाने का दिया है आदेश**

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**सहायक** शिक्षक भर्ती परीक्षा 2019 के संदर्भ में राज्य सरकार ने हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ को आश्वासन दिया है कि वह एकल पीठ के निर्णय की गहन समीक्षा कर रही है और उसके विचारोपरांत जो भी परिणाम निकलता है, उसे पीठ की जानकारी में लाए बिना लागू नहीं किया जाएगा। पीठ ने इस पर मामले की अगली सुनवाई 17 जुलाई को तय करते हुए आदेश दिया है कि सरकार की ओर से आए इस जवाब को एकल पीठ के निर्णय को चुनौती देने वाली सभी अपीलों के सम्बंध में प्रासंगिक माना जाएगा।

जस्टिस राजन रॉय एवं जस्टिस मनीष कुमार की पीठ ने यह आदेश अशोक यादव व अन्य समेत कई अभ्यर्थियों की ओर से दाखिल विशेष अपील पर दिया है। इन अपीलों में एकल पीठ के निर्णय को चुनौती दी गई है। एकल पीठ ने तीन माह में समीक्षा कर 69 हजार अभ्यर्थियों की मेरिट सूची तैयार करने का आदेश दिया था व इसी भर्ती परीक्षा के क्रम में आरक्षित वर्ग के अतिरिक्त 6800 अभ्यर्थियों की पांच जनवरी 2022 की चयन सूची को खारिज कर दिया था। पीठ के समक्ष अपीलों पर सुनवाई के दौरान अपीलार्थियों की ओर से दलील दी गई कि हाईकोर्ट में जून माह में ग्रीष्मकालीन अवकाश रहेगा। इस दौरान राज्य सरकार एकल पीठ के निर्णय के अनुपालन में सूची में संशोधन कर सकती है। ऐसे में उनका का बड़ा नुकसान हो जाएगा। पीठ ने इस पर राज्य सरकार से पूछा था कि क्या वह सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षाए 2019 की जारी चयन सूची में संशोधन करने जा रही है। बीते 29 मई को हुई सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के वकील ने अपर मुख्य सचिवए बेसिक शिक्षा विभाग से मिले निर्देश के आधार पर बताया कि एकल पीठ के निर्णय की गहन समीक्षा की जा रही है। इस पर राय भी ली जा रही है क्योंकि उक्त निर्णय के दूरगामी विधिक प्रभाव होंगे। लिहाजा विचारोपरांत जो भी परिणाम आता है, उसे पीठ की जानकारी में लाए बिना लागू नहीं किया जाएगा।

## आईएएस किंजल सिंह को महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा के पद से हटाने की मांग

● **हाईकोर्ट ने जारी किया नोटिस सरकार से भी मांगा जवाब**

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**आईएएस** किंजल सिंह को महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा व ट्रेनिंग के पद से हटाए जाने की मांग वाली एक जनहित याचिका पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने राज्य सरकार से जवाब मांगा है। पीठ ने इसके साथ ही किंजल सिंह को भी नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई जुलाई माह में होगी। जस्टिस देवेन्द्र कुमार उपाध्याय एवम जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ला की पीठ ने यह आदेश स्थानीय वकील मोतीलाल यादव की जनहित याचिका पर दिया है। याचिका में किंजल सिंह के विरुद्ध अधिकार पृच्छा रिट जारी किए जाने की मांग करते हुए दलील दी गई है कि वह एक आईएएस अधिकारी हैं और उनका महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा के पद पर नियुक्ति नेशनल मेडिकल कमीशन एक्ट रूल्स व रेग्युलेशन्स के विपरीत है। यह नियुक्ति यूपी मेडिकल एजुकेशन सर्विसेज रूल्स के भी अनुरूप नहीं है। कहा गया कि किंजल सिंह ने मेडिकल की कोई शिक्षा भी नहीं ली है लिहाजा वह इस पद पर नियुक्ति पाने की योग्य नहीं हैं। याचिका में हाईकोर्ट के 14 मई 2004 के एक अंतरिम आदेश का भी हवाला दिया गया है। जिसमें हाईकोर्ट ने महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा के पद पर आईएएस की नियुक्ति करने पर रोक लगा रखी है। दलील दी गई कि हाईकोर्ट के स्पष्ट आदेश के बावजूद एक आईएएस अधिकारी को उक्त पद पर नियुक्त किया जाना पूर्णतया विधि विरुद्ध है।

## गैंगस्टर को चार वर्ष की सजा

**लखनऊ ( विसं )।** गैंगेस्टर के एक मामले में दोषी करार दिए गए मुल्जिम बदरे आलम को विशेष अदालत ने चार वर्ष की सजा सुनाई है। अदालत ने इसे उप्र गिरोहबंद और असामाजिक गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की धारा 2/3 में दोषी करार दिया है। गैंगस्टर एक्ट के विशेष जज पुष्कर उपाध्याय ने इस पर पांच हजार का जुर्माना भी लगाया है। वर्ष 2019 में गैंगेस्टर का यह मुकदमा इंस्पेक्टर गऊदीन शुक्ला ने थाना मोहनलालगंज में दर्ज कराया था। विशेष लोक अभियोजक लक्ष्मण प्रसाद दीक्षित के मुताबिक यह मो. शमीम द्वारा संचालित संगठित गिरोह का सक्रिय सदस्य है। यह अपने व अपने गिरोह के साथियों के दुनियावी लाभ के लिए समाज में आतंक व भय का माहौल बनाकर अपराधिक कृत्य करता है। यह नकबजनी व चोरी का सामान बेचने का आदतन अपराधी है। गिरोह की डर की वजह से किसी की हिम्मत इसके बारे में बोलने की नहीं होती है। इसके विरुद्ध आम लोग मुकदमा लिखाने व गवाही देने से डरते हैं।

## हत्यारोपियों को उम्र कैद

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**हत्या** के एक मामले में दोषी करार दिए गए मुल्जिम सर्वेश कुमार मिश्र व हसीन उर्फ समीर को सत्र अदालत ने उम्र कैद की सजा सुनाई है। एडीजे दिनेश पाल यादव ने सर्वेश पर 55 हजार जबकि हसीन पर 50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। सरकारी वकील श्यामेंद्र कुमार शुक्ला के मुताबिक मुल्जिमों ने पुरानी रंजिश में आशीष दीक्षित की बिलोचगढ़ी मॉर्डन तालाब के पास गोली मारकर हत्या कर दी थी। 22 मार्चए 2010 को इस मामले की एफ्आईआर मृतक के पिता जगत बिहारी दीक्षित ने थाना बंथरा में दर्ज कराई थी।

# भाजपा कार्यकर्ता विजय का इतिहास लिखने में पारंगत



● **80 लोकसभा सीटें जीतकर प्रदेश की भाजपा इकाई अपने 2024 के लक्ष्य को पूर्ण करेंगीः भाजपा प्रदेश अध्यक्ष**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी तथा प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह द्वारा बुधवार को विगत कार्यों की समीक्षा तथा आगामी कार्ययोजना के लक्ष्य के साथ लोकसभा प्रवास बैठक संपन्न हुई। राज्य मुख्यालय पर आयोजित बैठक में 14 लोकसभा के लोकसभा प्रभारी, संयोजक, विधानसभा प्रभारी, संयोजक तथा विस्तारक उपस्थित रहे। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने विगत कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की उपलब्धियों को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जन जन तक पहुंचाने के लिए महा जनसंपर्क अभियान प्रारंभ हुआ है। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता अपने अनुशासन, सुसंस्कार तथा परिश्रम से विजय का इतिहास लिखने में पारंगत है। उन्होंने कहा कि विगत दिनों हुए निकाय चुनाव में भाजपा के परिश्रमी कार्यकर्ताओं ने विजय का कीर्तिमान स्थापित किया है। अब फ्रि एक बार महा जनसंपर्क अभियान के माध्यम से हमें गांवए गलीए शहर तक पहुंच कर प्रत्येक व्यक्ति से संपर्क करके केंद्र सरकार की योजनाएं तथा ऐतिहासिक व साहसिक निर्णयो को जनता के दरबार में प्रस्तुत करना है। उन्होंने कहा कि 80 लोकसभा सीटें जीतकर उत्तर प्रदेश की भाजपा इकाई अपने 2024 के लक्ष्य को पूर्ण करेंगी। उन्होंने विस्तारको से संवाद करते हुए कहा कि अपने विधानसभा क्षेत्रो में पहुंचकर संगठनात्मक कार्यों को प्रभावी रूप से संपादित कराने में सहभागी बनें।

## सीवर धंसने से खड़ंजे पर भर रहा गन्दा पानी, ग्रामीण परेशान

**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**दहियर** में घरों के पानी निकासी के लिए डाली गई सीवर लाइन धंसकर क्षतिग्रस्त हो गई है। लिहाजा प्राइमरी स्कूल के निकट मोहल्ले में घरों का पानी खड़ंजे पर भर रहा है। गन्दा पानी भरने से जहां दुर्गन्ध फैलती है, वहीं भीषण गर्मी में बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने प्रधान से समस्या दूर कराने की मांग की है।

मोहनलालगंज के दहियर गांव में प्राइमरी स्कूल के निकट मोहल्ले में घरों की पानी निकासी के लिए रास्ते की खुदाई कर सीवर लाइन डाली गई थी। इसी रास्ते पर मोहल्ले के लोगों के सुलभ आवागमन के लिए खड़ंजा बिछाया गया था। लेकिन सीवर लाइन के निर्माण में खामी की वजह से यह धंसकर चोंक हो गई है। लिहाजा मोहल्ले के घरों का पानी उफनाकर खड़ंजे पर लोगों के दरवाजे भर रहा है। नाली का पानी भरने से सारा दिन दुर्गन्ध से लोगों का जीना मुहाल रहता है। यही नहीं गन्दा पानी जमा रहने से बीमारियां फैलने का संकट बरकरार है।

**क्या कहते हैं अधिकारीः** बीडीओ पूजा सिंह ने बताया मामले की जांच कराकर ग्रामीणों की समस्या का यथासंभव निदान कराया जाएगा।

## छात्रवृत्ति घोटाले में शामिल 71 निजी आईटीआई के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाज** कल्याण विभाग ने छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति में हुए घोटाले के आरोप में मथुरा में 71 निजी आईटीआई के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। इन पर वित्तीय वर्ष 2015-16 से 2019-20 तक निजी आईटीआई संस्थानों में विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति घोटाले की शिकायत मिलने पर जांच कराई गई थी।

विभाग की ओर से गठित जांच समिति ने इन संस्थानों का स्थानीय व ऑनलाइन निरीक्षण किया तो पूरा खेल सामने आ गया। जांच टीम ने शिक्षण संस्थानों द्वारा छात्रवृत्ति के मास्टर डाटाबेस में भरे गये डाटा को लिया गया व उसे नेशनल काउन्सिल फार वोकेशनल ट्रेनिंग नई दिल्ली में जाकर मास्टर डाटा में दर्ज सभी 195 शिक्षण संस्थानों के मान्यता की प्रतियां प्राप्त की। जांच टीम ने इन सभी संस्थानों को पाठ्यक्रमवार स्वीकृत सीटों का भी परीक्षण किया। जिसके बाद जांच समिति ने पाया कि इन संस्थानों ने डुप्लीकेट विद्यार्थियों के साथ.साथ परीक्षा में बैठने वाले विद्यार्थियों व संस्थान में स्वीकृत सीटों से अधिक संख्या में छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति की धनराशि को साजिशपूर्ण तरीके से हड़पने का काम किया है। समाज कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण के मुताबिक इस मामले में शिक्षण संस्थाओं विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों के निलंबन की कार्रवाई करते हुए सदर थाना मथुरा में एफआईआर दर्ज करायी गयी है।

मंत्री असीम अरुण ने बताया कि प्रदेश सरकार की ज़ीरो टॉलरेन्स नीति पर हमारा विभाग काम कर रहा है। इसी कड़ी में समाज कल्याण विभाग के योजना में घोटाला सामने आने पर आरोपी संस्थान और विभागीय अधिकारियों के खिलाफ सख्त क़ानूनी कार्यवाही की जा रही है।

## स्कार्पियो की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, दो साथी गंभीर

**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**सिसेण्डी** इलाके में बुधवार की सुबह बेकाबू स्कार्पियो ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। दर्दनाक हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जबकि उसके दो साथी गंभीर रुप में जख्मी हो गए। जिन्हें ट्रामा सेण्टर रेफर किया गया है। मोहनलालगंज के दाउदपुर निवासी राहुल लोधी बुधवार की सुबह पल्सर बाइक से अपने साथी उन्नाव के महेश खेड़ा निवासी सूरज के साथ घर से लखनऊ मजदूरी करने जा रहा था। रास्ते में सिसेण्डी निवासी अभिषेक से गनियार मोड़ के निकट रुककर बातचीत करने लगे। तभी मोहनलालगंज की ओर से आ रही बेकाबू स्कार्पियो ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही तीनो गंभीर रुप में जख्मी हो गए। सूचना पाकर पहुंची पुलिस तीनों को सीएचसी ले गई। जहां डाक्टर ने राहुल को मृत घोषित कर दिया। जबकि सूरज और अभिषेक को गंभीर हालत में ट्रामा सेण्टर रेफर किया गया है।

## सपा मुख्यालय समेत प्रदेश भर में मनाई गई अहिल्याबाई होल्कर की जयंती

**संवाददाता।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के प्रदेश मुख्यालय समेत प्रदेश के सभी जनपदों में बुधवार को वीरांगना रानी अहिल्याबाई होल्कर की 298वीं जयंती सादगी से मनाई गई। राजधानी में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दयाराम पाल थे और अध्यक्षता पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी ने की। कार्यक्रम का संचालन वीरेन्द्र पाल एडवोकेट ने किया। समाजवादी अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीकृष्ण कन्हैया पाल, समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजपाल कश्यप, विजय पाल एडवोकेट ने वीरांगना अहिल्या बाई होल्कर के जीवन और समाज, राष्ट्र की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अधिवक्तागण मौजूद रहे। सपा प्रवक्ता ने बताया कि सपा मुखिया अखिलेश यादव ने अपने संदेश में कहा है कि रानी अहिल्याबाई होल्कर शिवजी की अनन्य भक्त और न्याय, धर्म, समर्पण की प्रतिमूर्ति थी। उन्होंने अपने शासन काल में बहुत सामाजिक कार्य कराये। मन्दिर, बावड़ी, धर्मशाला का निर्माण कराया और वृक्षारोपण के साथ काफी दान पुण्य भी किया। माहेश्वर और इन्दौर में मन्दिर का निर्माण कराया। अपने राज्य को आक्रमणकारियों से बचाने के लिए स्वयं युद्ध के मैदान में उतर जाती थी। वीरता में उनका दूसरा सानी नहीं था। उनके शासनकाल में जनता सुखी और समृद्ध थी। समाजवादी पार्टी के राज्य कार्यालय में आयोजित समारोह में वक्ताओं ने रानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महारानी ने काशी विश्वनाथ मन्दिर को 9 मन सोना दान किया था। समाज के सभी वर्गों के हित में कार्य किये। वक्ताओं ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने अन्याय, अत्याचार के विरुद्ध जैसा संघर्ष किया वैसा संघर्ष करने वाला अखिलेश यादव के अलावा आज कोई नहीं है।

# मोहान रोड योजना की डीपीआर को हरी झंडी, जल्द खुलेगा पंजीकरण

● **बल्कसेल अनुभाग को एकमुश्त विक्रय हेतु दिये गये 912 फ्लैट अब पहले आओ.पहले पाओ योजना के अंतर्गत खरीदे जा सकेंगे**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लखनऊ** विकास प्राधिकरण की मोहान रोड योजना में भूखण्डों.दुकानों के लिए जल्द ही पंजीकरण खुलेगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण की अध्यक्ष, मण्डलायुक्त डॉ रोशन जैकब की अध्यक्षता में बुधवार को हुई प्राधिकरण बोर्ड की 177वीं बैठक में मोहान रोड योजना की डीपीआर को हरी झंडी दी गयी।

बुधवार को बैठक में प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी द्वारा सर्वप्रथम प्राधिकरण बोर्ड की 176वीं बैठक में लिये गये निर्णयों की अनुपालन आख्या प्रस्तुत की गयी। इसके बाद उपाध्यक्ष ने मोहान रोड योजना को विकसित करने के लिए तैयार कराये गये ले.आउट प्लान का प्रस्तुतिकरण किया। इसके अंतर्गत ग्राम प्यारेपुर और कलियाखेड़ा की कुल 785.026 एकड़ अर्जित भूमि पर चंडीगढ़ व पंचकुला की तर्ज पर आवासीय योजना विकसित की जाएगी। इसमें 111.12 एकड़ क्षेत्रफल में एकल भूखण्ड, 159.52 एकड़ में ग्रुप हाउसिंग, 39.22 एकड़ में व्यवसायिक, 48.13 एकड़ में सामुदायिक केन्द्र, 183.24 एकड़ में सड़कें व 9.28 एकड़ में ट्रांजिट स्पेस एरिया विकसित किया जाएगा। एजुकेशन सिटी के रूप में विकसित की जाने वाली इस योजना में 73.95 एकड़ जमीन शिक्षण संस्थान के लिए आरक्षित की जाएगीए जबकि 159.85 एकड़ जमीन ग्रीन बेल्ट की होगी। ग्रिड पैटर्न पर विकसित की जाने वाली इस योजना को आठ सेक्टरों में विभाजित किया जाएगा। प्रत्येक सेक्टर में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, सेक्टोरल शॉपिंग सेंटर एवं वेंडर के लिए प्राविधान होगा। योजना के मध्य में 42 एकड़ का सेंट्रल पार्क बनाया जाएगा। साथ ही साथ लगभग 45000 वर्गमीटर एरिया में तालाब विकसित किया जाएगा।

मोहान रोड योजना के सभी बड़े चैराहों पर रोटरी विकसित की जाएगी, जिसमें बायीं ओर मुड़ने वाले ट्रैफ्कि को फ्री.पास दिया जाएगा। योजना में 112ण्50 वर्गमीटर से 450 वर्गमीटर तक के कुल 2485 भूखण्ड सृजित किये जाएंगे। एलडीए बोर्ड की बैठक में प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी, अपर निदेशक.कोषागार एवं पेंशन अमर सिंह, अपर जिलाधिकारी.वित्त एवं राजस्व हिमांशु कुमार गुप्ता, मुख्य अभियंता.नगर निगम महेश वर्मा, अधीक्षण अभियंता.उप्र आवास एवं विकास परिषद कमलेश प्रसाद त्रिपाठी, संयुक्त आयुक्त.उद्योग कंचन सुबोध, उपनिदेशक.पर्यटन डॉ कल्याण सिंह, सहयुक्त नियोजक.उप्र नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग विशाल भारती समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### रिटायर सैन्य अधिकारियों के कमान में प्रवर्तन दल की स्थापना

**बैठक** के दौरान उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी द्वारा प्राधिकरण कार्यों के सम्पादन के लिए प्रवर्तन दल की स्थापना के सम्बंध में प्रस्ताव दिया गया, जिसे बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया गया। इसके अंतर्गत सेना से रिटायर कर्नल,लेफ्टिनेंट कर्नल स्तर के अधिकारी की कमान में प्रवर्तन दल की स्थापना की जाएगी। इसमें रिटायर जेसीओ रैंक के तीन अधिकारी टीम लीडर व रिटायर एनसीओ,ओआर रैंक के 12 अधिकारी स्क्वायड कमाण्डर के रूप में तैनात होंगे। उपाध्यक्ष ने बताया कि भूमि अर्जन व अवैध निर्माण के विरूद्ध प्राधिकरण द्वारा की जाने वाली कार्यवाही में प्रवर्तन दल की अहम भूमिका होगी।

### बल्कसेल के 912 फ्लैट अब पहले आओ, पहले पाओ में खरीदें

**उपाध्यक्ष** डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बैठक में कहा कि कानपुर रोड योजना के श्रवण अपार्टमेंट, ऐशबाग हाईट्स व समाजवादी लोहिया इन्क्लेव के 912 रिक्त फ्लैटों को एकमुश्त विक्रय के लिए बल्कसेल अनुभाग को पूर्व में हस्तगत किया गया था। इन योजनाओं में फ्लैट खरीदने के इच्छुक लोग बल्कसेल की बाध्यता के कारण यहां सम्पत्ति नहीं खरीद पा रहे हैं। इसे ध्यान में रखते हुए इन 912 फ्लैटों को अपार्टमेंट अनुभाग के सुपुर्द करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। बोर्ड द्वारा इस प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया। अब यह फ्लैट प्राधिकरण की पहले आओ, पहले पाओ योजना के अंतर्गत बिक्री के लिए आनलाइन उपलब्ध होंगे।

**यू0पी0 स्टेट एग्रो इण्डस्ट्रियल कारपोरेशन लिमिटेड सेवा केन्द्र–सोनभद्र।**
**कृषि उत्पादन मण्डी समिति राबर्ट्सगंज, सोनभद्र**

पत्रांक– 40/DMF/SS-SBR — दिनांक– 30.05.2023

**अति अल्प कालीन निविदा सूचना**

यू0पी0 स्टेट एग्रो इण्डस्ट्रियल कारपोरेशन लि0, सोनभद्र के पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि जिला खनिज फाउन्डेशन न्यास, सोनभद्र के स्वीकृति के प्रत्याशा में जिलाधिकारी महोदय के निर्देश के अनुक्रम में कार्य की आवश्यकता के दृष्टिगत पं0 दीनदयाल उपाध्याय राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय उरमौरा, सोनभद्र में तत्काल पेयजल उपलब्ध कराने हेतु निम्न कार्य की निविदा आमन्त्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | धरोहर की धनराशि | निविदा फार्म बिक्री की तिथि व समय | निविदा फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | पं0 दीनदयाल उपाध्याय राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय उरमौरा–सोनभद्र में 20 एम0एम0 336 मीटर डिप बोर का कार्य। | 7.99 | 0.16 | दि0 01.06.2023 से 05.06.2023 तक सायं 5.00 बजे तक | दि 05.06.2023 सायं 5.30 तक |
| 2 | पं0 दीनदयाल उपाध्याय राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय, उरमौरा–सोनभद्र में 03 एच0पी0 सिंगल फेस समरसेबुल पम्प व पाइप लाईन अधिष्ठापन का कार्य। | 3.21 | 0.07 | | |

निविदा फार्म मूल्य रू0 500 प्रति फार्म व जी0एस0टी0 18 प्रतिशत है। बिना धरोहर धनराशि के निविदा स्वीकार नही की जायेगी। विशेष जानकारी कार्यालय दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

मण्डलीय अभियन्ता
यू0पी0 एग्रो सेवा शाखा–सोनभद्र।

# काजीपुर तेलियानी, हाजीपुर, नोनार व बारा गांव पहुंची स्मृति ईरानी

● स्मृति ईरानी ने किया दौरा ग्रामीणों की सुनी समस्याये ●संबंधित विभाग के अधिकारियों से निराकरण करवाने का निर्देश।

**नसीराबाद रायबरेली।** अमेठी लोकसभा क्षेत्र के छतोह व सलोन ब्लाक पहुंची केन्द्रीय मंत्री व अमेठी सांसद स्मृति इरानी नौ गांवों में आयोजित जन संवाद विकास यात्रा में शामिल हुई। और सीधे ग्रामीणो के पास जाकर समस्याये सुनीं।और संबंधित विभाग के अधिकारियों से निराकरण करवाने का निर्देश दिया।

सबसे पहले केन्द्रीय मंत्री छतोह के काजीपुर तेलियानी पहुंची तो जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव व पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। गांव के प्रधान सत्य नारायण व पुजारी बाबा कुंदेश ने बाबा ढाखू दास आश्रम के पास बने सगरा का सुंदरीकरण कराने की मांग की। केन्द्रीय मंत्री कार्यक्रम से उठकर सगरा देखने गई और जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव से बरसात के पहले सगरा कि सुंदरीकरण कराने को कहा। केन्द्रीय मंत्री ने सगरा के पास शुद्ध पेयजल के लिए वाटर कूलर व सामुदायिक शौचालय बनवाने का निर्देश दिया। पूरे मियां कपूर गांव की शिवनाथा ने कहा दीदी एक माह हो गया घर में आग लगी थी सब जल गया। अभी तक कोई सहायता नहीं मिली है। परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है। कोलवा गांव की ज्योति ने कहा घर के सामने रास्ते में जलनिकासी की समस्या से पूरा घर परेशान हैं। हमेशा पानी भरा रहता है। गांव की लखानी ने शिकायती पत्र देकर कहा कि झिल्ली तानकर रहतीं हैं। आवास नहीं बनी है। गनपता ने कहा दीदी पेंशन नहीं मिल रही है। अखिलेश कुमारी, कुसुमा ने बताया कि आधार कार्ड नहीं बन रहा है। जनाका ने कहा कि बहू परेशान करती है।और खाना नहीं देती है। राजकली, चंद्र कली शिवकली, सुनीता, रानी, रामपति, लखानी, पियारे, राम मनोहर आदि ने आवास की मांग किया। केन्द्रीय मंत्री ने सभी की समस्या सुनी और संबंधित विभाग के अधिकारियों से समाधान करवाने का निर्देश दिया। केन्द्रीय मंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर चल रहे भंडारे प्रसाद भी अपने हाथों से वितरण किया। इसके बाद हाजीपुर गांव पहुंची तो वहां पर ग्रामीणों ने आवास, शौचालय, सड़क की समस्या को बताया। ग्रामीणों ने गौशाला बनवानेए बारात घर बनवाने की मांग की। इसके बाद नोनार गांव तो ग्रामीणों ने मटटन नाले पर नोनार व ओलीपुर के पास पुल बनवाने की मांग की। केन्द्रीय मंत्री ने विधायक उपेन्द्र कुमार मिश्र ने सद्भावना एक्सप्रेस अमेठी से चंडीगढ़ चलवाने की मांग की। गुलाबपती ने बताया दीदी दस वर्षों से पेंशन नहीं मिल रही है। इसके बाद बारा गांव में दोपहर बाद पहुंची केन्द्रीय मंत्री व अमेठी सांसद सीधे ग्रामीणो के पास गई।राम सजीवन ने बताया कि बिजली का बिल अधिक आ रहा है।इसे कम करवाने के अधिकारियों के पास जाते हैं कहीं कोई सुनवाई नहीं होती। शिवबरन शुक्ल ने लो वोल्टेज की समस्या बताई तो चंदी बेड़िया ने कहा कि एक सप्ताह पहले बिजली का खंभा टूटा है। बीरपुर की भानुमती ने कहा दीदी हमरे गांव भी आवा हमारे में गरीबों के पास आवास नहीं है। शौचालय व पेंशन के लिए लोग परेशान हैं। बारा गांव के अशोक कुमार सिंह ने बताया कि एएनएम सेंटर में कोई नहीं आता जिससे महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। भाजपा के मंडल मंत्री गिरिजा शंकर ने रामकटोरा नाला पक्का बनवाने व सफाई करवाने की मांग की। प्रधान प्रतिनिधि देवेश सिंह ने गांव के बगल से निकली रेलवे लाइन को बनवाने की मांग की है। मुख्य रूप से भाजपा विधायक अशोक कुमार कोरी, पूर्व चेयर मैन महेश कुमार सोनकर, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विशाल सिंह, चंदन सिंह, विशुन साहू, अरविंद मौर्य, पूर्व चेयरमैन सीपी श्रीवास्तव, सीडीओ पूजा यादव, सलोन उपजिलाधिकारी विजय कुमार, सीओ अमित सिंह, पूर्व चेयरमैन सीपी श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष अभय सिंह, प्रधान प्रतिनिधि देवेश सिंह, चैतन्य सिंह भदौरिया, मदन तिवारी, अरविंद मौर्य, प्रमोद मौर्य आदि लोग मौजूद थे।

### केन्द्रीय मंत्री ने पुदीना व आम की चटनी का लिया स्वाद

छतोह के बारा गांव में जनसंवाद विकास यात्रा के बाद केन्द्रीय मंत्री व अमेठी सांसद स्मृति ईरानी भाजपा कार्यकर्ता गिरिजा शंकर के यहां भोजन किया। केन्द्रीय मंत्री को पुदीना व आम की चटनी खूब पसंद आई। उन्होंने दाल, चावल रोटी व भिंडी की सब्जी का भी आनंद लिया।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने दिलाई शपथ

**अमेठी।** डीएम राकेश कुमार मिश्र ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर अधिकारियों, कर्मचारियों को शपथ दिलाई एवं तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डीएम ने कहा कि तंबाकू का सेवन कदापि ना करें एवं अपने आसपास के लोगों को भी इससे होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करें। तंबाकू के सेवन से कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी हो सकती है। डीएम ने पुलिस, आबकारी, ड्रग इंस्पेक्टर तथा अन्य प्रवर्तन वाले विभागों को मेडिकल स्टोर व किराने की दुकानों पर कफ सिरपए नशे के इंजेक्शन व अन्य नशीली दवाओं के दुरुपयोग के विरुद्ध अभियान चलाने को कहा। जिला कृषि अधिकारी को जनपद में अवैध गांजे की खेती पर निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एनडीपीएस के अपराधों में लिप्त अपराधियों के विरुद्ध


शपथ दिलाते हुए डीएम

कड़ी कार्यवाही की जाए। डीएम ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को स्कूल व कॉलेजों में तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में वृहद जागरूकता अभियान चलाने को कहा एवं स्कूल व कॉलेज के आसपास कोई भी नशीले पदार्थ बिक्री की दुकानों के संचालन पर रोक लगाने के निर्देश [illegible]। सीएमओ डॉ विमलेंदु शेखर ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार 31 मई से 21 जून 2023 तक तंबाकू मुक्त युवा अभियान चलाया जाएगा। सभी हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर, शिक्षण संस्थानों पर तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सीडीओ, एडीएम वित्त एवं राजस्व एके सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ जेपी सिंह, जिला आबकारी अधिकारी आरके वर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राम प्रसाद सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# विधान मंडल समिति ने डीएम के साथ किया पुष्टाहार केंद्र का निरीक्षण

**सकलडीहा/चन्दौली।** उत्तर प्रदेश विधान मण्डल की महिला एवं बाल विकास समिति की संयुक्त समिति की टीम बुधवार को जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे के साथ नरैना गांव में एनआरएलएम द्वारा संचालित पुष्टाहार केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान बेहतर प्रबंधन पर जिला प्रशासन की तारीफकिया। इसके साथ ही महिलाओं के आत्म निर्भर होने और बनने वाले पुष्टाहार के बारे में विस्तार से जानकारी लिया। इस मौके पर सीडीओ सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

उत्तर प्रदेश विधान मण्डल की महिला एवं बाल विकास समिति की संयुक्त समिति ;2022.23द्ध की उप समिति के सभापति नीलिमा कटियार के नेतृत्व में सदस्यगण और जिलाधिकारी निखिल कुमार टी फुंडे ने नरैना स्थित खुशी प्रेरणा महिला उद्योग पुष्टाहार निर्माण ईकाई का स्थलीय निरीक्षण किया। इसके साथ ही स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से



पैकेजिंगए उत्पादन एवं अन्य वितरण की जानकारी ली। साथ ही गुणवत्तापरक कार्य करने के लिये निर्देशित किया। अंत में राष्ट्रीय आजिविका मिशन के तहत महिलाओं के आत्मनिर्भर करने का निर्देशित किया। इस मौक पर समिति के चंद्र पालए बाबूलालए डॉ मनोज कुमार प्रजापतिए डॉ सुरभिए सलोना कुशवाहाए वंदना वर्माए सीडीओ एसएन श्रीवास्तवए बीडीओ अरूण पांडेयए ब्लॉक प्रमुख अवधेश सिंहए सीडीपीओ अवधेश सिंहए एडीओ आईएसबी दुर्गेश सिंहएसचिव महेन्द्र यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

# ब्रह्मराष्ट्र एकम की तरफ से मनाया गया मां गंगा का प्राकट्य महोत्सव, लगे छप्पन भोग

● गंगा दशहरा के उपलक्ष्य में ब्रह्मराष्ट्र एकम की तरफ से मनाया गया द्वितीय प्राकट्य महोत्सव

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**गंगा दशहरा** के उपलक्ष्य में वैश्विक स्तर की सनातनी संस्था ब्रह्मराष्ट्र एकम के तत्वावधान में मां गंगा का द्वितीय प्राकट्य महोत्सव मनाया गया। इस संस्था द्वारा पिछले वर्ष भी मां गंगा का प्राकट्य महोत्सव, मां गंगा को चुनरी मनोरथ व छप्पन भोग लगे थे। ब्रह्मराष्ट्र एकम के संस्थापक डॉ सचिन सनातनी लगातार सनातन धर्म को आगे बढ़ाने हेतु धर्म से संबंधित निरंतर कुछ न कुछ कार्य करते रहते हैं, जिससे समाज में एकता व अखंडता बनी रहे। सभी जाति व संप्रदाय के लोग एक जुट रहें और साथ मिलकर धर्म संस्कृति को बढ़ावा दे रहे है साथ में कोई भी आपस में भेदभाव या ईर्ष्या न करे ऐसे सौहार्द के साथ निरंतर कार्य कर रहे है। मुख्य अतिथि मेयर अशोक तिवारी एवं विशिष्ट अतिथि आयुष मंत्रालय के प्रदेश राज्यमंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालू' एवं विकास प्राधिकरण सदस्य अम्बरीष सिंह भोला रहे।

प्रात: मां गंगा की विधि विधान से पूजन कर चुनरी अर्पण कार्य सैकड़ों माताएं बहनें मिलकर उन्हें श्रद्धा सुमन कर अर्पित किया। तत्पश्चात सांयकाल में पुन: मां गंगा का पूजन कर ठाकुर जी की कृपा ध्यान से छप्पन भोग लगा कर सभी श्रद्धालुओं को भोग प्रसाद रूप में हजारों भक्तगणों को वितरित किया गया। मध्य मध्य में मिश्रा बंधुओं द्वारा संगीत सुरो से सबका मन मोहा उसके बाद तिरुपति बालाजी से आए शास्त्रीय संगीत के माध्यम से श्रोताओं को अपने ओर आकर्षित किया। दैनिक गंगा आरती पश्चात हंशय यादव ने अपने संगीत से सबको मन मोहा, कर्मवीर की टीम ने अपने नाट्य नृत्य की शानदार प्रस्तुति से मां गंगा की अविरलता और पर्यावरण पर सुंदर संदेश दिया।

# सिविल सेवा परीक्षा पास करने वाले आदित्य का गांव में हुआ सम्मान

**रायबरेली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की तरफसे आयोजित होने वाली भारतीय प्रशासनिक सेवा परीक्षा में 341 रैंक लाने वाले आदित्य प्रताप सिंह का उनके पैतृक गांव में सम्मान किया गया। अमावां ब्लॉक के हरदासपुर ग्रामसभा के चकलोहराहार गांव में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान उनके परिजनों और ग्रामवासियों ने आदित्य के साथ ही उनकी माँ गीता देवी का भी सम्मान किया गया। हरदासपुर ग्रामसभा के ग्राम प्रतिनिधि और आदित्य के चाचा नरेंद्र सिंह की तरफ से आयोजित सम्मान समारोह के दौरान उन्होंने कहा कि ये हमारे परिवार के लिए बहुत ही गौरव की बात हैं कि पहले बेटी अंजली वर्मा ने हमारे परिवार का नाम रोशन किया और अब बेटे आदित्य प्रताप सिंह ने एक साल के अंतराल में यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा को पास करके पूरे परिवार का मान क्षेत्र में बढ़ाया है।

## क्विक न्यूज

### आरेडिका का मई माह में सर्वाधिक कोच उत्पादन

**रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखानाए रायबरेली ने चालू वित्त वर्ष 2023.24 के मई माह में 157 कोचों का निर्माण किया जो अभी तक के आरेडिका में किए गये मई माह के कोच का अधिकतम उत्पादन है, इससे पूर्व 2019 में मई माह का सर्वाधिक कोच का उत्पादन 134 कोच हुआ था। इन 157 कोचों में रेलवे के विभिन्न प्रकार कोच जैसे एसी इकोनॉमी के 63 कोच, दीनदयालु के 22 कोच, स्लीपर क्लास के 21 कोच, तेजस के 16 कोच, पेण्ट्रीकार 10, एसी3टीयर के 8 कोचए एसी2टीयर के 8 कोच, पार्सलवैन 6, एसी फर्स्ट के 3 कोच, शामिल हैं। इन कोचों में गुणवत्ता संबंधित सभी मानकों का पालन किया गया। जिससे यात्रियों की आरामदायक एवं सुरक्षित यात्रा हो सके। आरेडिका को वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 1813 कोच उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया जिसे टीम आरेडिका पूरा करने के लिए सतत् प्रयत्नशील है। एक माह में 157 कोच बनाना यह दर्शाता है कि आरेडिका अपनी कार्य क्षमता को उच्च स्तर पर ले जाने को तत्पर है। आरेडिका के महाप्रबंधक श्री पी के मिश्रा ने इस उपलब्धि पर आरेडिका सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं संविदा कर्मियों को उनकी मेहनत एवं लग्न के लिए बधाई दी तथा भविष्य में इस प्रकार के कीर्तिमान स्थापित करते हुए आरेडिका को नित नई.नई ऊँचाइयों पर पहुचाने के लिए प्रेरित किया।

### घंटों की मेहनत के बाद वन विभाग की टीम ने पकड़ा मगरमच्छ

**डाला/सोनभद्र।** प्रदेश के समाज कल्याण राज्यमंत्री संजय कुमार गोड़ के पैतृक आवास बाडी गांव में मंगलवार को रात्रि नौ बजे चार फीट का मगरमच्छ मिलने से गांव मे अफरा तफरी का माहौल बन गया। मगरमच्छ के गांव में आने की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई, तीन घंटे की कडी मसक्कत के बाद मगरमच्छ को पकड़ कर सोन नदी में ले जाकर छोड़ दिया गया। गांव में सरसराहट की आवाज सुनकर लोग सकते में आ गए, मगरमच्छ को देखने के बाद कुत्ते भी जोर जोर से भौकने लगे। कुत्तों की आवाज सुनकर ग्रामीण बाहर आए तो मगरमच्छ को देखकर डर गए। मगरमच्छ की सूचना ग्रामीण ने राज्यमंत्री के घर पर दी,उसके बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुँच गई, रात के अंधेरे में ग्रामीण की मदद से तीन घंटे की कडी मेहनत के बाद मगरमच्छ को रस्से व पट्टे में बाधा जा सका, तब जाकर स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। वन रक्षक इरफान ने बताया कि ये मगरमच्छ अभी चार फीट का छोटा बच्चा है, पकड़ने बाद मगरमच्छ को सकुशल सोन नदी में छोड़ दिया गया है। मगरमच्छ प्राय: नम जमीन व दलदल पोखरों मे अपना डेरा डालते हैं। बस्ती के लोगों को जब भी दिखे फौरन वन विभाग को सूचना दे।

### सत्यापन के नाम पर परेशान करने पर होगी कार्रवाई: तहसीलदार

**सकलडीहा/चन्दौली** । सारे साक्ष्य देने के बाद भी गोंड समाज का प्रमाण पत्र जारी नही होने पर समाज के लोग लामबंद है। मंगलवार को गोंड समाज के लोगों ने तहसीलदार कार्यालय में मिलकर प्रमाण पत्र जारी करने की मांग किया। तहसीलदार ने साक्ष्य के अनुसार प्रमाण पत्र जारी करने का आश्वासन दिया। चेताया कि सत्यापन के नाम पर किसी राजस्व कर्मी द्वारा परेशान करने पर कार्रवाई होगी। शासन के निर्देश के बाद भी गोंड समाज के लोगों का अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र जारी नही होने पर पर परिवार के बच्चे शिक्षा सहित सरकार की योजना से वंचित है। आरोप है कि परिवार में बने प्रमाण पत्र का साक्ष्य सहित अन्य अभिलेख दिखाने व देने के बाद भी राजस्व कर्मीयों द्वारा प्रमाण पत्र जारी करने के नाम पर परेशान व शोषण किया जाता है। ऐसे में गोंड समाज के बच्चों का भविष्य अंधकारमय होगया है। पूर्व सूचना के क्रम में गोंड समाज के लोग तहसीलदार से मिलकर समस्या को दूर करने का आग्रह किया। तहसीलदार ने समस्या का शीध्र समाधान कराने का भरोशा दिया।

### नगरीय निकाय के घोषित निर्वाचन परिणाम को चुनौती देने के लिए प्रत्याशी सक्षम न्यायालय में दायर करें अपना प्रत्यावेदन

**अमेठी।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (ननि) राकेश कुमार मिश्र ने अवगत कराया है कि उ0प्र0 के नगरीय निकाय निर्वाचन.2023 के तहत नगर निगमों के महापौरों एवं पार्षदों और नगर पालिका परिषदों/नगर पंचायतों के अध्यक्षों एवं सदस्यों के निर्वाचन सम्पन्न और परिणाम भी घोषित हो गये है, तथापि निर्वाचन के सम्बन्ध में प्रत्याशियों द्वारा आयोग में पुर्नमतदान एवं पुर्नमतगणना कराने हेतु प्रत्यावेदन प्राप्त हो रहे है। इस सम्बन्ध में आयोग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि रिटर्निंग आफिसर (निर्वाचन अधिकारी) द्वारा निर्वाचन परिणाम घोषित करने के बाद राज्य निर्वाचन आयोग को उसमें हस्तक्षेप करने का अधिकार नही हैए रिटर्निंग आफिसर (निर्वाचन अधिकारी) द्वारा निर्वाचन परिणाम घोषित किये जाने के बाद सक्षम न्यायालय में निर्वाचन याचिका दायर की जा सकती है। उक्त के दृष्टिगत नगरीय निकायों के घोषित निर्वाचन परिणाम के विरूद्ध आयोग में प्रत्यावेदन देने की आवश्यकता नही हैए बल्कि यदि निर्वाचन परिणाम को चुनौती देना है तो सक्षम न्यायालय में ही निर्वाचन याचिका दायर कर अनुतोष प्राप्त किया जा सकता है।

# चोरों ने मंदिर में टंगे घंटे कर दिये पार

**बछरावां रायबरेली।** थाना क्षेत्र के शेषपुर समोधा स्थित झारखंडेश्वर महादेव मंदिर में मंगलवार की रात चोरों ने मंदिर में टंगे घंटे पार कर दिये। मंदिर में पूजा अर्चना के लिए पुजारी रामसहारे को नियुक्त किया गया है। वह सुबह और शाम मंदिर में पूजा पाठ करने के बाद घर चले जाते हैं। पुजारी रामसहारे मंगलवार की शाम पूजा करने के बाद घर चले गए। जब बुधवार की सुबह मंदिर पहुंचे। तो उन्होंने मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ देखा । जब मंदिर के अंदर पहुंचे। तो देखा वहां टंगे हुए मंदिर घंटे चोरी हो गए थे। पुजारी ने चोरी गए घंटों का अनुमानित वजन 30 किलो बताया है। जिसकी कीमत करीब पचीस हजार रुपये है। पुजारी राम सहारे ने कहा कि मंदिर में चोरो ने कई बार चोरी की घटना को अंजाम दिया है । इसके पूर्व एक बार लगभग 50 किलो वजन के तो इसके भी पूर्व में चोरों ने करीब 20 किलो वजन के घंटे पार कर दिए थे। कोतवाल ब्रजेश राय ने बताया है कि मामले की तफ्तीश की जा रही है।

# कलमकारों ने मनाया हिंदी पत्रकारिता दिवस

**गाजीपुर।** हिंदी पत्रकारिता दिवस का आयोजन गाजीपुर पत्रकार एसोसिएशन के तत्वाधान में कचहरी स्थित पत्रकार भवन में मनाया गया। मंगलवार 30 मई को कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर अध्यक्ष विनोद कुमार पाण्डेय व मंत्री देवब्रत विश्वकर्मा सहित वरिष्ठ पत्रकारो ने माल्यापर्ण किया। 30 मई हिंदी पत्रकारिता दिवस पर उपस्थित वरिष्ठ पत्रकार अविनाश प्रधान ने हिंदी के प्रथम समाचार पत्र उदन्त मार्तण्ड से लेकर आज के पत्रकारिता में विश्वनीयता में आयी कमी पर गहरा संकट व्यक्त करते हुए कहा कि आज पाठक समाचार पत्र में प्रकाशित समाचार को पढ़ कर उसकी विश्वनीयता के लिए दुसरे माध्यमो से प्रमाणिकरण करता है। जो आज के पत्रकारिता पर बढ़ा संकट है। एक दौर था हिंदी समाचार पत्र मे जो छप गया है वह मानक माना जाता थाए आज छपी खबरो को कही मानक के रूप नही माना जाता। अखबारो में अशुद्धियों के चलते कोई भी अभिभावक आज अखबार पढ़ने को नही कहता है। आज भाषा व लेखनी में कमी आती जा रही है क्योकि लेखन क्षमता का ह्रास होता जा रहा है। मालिकानों द्वारा पत्रकारो के लेखनी पर दबाब बढ़ाता जा रहा हैए संसाधन में कमी कर अधिक से अधिक लाभ कमाना चाहता है। जिससे गुणवत्ता में कमी आ रही है। अखबार के एक पत्रकार से कई काम लिया जा रहा है। पत्रकार चाह करके भी सच्चाई नही लिख पाता है उसकी खबरे उपर से काट दी जाती है। इसके बावजूद उम्मीदे कायम है गांधी के अनुसार हमारी पत्रकारिता समाज के अन्तिम व्यक्ति तक कायम रहेगी तो हमारी पत्रकारिता आज भी बनी रहेगीं। पत्रकारिता में स्कील डेवलप कर उसे सुधारा जा सकता है जिससे अखबारो के समाचारो पर विश्वनीयता कायम रहे।

# पाल समाज ने बाबा विश्वनाथ का किया जलाभिषेक

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**हर वर्ष** की भाँति राजमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की 298वीं जयंती पाल समाज के लोगों द्वारा बड़ी धूमधाम से मनाया गया। दूर.दराज से काफी संख्या में श्रद्धालु इकट्ठा हुए। तय कार्यक्रम के अनुसार सुबह 7 बजे अहिल्याबाई होल्कर घाट से कलशयात्रा निकाल कर गाजे.बाजे के साथ भारी मात्रा में जुलूस के रुप में श्रद्धालुओं ने काशी विश्वनाथ मंदिर में जलाभिषेक किया।

दर्शन.पूजन के उपरांत मंदिर परिसर के बाहर निकलते ही गेट नंण् 4 पर मीडिया बंधुओं से निम्नलिखित 7 बिंदुओं पर चर्चा की गयी। पाल समाज की ओर से जो घोषणाएं की गयी वह निम्नवत है।

1. परिसर में स्थापित राजमाता अहिल्याबाई की प्रतिमा पर उनका नाम अंकित किया जाय और बगल में एक पट्टिका लगाकर उनके द्वारा किये कार्यों का वर्णन लिखा जाय।

2. राजमाता अहिल्याबाई के वंशजों ;पाल समाजद्ध को मंदिर ट्रस्ट में स्थान दिया जाय।


पाल समाज ने बाबा विश्वनाथ का किया जलाभिषेक एवं दर्शन पूजन

3. मंदिर आरती में पाल समाज को सम्मिलित होने हेतु विशेष अनुमति मिले।

4. अहिल्याबाई होल्कर जी द्वारा निर्मित धर्मशालाओं को अवैध कब्जेदारों से मुक्त कराकर पाल समाज को सौपा जाय।

5. सावन के पवित्र माह में किसी एक सोमवार को पाल समाज को दर्शन की विशेष अनुमति प्रदान की जाय।

6. राजमाता अहिल्याबाई की जयंती 31 मई को सार्वजनिक अवकाश घोषित हो।

7. काशी विश्वनाथ मंदिर के किसी एक गेट (द्वार) का नामकरण राजमाता अहिल्याबाई के नाम से किया जाय।

कार्यक्रम में प्रमुख रुप से पाल सेवा संघ के जिलाध्यक्ष मुन्ना लाल पाल प्रधान, संरक्षक नरेन्द्र नाथ पालए प्रदेश अध्यक्ष महिला सभा रेखा पाल, राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र पाल, प्रदेश अध्यक्ष बंशराज पाल, प्रदेश उपाध्यक्ष रमाशंकर पाल, राष्ट्रीय संयोजक महेन्द्र पाल, डा. मनोज पालए डॉ नरेन्द्र प्रताप सिंह पाल, सुरेन्द्र पाल दादे, शिवकुमार पाल, अजीत पाल आदि लोग उपस्थित रहे।

# पत्रकारिता में सार्थक सोच का होना आवश्यकः अनुप्रिया

**मीरजापुर।** केंद्रीय राज्यमंत्री उद्योग एवं वाणिज्य अनुप्रिया पटेल ने कहा कि चाहे पत्रकारिता हो या कोई भी कार्य उसमें सार्थक सोच का होना अति आवश्यक है। ये उद्गार उन्होंने मीरजापुर प्रेस क्लब ट्रस्ट द्वारा हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर पत्रकारिता और राष्ट्रबोध विषय पर आयोजित संगोष्ठी में कही। पत्रकारिता की विश्वसनीयता पर आ रही गिरावट पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि न्यूज में पत्रकार के व्यूज का घालमेल निश्चित ही कई कारणों में से एक कारण है। मीडिया की विश्वसनीयता में गिरावट कारण । संगोष्ठी के विषय पर अपनी बात कहते हुये उन्होंने कहा कि हमारा दायित्व है कि समाचार प्रेषण के समय इस बात का भी ध्यान रखें कि समाचार के प्रकाशित होने से राष्ट्र का बहुत बड़ा अहित तो नहीं होने जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि उस सत्य को उद्घाटित करने से बचना चाहिये जिसके प्रकाशन से राष्ट्र का अहित हो सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब राष्ट्र ही नहीं तो फिर पत्रकारिता किस



काम की समाचार वाचकों पर कोई टिप्पणी न करते हुये दूरदर्शन के उन पुराने चेहरों को नाम सहित स्मरण किया कि उनके लिये समाचार मात्र समाचार होता था और उनकी भावभंगिमा से भी स्पष्ट हो जाता था कि समाचार प्रसन्नतासूचक है या दु:खकारक।

मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रो ओम प्रकाश सिंह पूर्व निदेशक मालवीय पत्रकारिता संस्थान महात्मा गांधी काशी विद्या पीठ ने कहा कि इतिहास इन तथ्यों से भरा पड़ा है कि राष्ट्रबोध से युक्त पत्रकारिता ने राष्ट्रों में रचनात्मक क्रांति लाने में सफलता पायी तो वहीं गैर जिम्मेदार पत्रकारिता ने देशों को अराजकता की आग में ढकेल दिया। आगत अतिथियों का स्वागत मीरजापुर प्रेस क्लब ट्रस्ट के सचिव जे पी पटेल ने किया। विषय प्रवर्तन वरिष्ठ पत्रकार अमरेश मिश्र ने किया। अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर उनका सम्मान डा. राजेश मिश्रए समीर वर्मा, पवन तिवारी, अखिलेश मिश्र ने किया। संचालन अनुज श्रीवास्तव ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन संस्था अध्यक्ष आकाश दुबे ने किया। अध्यक्ष नगरपालिका परिषद श्याम सुंदर केशरी व विजय मिश्र आदि ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# राजेश हत्याकांड में चार दोषियों को मिली उम्रकैद की सजा

**सोनभद्र।** 14 वर्ष पूर्व बोलेरो चालक राजेश हत्याकांड के मामले में बुधवार को सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम खलीकुज्जमा की अदालत ने दोष सिद्ध पाकर चार दोषियों को उम्र कैद व 42-42 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 8-8 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिला अंतर्गत बारगवा थाना क्षेत्र के उसका गांव निवासी रामचंद्र पुत्र राजपाल ने अनपरा थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसका बेटा राजेश कुमार एनसीआर कालोनी मोरवा निवासी रामबरन पुत्र रघुराई की बोलेरो चलाता है। 4 जुलाई 2009 को रात्रि 10 बजे चार लोगों ने बोलेरो को 2200 रूपये में तय कर रेणुकूट के लिए चले थे कि रास्ते में ही उसके बेटे राजेश को मारकर फेक दिया और बोलेरो लेकर भाग गए।

अखबार पढ़ने पर शव की जानकारी हुई तो मौके पर जाकर देखा तो उसके बेटे का शव था। इस तहरीर पर बोलेरो तय करके के जाने वाले अकरम खां उर्फ सद्दाम पुत्र नसीर आलम निवासी ग्राम रेहला, थाना बीजपुर, जिला सोनभद्र स्थायी पता ग्राम पिपरा, थाना गढ़वा, झारखंड, सुभाशीष सरकार पुत्र निहाल रंजन सरकार निवासी वैरनिया, थाना बरगवा,जिला सिंगरौली, विजय कुमार पटवा पुत्र रमाशंकर पटवा निवासी बरगवा व राजेश वर्मा पुत्र प्रभु वर्मा निवासी बैरनिया, थाना बरगवा, जिला सिंगरौली मध्य प्रदेश के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना की गई। मामले की विवेचना के दौरान पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने न्यायालय में पांच लोगों के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल किया था। जिसमें अजीत सिंह पुत्र हरिमोहन सिंह निवासी बैरनिया,थाना बरगवा,जिला सिंगरौली मध्य प्रदेश का नाम प्रकाश में आने पर बढ़ाया गया।

# पौधरोपण और श्रमदान के साथ कैच द रेन फेज तृतीय का हुआ समापन

**अमेठी।** बुधवार को नेहरू युवा केंद्र की ओर से चलाए जा रहे कैच द रेन फेज तृतीय का जिले की सबसे बड़ी ताल संमदा ताल में श्रमदान और पौध रोपण के साथ समापन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी हरीश्चंद्र सिंह ने चल रहे श्रमदान के साथ पौधरोपण किया। उन्होंने युवाओं को जल संरक्षित करने के संदेश दिए। बारिश का पानी रोकने के लिए तालाब ही एकमात्र अच्छा संसाधन है। जिससे पृथ्वी का जल स्तर बढ़ सकता है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ धनन्जय सिंह ने कहा कि बिना पानी के जीवन संभव नहीं है। लाख विकास कर ले हम फिर भी हमारा जीवन सुरक्षित नहीं है। जब तक हमारी प्राकृतिक सुरक्षित नहीं है।आज निरंतर घटता भूजल स्तर चिंता का विषय है। हमें भविष्य को लेकर समय से सचेत होना होगा। तभी हमारा कल सुरक्षित रहेगा।



कार्यक्रम की अध्यक्षता नेहरू युवा केंद्र की उपनिदेशक डॉ आराधना राज ने सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान करते हुए नेहरू युवा केंद्र की ओर से चलाए जा रहे फरवरी माह से मई माह तक कैच द रेन फेज तृतीय बारे में उन्होंने विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन पूर्व एनवाईवी राघवेंद्र प्रताप सिंह ने किया। यह कार्यक्रम एन वाई वी विवेक मिश्रए विकासए सुमित्रा देवी के संयोजन में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के अंत में खंड विकास अधिकारी ने युवाओं को जल शपथ दिलाकर जल संचयन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर पूर्व एनवाईवी ललित कुमार, रमेश कुमार, रोली सिंह, छात्रा श्रद्धा मिश्रा, रिया चौरसिया, वंदना दिव्या गौतम, साक्षी, मानसी, खुशी, कोमल,साक्षी मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## गहलोत-पायलट टकराव

### सुलह की आशा

**कांग्रेस** को उम्मीद है कि वह राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व पूर्व उप-मुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच जारी टकराव दूर करने में सफल होगी। जॉन एफ. कैनेडी ने कहा था, 'विजय के हजारों समर्थक होते हैं, वे उसका एकसाथ पोषण करते हैं तथा उसे मजबूत बना कर विश्वास से भर देते हैं।' हाल ही में कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की शानदार विजय ने देश की सबसे पुरानी पार्टी में अनेक प्रकार से उत्साह भर दिया है। निश्चित रूप से इसने राजस्थान में पार्टी में सड़न व टकराव का दुष्चक्र तोड़ने में भी सहायता की है। सोमवार को आलाकमान ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत तथा उनके राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी व पूर्व उप-मुख्यमंत्री सचिन पायलट को दिल्ली बुलाया था। राहुल गांधी तथा पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व इन दोनों के बीच चार घंटे चर्चा हुई। वरिष्ठ पार्टी नेता के.सी. वेणुगोपाल ने बैठक के बाद बिना कोई विस्तृत विवरण दिए खुलासा किया कि 'दोनों नेताओं ने एकमत से एकसाथ काम करने तथा निर्णय आलाकमान पर छोड़ने का फैसला किया।' सरसरी तौर से देखने पर तो यह सामान्य बयान लगता है, लेकिन कांग्रेस के नेताओं ने बड़े लंबे समय बाद राहत की सांस ली होगी कि दोनों 'परस्पर असहमत' नेता एकसाथ बैठे। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि राजस्थान में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं और राज्य में हर पांच साल में सरकार बदलने की परंपरा रही है। गहलोत व पायलट की बीच जारी बेलगाम जंग ने राज्य में पार्टी की छवि खराब की है। कुछ समय पहले पार्टी को कर्नाटक में भी राजस्थान जैसे टकराव का भय सता रहा था। लेकिन अब मुख्यमंत्री सिद्धारमैया तथा राज्य पार्टी अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार के बीच समझौता करवा कर कांग्रेस राजस्थान में कर्नाटक दुहराने का प्रयास कर रही है।



हालांकि, यह कांग्रेस के लिए आसान नहीं होगा क्योंकि गहलोत व पायलट के बीच टकराव बहुत तीखा था और उसमें अनेक सीमारेखायें तोड़ी गई थीं। गहलोत ने पायलट के खिलाफ अनेक अशोभनीय टिप्पणियां की थीं। पायलट ने अपनी ओर से गहलोत सरकार की निन्दा की थी कि उसने वसुंधरा राजे सिंधिया के नेतृत्व वाली पूर्व भाजपा सरकार के खिलाफ कथित भ्रष्टाचार आरोपों पर कोई कार्रवाई नहीं की थी। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि क्या गहलोत व पायलट 'दुश्मनी' भूलने को तैयार होंगे? न केवल कांग्रेस, बल्कि पूरा विपक्ष यही चाहता है क्योंकि ऐसा न होने पर न केवल कांग्रेस आगामी राज्य विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को चुनौती देने की बेहतर स्थिति में नहीं होगी, बल्कि 2024 के आम चुनाव में भी उसकी स्थिति अच्छी नहीं होगी। गहलोत-पायलट टकराव समाप्त होने से पूरे विपक्ष की शक्ति बढ़ेगी। अनेक विपक्षी नेता भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ गठबंधन बनाने का प्रयास कर रहे हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना में कुछ दिनों में एक बैठक बुलाई है तथा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी नेता शरद पवार भी इस दिशा में काम कर रहे हैं। कांग्रेस में पैदा नए विश्वास के साथ ये सारे प्रयास विपक्ष के पक्ष में गणित को बेहतर बना सकते हैं। लेकिन इतना काफी नहीं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाजपा के एकमात्र ट्रंप कार्ड नहीं हैं। भाजपा ने एक राजनीतिक बहस तेज करने में सफलता पाई है जिसका संबंध 'शक्तिशाली राष्ट्रवाद', हिंदुत्व तथा अभूतपूर्व ढांचागत विकास से है। विपक्ष के पास फिलहाल इसका कोई उपयुक्त 'विकल्प' नहीं है, जबकि भाजपा अपनी नौ साल की उपलब्धियों का देशव्यापी प्रचार करने के लिए मैदान में उतर गई है।

# मोदी की 'भारत प्रथम' नीति

'भारत प्रथम' नीति राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था विस्तार को नई दिशा दे रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ढांचागत विकास पर विशेष जोर दिया है।



**तरुण चुग**
(लेखक, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव हैं।)




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले नौ साल में 'भारत प्रथम' प्रशासन को बढ़ावा दिया है। प्रशासन के हर क्षेत्र में भारत प्रथम को निर्देशक सिद्धान्त बनाया गया है। भारत के राष्ट्रीय हित अब प्रशासन को निर्देशित करते हैं। पिछले नौ साल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'हां, हम कर सकते हैं' दृष्टिकोण अपनाया है। इसने आश्चर्यजनक नतीजे दिखाए हैं। भारत अब दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। विकसित दुनिया भारत को अपने साथ लेना चाहती है। दूसरी ओर गरीब देश भारत को उम्मीद भरी नजरों से देखने लगे हैं। प्रशांत, हिंद महासागर, कैरीबियन व अन्य स्थानों पर छोटे द्वीपीय देश भारत को अपना रक्षक मानते हैं। अफ्रीकन और लैटिन अमेरिकन देशों ने भयानक विनाश व लाखों लोगों की मौत का कारण बनने वाली कोविड-19 वैश्विक महामारी के समय में भारतीय सहायता का अनुभव किया है। प्रधानमंत्री मोदी 2014 में 28 साल बाद आस्ट्रेलिया की यात्रा करने वाले भारतीय प्रधानमंत्री थे। इस यात्रा ने दोनों देशों के बीच संबंध बेहतर बनाए।

अब भारत और आस्ट्रेलिया रणनीतिक सहयोगी हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने पापुआ न्यू गाइना समेत अनेक देशों की यात्रा की जो अनेक वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा थी। यह दृष्टिकोण भारतीय विदेश नीति में आमूल परिवर्तन का प्रतीक बना जिसने भारत को दुनिया भर में अनेक मित्र व शुभचिंतक बनाने में सहायता की। अब दुनिया के किसी भी हिस्से में भारतीयों का हार्दिक स्वागत होता है। भारतीय पासपोर्ट को दुनिया के सभी आप्रवास कार्यालयों में महत्व मिला है। अब दुनिया के सभी लोग भारतीय तिरंगे को अच्छी तरह पहचानते हैं। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'भारत प्रथम' रणनीति का प्रभाव है। इस प्रकार उन्होंने प्राचीन भारतीय दर्शन के 'वसुधैव कुटुम्बकम' को मूर्त रूप प्रदान किया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में युवाओं की उद्यमी शक्ति को भी मुक्त किया है। इसके लिए उन्होंने अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में भारत प्रथम नीति को लागू किया है। सरकारी ई-मार्केटप्लेस या जेम पोर्टल ने बिचौलियों को तगड़ा धक्का दिया है। इससे बिजनेसमैनों को बिना किसी पूर्वाग्रह व बाधा के सरकारी विभागों द्वारा की जाने वाली खरीद में हिस्सा लेने का अवसर दिया है। इससे बिजनेसमैनों में बहु-प्रतीक्षित विश्वास पैदा हुआ है कि वे बिना रिश्वत दिए देश की आर्थिक गतिविधियों में सहभागी बन सकते हैं। नौजवानों में आत्मविश्वास का व्यापक प्रसार हुआ है। हालिया वर्षों में लगभग एक लाख स्टार्टअप सामने आए हैं। इनमें 100 से अधिक यूनीकार्न शामिल हैं जिनका मूल्य 1 बिलियन डालर से अधिक है।

हैदराबाद के ऐसे ही एक स्टार्टअप ने अपना छोटा उपग्रह भी बनाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भारत प्रथम नीति के कारण सरकार ने अंतरिक्ष क्षेत्र को भी निजी क्षेत्र के लिए खोल दिया है। अब इस क्षेत्र को खोले जाने का लाभ उठाते हुए सैकड़ों स्टार्टअप अंतरिक्ष क्षेत्र में कार्यरत हैं। भारत प्रथम मंत्र ने 'अमृत काल के पंच प्राण' को स्थापित किया है। इनका अर्थ विकसित भारत का लक्ष्य, औपनिवेशिक सोच के सभी अंशों को समाप्त करना, अपनी जड़ों के प्रति गर्व करना, सभी भारतीयों के बीच एकता स्थापित करना तथा सभी नागरिकों में दायित्व बोध पैदा करना है। पंच प्राण या पांच निर्देशक सिद्धान्तों का समुचित कार्यों से समर्थन किया गया है और वे नतीजे दिखाने लगे हैं। भारत की 'बिजनेस सुगमता' सूचकांक में रैंकिंग में काफी सुधार हुआ है। 2014 में उसका इस रैंकिंग में स्थान 142वां था, जबकि यह 2019 में 63वां हो गया। वर्तमान समय में भारत की बिजनेस सुगमता रैंकिंग में 43 हो गई है। बिजनेसमैनों में विश्वास बढ़ाने के लिए कंपनी कानून में अनेक अपराधों का अब 'वि-अपराधीकरण' किया गया है। इसका अर्थ है कि अब ऐसी कमियों या गलतियों को अपराध नहीं माना जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लागू की गई भारत प्रथम नीति के चलते देश में बेरोजगारी में भारी कमी आ रही है। जनवरी, 2020 में जहां बेरोजगारी दर 7.2 प्रतिशत थी, वहीं यह जनवरी, 2023 में गिर कर 6.5 प्रतिशत रह गई। इस योजना के अंतर्गत भारतीय नौजवानों को कौशल प्रदान करने का काम तेज किया गया है। युवाओं को कौशल प्रदान करने के लिए अनेक विकसित देशों से द्विपक्षीय समझौते किए गए हैं। इससे युवाओं को कुशल बनाने की गति में और तेजी आई है। राज्य सरकारों ने भी अब अच्छी तरह समझ लिया है कि नौजवानों को कुशल बनाने के लिए उनको अपने संसाधन खर्च करने चाहिए। इससे पूरे देश में नौजवानों में आत्मविश्वास और बढ़ रहा है। यह भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भारत प्रथम नीति का परिणाम है कि भारत मोबाइल फोनों के उत्पादन में दुनिया में दूसरे स्थान पर आ गया है। इसके साथ ही भारत में आटोमोबाइल क्षेत्र में भी तेज प्रगति की है। भारत प्रथम नीति ने एलेक्ट्रानिक चिपों के निर्माण में भी नीतियों को तेजी से मजबूत व गतिशील किया है। भारत चिपों के निर्माण में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। गुजरात व कर्नाटक में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश से दो बड़े उद्यम स्थापित किए जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'भारत प्रथम' नीति के अंतर्गत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता अभियान शुरू किया है। उल्लेखनीय है कि 2014 से पहले भारत दुनिया के सबसे बड़े हथियार आयातकों में शामिल रहा है, पर प्रधानमंत्री मोदी ने सत्ता में आते ही देश के घरेलू उद्योगों को रक्षा उत्पादन से जोड़ने की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए। इसके कारण आज देश लगातार न केवल रक्षा उत्पादन के मामले में आत्मनिर्भर हो रहा है, बल्कि उसका रक्षा निर्यात भी तेजी से बढ़ रहा है। रक्षा क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर अभियान के चलते अनेक प्रकार के आयुधों, गोला बारूद, उपकरणों व अन्य सामग्रियों का देश में अनिवार्य रूप से उत्पादन हो रहा है, जबकि अतीत में इनका निर्यात किया जाता था। इस नीतिगत परिवर्तन के परिणामस्वरूप रक्षा क्षेत्र में जीवन्त रूप से निजी क्षेत्र के अनेक उद्यम सक्रिय हो गए हैं। इसके साथ ही अनेक स्टार्टअप भी रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर अभियान में शामिल हुए हैं। मोदी सरकार ने रक्षा क्षेत्र में अनुसंधान व शोध पर भी बहुत जोर दिया है। इसके परिणामस्वरूप शोध एवं विकास की सरकारी एजेंसियों को निजी क्षेत्र से जोड़ा गया है। ये एजेंसियां निजी उद्यमों की लगातार सहायता कर रही हैं। इससे रक्षा क्षेत्र में कार्यरत निजी उद्यमों को अपनी प्रतियोगिता क्षमता बढ़ाने में मदद मिली है, वे प्रतियोगिता में सक्षम फर्मों का गठन कर रही हैं तथा दुनिया में सर्वोत्तम उत्पादों के निर्माण में प्रतियोगिता कर रही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई भारत प्रथम नीति ने अर्थव्यवस्था के विस्तार में महत्वपूर्ण दिशा दी है। मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने ढांचागत संरचनाओं के विकास पर खास जोर दिया है। देश की अधिकांश राज्य सरकारों ने भी ढांचागत संरचनाओं के विकास को महत्व दिया है। भाजपा शासित राज्य सरकारें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से अपने स्तर पर भी ढांचागत विकास को बहुत बढ़ावा दे रही हैं जिससे आधुनिकतम संचार, परिवहन व अन्य सेवायें सुदूर गांवों तक पहुंच रही हैं। ढांचागत परियोजनाओं के विकास में बिजली क्षेत्र को भी प्राथमिकता मिली है जिससे देश के आजादी के बाद से 2014 तक छूटे अनेक क्षेत्रों तथा सुदूर व दुर्गम क्षेत्रों का तेजी से विद्युतीकरण हुआ है। ढांचागत विकास में 'पीएम गति शक्ति' योजना एक प्रमुख हस्तक्षेप के रूप में सामने आई है जिससे लाजिस्टिक खर्च काफी कम हुआ है।


भारत पर्यटकों के लिए भी सर्वोच्च वैश्विक लक्ष्य बन रहा है। जी 20 की अध्यक्षता के साथ भारत ने दुनिया के अनेक देशों में अपनी छवि में आमूल परिवर्तन किया है। अब दुनिया के अनेक देशों के लोगों में भारत के बारे में जिज्ञासा बढ़ी है।

प्रधानमंत्री मोदी की भारत प्रथम नीति को इस बात का श्रेय दिया जाना चाहिए कि नीतिगत रूप से अनेक ऐसे क्षेत्रों पर ध्यान दिया जा रहा है जिन पर पहले कभी ध्यान नहीं दिया गया था। इससे देश की अर्थव्यवस्था के तेजी से विकास के नए आयाम विकसित हो रहे हैं।

# एक राष्ट्र का फलना-फूलना

"यह अत्यधिक गर्व और खुशी का विषय है कि हम अपनी आजादी के 75वें वर्ष में विश्व पटल पर इतनी शानदार स्थिति में खड़े हैं।"

**सद्गुरु जग्गी वासुदेव**
(लेखक, आध्यात्मिक उपदेशक हैं।)



हम आज एक नए भारत की दहलीज पर खड़े हैं, जो दुनिया पर अपनी छाप फिर से स्थापित करने के लिए शानदार ढंग से तैयार है।

भारत वर्तमान में दुनिया भर में जो सम्मान हासिल कर रहा है, वह एक ऐसी दृष्टि से उपजा है, जो व्यापक है – न केवल राष्ट्र के लिए विकास और उन्नति पर केंद्रित है, बल्कि भारत के मूल – हमारे आध्यात्मिक लोकाचार को पुनर्स्थापित करने और पुनर्जीवित करने पर भी समान रूप से केंद्रित है। मैं इन महत्वपूर्ण पहलुओं पर भारत को आगे बढ़ाने में उनके समर्पित प्रयास और नेतृत्व के लिए देश के नेताओं और माननीय प्रधानमंत्री की सराहना करता हूं।

***योग की विरासत :***

भारत समृद्ध आध्यात्मिक विरासत समेटे हुए है – एक ऐसी परंपरा जो धर्म, विश्वास, संप्रदाय या समुदायों की सीमाओं तक सीमित नहीं है। यह एक ऐसी संस्कृति है जिसने अनगिनत संतों, मुनियों और मनीषियों को जन्म दिया है जिन्होंने मानव चेतना की गहराई का पता लगाया है और योग के विज्ञान के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति को अपनी उच्चतम क्षमता खोजने के तरीके और उपाय बताए हैं। योग के महत्व और प्रभाव को विश्व स्तर पर उस हद तक समझा जा रहा है,जितना पहले कभी नहीं समझा गया, भारत को इसके स्रोत के रूप में स्वीकार किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा 2014 में किए गए प्रस्ताव के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की घोषणा होना और 177 सदस्य देशों द्वारा स्वीकार किया जाना, इस संबंध में एक बहुत ही महत्वपूर्ण कदम था। हर साल, यह दिन योग के लाभों को उजागर करने, इसके अभ्यास को प्रोत्साहित करने और व्यक्तियों और समुदायों के बीच स्वास्थ्य, सद्भाव और शांति को बढ़ावा देने के अवसर के रूप में कार्य करता है।

***आध्यात्मिक पुनर्जागरण :***

अंतरराष्ट्रीय पटल पर योग की स्थापना के अलावा, हमारी समृद्ध विरासत और संस्कृति के गौरवशाली केंद्रों के पुनरुद्धार की अगुआई में प्रधानमंत्री श्री मोदी के बारे में जानना विशेष रूप से हृदयस्पर्शी रहा है।

काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की स्थापना के साथ काशी का परिवर्तन, मेगा चार धाम परियोजना जिसमें केदारनाथ और बद्रीनाथ मंदिरों का विकास शामिल है, गुजरात में प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर और उज्जैन में महाकाल मंदिर का जीर्णोद्धार ऐसे प्रयास हैं, जिनसे देश के नागरिक लाभान्वित होंगे और वैश्विक मंच पर आध्यात्मिक शिक्षा और विकास के लिए भारत एक जीवंत केंद्र के रूप में सुदृढ़ होगा।

***प्रकृति के साथ तालमेल :***

भारतीय आध्यात्मिक परंपरा व्यक्ति और ब्रह्मांड के बीच संबंधों पर एक अनूठा दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है। इन्हें अलग-अलग संस्थाओं के रूप में देखने के बजाय, परंपरा ने हमेशा सभी चीजों की परस्पर संबद्धता और अस्तित्व की मौलिक एकता पर बल दिया है। इसके परिणामस्वरूप सभी जीवन के लिए सम्मान होता है, जो सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण का आधार बन जाता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मोदी के कार्यकाल के दौरान कई पर्यावरणीय पहलकदमियां फली-फूली हैं। देश में बहने वाली 13 नदियों के कायाकल्प के लिए 19,000 करोड़ रुपये का आवंटन किया जाना, कावेरी पुकारे आंदोलन का प्रभाव, भारत की आबादी के लिए जल सुरक्षा के लिए आवश्यक है। प्रदूषण को कम करने पर जोर देने के साथ गंगा नदी को साफ करने के लिए नमामि गंगे कार्यक्रम, का आगाज़ किया जाना, भारत की सबसे पवित्र नदी को संरक्षित करने की प्रतिबद्धता है। हम सभी को खड़े होना चाहिए और पर्यावरण को संरक्षित करने और भारत के लिए हरित भविष्य को बढ़ावा देने के लिए अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए।

***समावेशी विकास :***

हमारे प्यारे भारत जैसे असंख्य पहलुओं वाले विशाल देश में, एक ऐसा विकास अनिवार्य है जो बहु-आयामी होने के साथ-साथ सर्व-समावेशी, सुलभ और टिकाऊ भी हो। माननीय प्रधानमंत्री को आर्थिक विकास को बढ़ावा देने वाली पहल करने के साथ-साथ सभी के समग्र कल्याण के लिए दुनिया भर में मान्यता प्राप्त है।

एक तरफ प्रधानमंत्री मोदी की पहल ने भारत को डिजिटल युग में आगे बढ़ाया है, समावेशी विकास और पारदर्शी शासन के लिए प्रौद्योगिकी का समुचित रूप से लाभ उठाते हुए, यह सुनिश्चित करने के लिए काम किया जा रहा है कि समाज के सभी वर्गों को देश की वित्तीय वृद्धि में शामिल कर सहभागी बनाया जा सके। इंफ्रास्ट्रक्चर और विकास परियोजनाएं, स्वच्छ भारत अभियान जैसी सामूहिक जागरूकता परियोजनाओं का उद्देश्य देशभर में लोगों के जीवन में तेजी से बदलाव लाना है।

***75 साल, राइजिंग इंडिया :***

यह अत्यधिक गर्व और खुशी का विषय है कि हम अपनी आजादी के 75वें वर्ष में विश्व पटल पर इतनी शानदार स्थिति में खड़े हैं। यह हमारे लिए, विशेष रूप से भारत की जी20 की अध्यक्षता वाले वर्ष में, मिट्टी की उर्वरता और जलवायु परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण एजेंडा में नेतृत्व करने का एक जबरदस्त अवसर है।

हम व्यक्तिगत पहलों की सफलता की गणना और चर्चा चाहे करें या ना करें। किंतु, देश की तेजी से सर्वांगीण प्रगति को नकारा नहीं जा सकता है। सर्वांगीण और त्वरित प्रगति एक नए और जीवंत भारत के दृष्टिकोण से अवश्य ही पोषित है।

एक दृष्टि जिसने निस्संदेह एक अरब से अधिक लोगों को प्रभावित किया है, लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि इसने देश और दुनिया भर में कई लोगों को प्रेरित किया है। एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य।

## आप की बात

### भ्रमित कांग्रेस

**कांग्रेस** का यह दावा कई सवाल खड़े करता है कि क्या नेहरू को उस समय दिए गए सैंगोल का सत्ता हस्तांतरण से कोई संबंध नहीं है? फिर पंडित नेहरू ने इसे स्वीकार ही क्यों किया एवं इसे इलाहाबाद में संग्रहालय में रखने का भी क्या कारण था? कांग्रेस सत्ता हस्तांतरण के इस प्रसंग की अनदेखी क्यों कर रही है ? कांग्रेस आज सेंगोल के इतिहास को झुठला रही है। कांग्रेस आजादी के बाद बने इस संसद भवन को आज स्वीकार क्यों नहीं कर पा रही है? जनता भी इसी बात से दुखी है कि देश को आजादी दिलाने वाली यह कांग्रेस क्यों कर अपना अच्छा कार्य छिपाकर अपने लिए आज अपमान कमा रही है? शायद उसे अपनी विरासत के साथ देश की संस्कृति एवं परंपराओं की उपेक्षा करने की आदत सी हो गई है। संसद भवन के शिलान्यास से लेकर उसके निर्माण व उद्घाटन तक कांग्रेस ने इसका जैसा अपमान किया है, उसे भी जनता आश्चर्य से देख रही है। नेहरूजी या इंदिरा जी अगर आज जीवित होते तो उन्हें भी वर्तमान कांग्रेस के इस तरह के बर्ताव को लेकर काफी दुख होता। शायद कांग्रेस को नौ साल में मोदी की लोकप्रियता बर्दाश्त नहीं हो रही है और इसी कारण वह मोदी का आंख बंद कर विरोध करने पर आमादा है।

– **एमएम राजावत राज,** शाजापुर

### लोकतंत्र का मंदिर

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने नया संसद भवन राष्ट्र को समर्पित किया। इसमें नंदी के साथ सेंगोल को स्थापित किया गया जिसे चोल साम्राज्य में सेवा, कर्तव्य और राष्ट्र के पथ के प्रतीक के रूप में देखा जाता था। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह केवल एक इमारत नहीं है बल्कि 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं और सपनों का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा, यह हमारे लोकतंत्र का मंदिर है जो दुनिया को भारत के संकल्प का संदेश देता है। भगवान बसवेश्वर का अनुभव मंटप्पा हम सभी के लिए गर्व की बात है। तमिलनाडु में पाए गए 900 ईस्वी के शिलालेखों पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह आज के दिन और युग में भी सभी को हैरान करता है। इस इमारत में विरासत, विरासत के साथ-साथ वास्तु, कला, कौशल, संस्कृति तथा इन सबके साथ-साथ संविधान के नोट्स भी हैं। लोकसभा की आंतरिक सज्जा राष्ट्रीय पक्षी मोर व राज्यसभा की थीम राष्ट्रीय फूल कमल पर है। संसद परिसर में राष्ट्रीय वृक्ष बरगद है। इस इमारत के कण-कण में एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना विद्यमान है। यह भवन एक नए, समृद्ध, मजबूत और विकसित भारत के निर्माण का आधार बनेगा।

– **रवि रंजन,** नई दिल्ली

### निर्मम हत्या

**दिल्ली** में एक और युवती की नशंस हत्या पूर्व में हुई ऐसी ही हत्याओं की अगली कड़ी है। जब यह भयानक हत्याकांड चल रहा था तब लोग सामान्य रूप से उस गली में से आ जा रहे थे। मगर उसे बचाना तो दूर किसी ने पुलिस को फोन करने तक का साहस नहीं किया। पुलिस प्रशासन को दोष देने के साथ-साथ हम लोगों की मानसिकता भी इसके लिए दोषी है। यदि कोई हत्यारे को रोकने का प्रयास करता या तत्काल पुलिस बुलाता तो शायद युवती आज जीवित होती। हैरानी है कि न तो युवतियों को यह इंद्रजाल नजर नहीं आता और न ही वह अपने साथ हो रही ज्यादती का किसी से जिक्र करती हैं। बेशक युवतियों को सभी प्रकार की स्वतंत्रता मिलनी चाहिए। मगर ऐसे वाकए यह भी बताते हैं कि हर युवती को अपने खुद की सुरक्षा करना आना चाहिए। उसे चली स्प्रे जैसे साधन अपने साथ रखने चाहिए। परिजनों को भी अपनी बेटियों की रक्षा का विशेष ध्यान रखना होगा और ध्यान रखना होगा कि कहीं वह किसी साजिश का शिकार तो नहीं हो रही है। इसके लिए नागरिकों में व्यापकतम सपर्क व संवाद जरूरी है।

–**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### इस्राइल का फैसला

**फिलिस्तीनी** श्रमिकों पर निर्भर रहने के बजाय इज़राइल ने भारत से 10,000 श्रमिकों को बुलाने का निर्णय लिया है। भारत सरकार ने इस बारे में इज़राइल के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इन श्रमिकों में से आधे निर्माण क्षेत्र के लिए नियत हैं, जबकि शेष आधे नर्सिंग भूमिकाओं के लिए नामित हैं। मगर क्या भारतीयों का वहां पर जाना और काम करना सुरक्षा दृष्टि से ठीक रहेगा? फिलिस्तीनियों के साथ इस्राइलियों का संघर्ष होता रहता है। ये टकराहट और बढ़ने की उम्मीद है क्योंकि इजराइल ने भारतीय कामगारों को वहां आमंत्रिक किया है। इससे भारतीय कामगारों व स्थानीय फिलिस्तीनियों व संभवतः अरब नागरिकों से टकराव की आशंका बढ़ सकती है। अब तक फिलिस्तीन में भारत, भारतीय नागरिकों व भारत सरकार का काफी सम्मान रहा है। विदेश मंत्रालय को सोचना होगा कि कहीं इससे भारत की छवि न खराब हो क्योंकि वह हमेशा इस्राइली विस्तारवाद के खिलाफ फिलिस्तीनी जनता के संघर्ष का समर्थन करता तथा न्याय का पक्ष लेता रहा है।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## डिप्टी सीएम ने की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक



**अंबेडकर नगर।** ब्रजेश पाठक, उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं व विकास कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में एमएलसी डॉ हरिओम पांडे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुन्दर वर्मा, जिलाधिकारी अविनाश सिंह, पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार सिन्हा, मुख्य विकास अधिकारी अनुराग जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ मिथिलेश त्रिपाठी, एडीएम डॉ सदानंद गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक संजय राय तथा जिला विकास अधिकारी की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक के दौरान उप मुख्यमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, निराश्रित गोवंश को संरक्षित करना, टीकाकरण कार्यक्रमए मुख्यमंत्री निराश्रित, बेसहारा गोवंश सहभागिता योजना, गोवंशिय एवं महिष बंशीय पशुओं की ईयर टैगिंग, चिकित्सकों की उपलब्धताए प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, परिवार नियोजन, दवाओं की उपलब्धता, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेशए सामुदायिक शौचालय निर्माण की स्थिति, ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन निर्माण की स्थिति, अमृत योजना. जलापूर्ति, स्वच्छ भारत मिशन (नगरी) खुले में शौच से मुक्तए प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजनाए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल मिशन, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना, रिक्त दुकानों का व्यवस्थापन, मत्स्य पालन हेतु तालाबों का आवंटन, पेंशन योजनाएं, प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम, शादी अनुदान योजना, माननीय मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राज्य पोषित छात्रवृत्ति योजना, कन्या सुमंगला योजनाए सामाजिक वनीकरण, दुग्ध समितियों का गठन एवं पुनर्गठन, गन्ना मूल्य भुगतान, ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत अवस्थापना सुविधाओं का संतृप्ति करण, कौशल विकास मिशन, ई डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के माध्यम से सेवाओं की स्थिति, स्वरोजगार योजनाएं, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार सृजन योजना आदि की समीक्षा बिंदुवार की गई।

मंत्री ने समीक्षा के दौरान संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश करते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग में खाली पदों को तत्काल भरा जाए, पीएचसी, सीएचसी पर संबंधित वरिष्ठ अधिकारी लगातार भ्रमण कर वहां पर संचालित समस्त सुविधाओं का जायजा निरंतर लेते रहे साथ ही साथ सिटी स्कैन, डायलिसिस एवं अन्य मशीनों के संचालन की स्थिति पर पैनी निगाह बनाए रखें और इन सेंटरों पर हेल्थ वैलनेस सेंटर की मॉनिटरिंग निरंतर की जाए ताकि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा ना होने पाए। समस्त स्वास्थ्य केंद्रों पर दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए इसमें किसी प्रकार की कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनपद में समस्त पात्रों का आयुष्मान कार्ड अभियान के रूप में बनाया जाना सुनिश्चित की जाए। ग्रामीण क्षेत्रों के पंचायत भवनों में जहां विद्युत कनेक्शन ना हो वहां तत्काल विद्युत व्यवस्था संचालित की जाए और साथ ही साथ उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण सामुदायिक शौचालय की साफ–सफाई, शौचालय में रनिंग वाटर एवं अन्य सुविधाएं सुदृढ़ की जाए इन कार्यों में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं होगी। उपमुख्यमंत्री ने जनपद में पात्र समस्त निराश्रित पेंशन, दिव्यांगजन एविधवा एवं अन्य पेंशन धारकों को ससमय से पेंशन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि अंतिम व्यक्ति तक शासन की समस्त संचालित योजनाएं पहुंचने चाहिए इसमें जिला प्रशासन के समस्त अधिकारी यह सुनिश्चित करें जनपद में संचालित समस्त योजना अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने में कोई कोताही ना हो। मंत्री ने बाल विकास योजना अंतर्गत समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों पर खिलौनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया उन्होंने कहा कि समस्त केंद्रों पर बच्चों के मानसिक विकास के दृष्टिगत गुणवत्तापूर्ण एवं बेहतर तकनीक वाले खिलौने अवश्य उपलब्ध कराएं ताकि बच्चों का मानसिक विकास में गति प्राप्त हो। बैठक के दौरान माननीय मंत्री जी द्वारा विकास कार्यों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान माननीय उप मुख्यमंत्री द्वारा निर्देश दिया गया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन को अवश्य मिले।विभाग बार समीक्षा के दौरान माननीय उप मुख्यमंत्री जी द्वारा निर्देश दिए गए पेंडेंसी का यथाशीघ्र गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। बैठक के दौरान जनपदस्तरीय अधिकारी, जन प्रतिनिधि तथा संबंधित विभाग के अधिकारी, कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

## उपमुख्यमंत्री ने विकास योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया

**टाण्डा अम्बेडकर नगर।** उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्य मंत्री बृजेश पाठक ने अपने जनपदीय दौरे पर सरकार द्वारा चलाई जा रही विकास योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। आज दोपहर बाद उप मुख्यमंत्री टाण्डा तहसील के पुन्थर गरम में स्थित सनधावा ताल व सी एच सी टाण्डा तथा बस स्टैंड टाण्डा में बन रहे वर्कशाप डिपो व ग्राम चिंतौरा के पंचायत भवन को देखा और वे सन्तुष्ट नजर आए।

ग्राम पुन्थर के संधावा ताल में उन्होंने मोटर बोट पर बैठ कर नौका विहार ही किया। केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का वर्णन करते हुए कहा कि केंद्र की 9 व प्रदेश की 6 साल से चल रही विकास योजनाएँ दिखाई पड़ रही है उन्होंने कहा कि पुन्थर झील में लोग मनोरंजन कर सकें साथ ही मांझी भाई लोगों को रोजगार भी मिलेगा इस झील पर ढेर सारे कसम बाकी है अभी विधुतीकरण व किनारे घाट बनना है और एक रेस्टोरेंट भी बनेगा जो शीघ्र पूरा होगा उन्होंने जिला प्रशासन की तारीफ भी किया इसके बाद उप मुख्यमंत्री सी एच सी टाण्डा पहुंचे जहां पर उन्होंने एम सी एच विंग का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया बस स्टेशन टाण्डा परिसर में निर्माणाधीन वर्कशाप डिपो पहुंचे और पहुंचते ही कार्यदायी संस्था के अभियंता से मात्र इतना ही पूछा कि इसका हैंड ओअर कब तक होगा जिसपर अभियंता ने 15 दिन का समय मांगा। बस स्टेशन परिसर की जलनिकासी का मुद्दा भाजपा सभासद चिसियावन मौर्य ने उठाया जिसपर श्री पाठक ने अधिकारियों को निस्तारण करने का निर्देश दिया। पाठक ने टाण्डा तहसील के ग्राम चिंतौरा के पँचायत भवन का भी निरीक्षण किया। डीएम पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार सिन्हा व जनपदीय सभी अधिकारी मौजूद रहे।

## न्यू दीन दयाल उपाध्याय यार्ड को नॉन इंटरलॉकिंग कर प्रदान की गई कनेक्टिविटी

- न्यू दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन से न्यू डगमगपुर तक पहली मालगाड़ी का परिचालन शुरू
- इस सेक्शन के खुलने से ईडीएफसी की सीधी कनेक्टिविटी सोननगर बिहार से वेस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के माध्यम से होते हुए गुजरात के सानंद जिले तक

**प्रयागराज।** प्रयागराज यूनिट के 422 किमी सेक्शन रुट एवम ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का 1070 किमी ट्रैक सेक्शन चालू हो गया है। इस सेक्शन के चालू होते ही ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का 80 फीसद सेक्शन चालू हो गया है। वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी डॉ अमित कुमार मालवीय ने बताया कि डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के ईस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर जो पंजाब के लुधियाना से पश्चिम बंगाल के दनकुनी तक है। जिसकी दूरी 1875 किलोमीटर है। ईस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का अधिकतम हिस्सा उत्तर प्रदेश से होकर गुजरता है। ईस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर में न्यू दादरी से न्यू डगमगपुर स्टेशन तक ट्रेनों का परिचालन हो रहा है। प्रयागराज यूनिट के सेक्शन न्यू भाऊपुर से न्यू डीडीयू तक है जिसकी दूरी 422 किलोमीटर है।

आज न्यू दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन से न्यू डगमगपुर तक नव निर्मित डबल रेल लाइन ट्रैक पर जिसकी दूरी 43 किमी है। इस पर 58 बोगी लोडेड कोयला मालगाड़ी का परिचालन न्यू डगमगपुर की और किया गया एवम 42 लोडेड गेहूँ मालगाड़ी का परिचालन न्यू दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के लिए किया गया। इस सेक्शन के खुलने से प्रयागराज यूनिट के 422 किमी के सेक्शन में एवम ईस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर में 1070 ट्रैक किलोमीटर पर ट्रेनों का परिचालन शुरु हो गया। न्यू दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन पर मुख्य महाप्रबंधक पूर्व ओमप्रकाश अपर महाप्रबंधक परिचालन मनु प्रकाश दुबे ए बी सरन महाप्रबंधक एसएनटी पंकज जायसवाल महाप्रबन्धक इलेक्ट्रिकल डिप्टी सीपीएम इंजीनियरिंग यशपाल सिंह जीएमआर के राज सिंह टाक पीएमसी के कमल शर्मा एलएनटी के अमित मिश्रा कुणाल मुखर्जी मौजूद रहे। महाप्रबंधक समन्वय देवेंद्र सिंह की उपस्थिति में 42 लोडेड गेहूँ मालगाड़ी का परिचालन नई डगमगपुर से हुआ।

## कड़ी निगरानी में सम्पन्न हुई यूपी कैटेट परीक्षा



**मिल्कीपुर अयोध्या।** उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिक प्रवेश परीक्षा.2023 (यूपी कैटेट) कड़ी निगरानी के बीच बुधवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गई। आखिरी दिन परास्नातक, पीएचडी एवं एमबीए पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए कुल 4646 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। दूसरे दिन परीक्षा में 93.56 प्रतिशत अभ्यर्थियों की उपस्थिति रही। दूसरे दिन भी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने केंद्रों का निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। यूपी कैटेट परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न कराए जाने पर कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डाण् बिजेंद्र सिंह ने कुलसचिव कार्यालय के अधिकारियों एवं पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी साथ ही राज्य कृषि विश्वविद्यालयों के कुलपति व कुलसचिवों का आभार प्रकट किया है। कृषि विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डा. ऱाधाकृष्णन केवी ने बताया कि कैटेट प्रवेश परीक्षा के अंतिम दिन भी प्रवेश परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं सकुशल ढंग से संपन्न करा लिया गया है। पहली पाली में परीक्षा सुबह नौ बजे से 12 बजे तक और दूसरी पाली में परीक्षा तीन से पांच बजे तक आयोजित हुई। परीक्षा के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। परास्नातक की प्रवेश परीक्षा के लिए दस जनपदों मेरठए अयोध्याए बरेलीए लखनऊए बांदाए आगराए कानपुर, वाराणसी, झांसी और आजमगढ़ जनपदों में एक.एक परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। परास्नातक और पीएचडी के लिए प्रवेश परीक्षाएं प्रथम पाली में 9 से 12 बजे तक आयोजित हुईं। एमबीए पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश परीक्षा दूसरी पाली में 3 बजे से 5 बजे तक आयोजित हुईं। एमबीए की प्रवेश परीक्षा के लिए पांच जनपदों अयोध्या, लखनऊ, कानपुर, मेरठ, वाराणसी में एक.एक केंद्र बनाया गया था।

## क्विक न्यूज

### जिला उद्योग प्रोत्साहन पंजीयन पोर्टल पर

**अयोध्या।** शासन के निर्देश के क्रम में सहायक आयुक्त उद्योग कृते उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र गुलाब चन्द्र गौड़ ने बताया कि दिनांक 01 जून 2023 से 15 जून 2023 तक यूआरसी पोर्टल पर पंजीयन हेतु जनपद स्तर पर अभियान चलाकर पंजीयन कराया जाना है। पंजीकरण कराने हेतु उक्त दिवस में कार्यालय.जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र अयोध्या में सम्पर्क स्थापित कर सकते है अथवा पंजीकरण पद पर जाकर किया जा सकता है। पंजीकरण हेतु आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक का विवरण, मो.नं. आधार कार्ड से लिंक व ई.मेल आईडी अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि जनपद के समस्त उद्यमी/व्यापारियों को उद्यम रजिस्ट्रेशन से लाभ प्राप्त होंगे। जिसमें सूक्ष्म उद्यमियों को दुर्घटना बीमा 5 लाख रूपये देय होगी, विभिन्न टेन्डरों में ईएमडी अनुभव टर्न ओवर से छूट, बैंकों द्वारा विभिन्न ऋण योजनाओं में एमएसएमई को वरीयता, उद्यमी द्वारा सप्लाई के भुगतान लम्बित रहने पर फैसिलिटेशन काउंसिल द्वारा 18 प्रतिशत व्याज सहित भुगतान कराना, उद्यम पंजीकरण सेक्टर विशेष की 22 नीतियों के अन्तर्गत लाभ प्राप्त करने का आधार है, भारत सरकार की एमएसएमई योजनाओं का लाभ लेने हेतु आवश्यक है तथा भारत सरकार की विभागीय खरीद में एमएसएमई का कोटा आरक्षित है।

### एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन



**अयोध्या।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय परिसर, एवं माडल कैरियर सेंटर अयोध्या में दिनांक 31 मई को प्रातः 10 बजे से एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें 53 बेरोजगार अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया रोजगार मेले में प्रतिभाग कराया गया। 34 युवाओं को विभिन्न कंपनियों के एचआर के माध्यम से रोजगार प्राप्त हुआ, सहायक निदेशक, सेवायोजन पद्म वीर कृष्ण ने रोजगार मेले मे चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किये एवं आये हुए बेरोजगार युवाओं को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की, क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालयए परिसर अयोध्या में एक कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया, 33 युवाओं ने प्रतिभाग किया, सहायक रोजगार सहायता अधिकारी राम कुमार द्विवेदी ने काउंसलिंग में आये युवाओं को साक्षात्कार में सफल होने के गुण बताये।

### भाई की पत्नी को किया घायल

**टाण्डा अम्बेडकर नगर।** थाना अलीगंज क्षेत्र के ग्राम खासपुर में परिवारिक विवाद में भाई की पत्नी को धारदार हंसिया से मारकर घायल करने के मामले में पति पत्नी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। वादनी ज्योति पत्नी सुरेश पासवान ने बताया कि विपक्षी मनीष नशे में गाली दे रहा था जिसे मन किया तो मारपीट करने लगा और उसकी पत्नी मुमताज भी शामिल होगयी और मारपीट के दौरान हंसिया से मारकर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने धारा 323, 324, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

### गाली गलौज व धमकी का मुकदमा दर्ज

**टाण्डा अम्बेडकर नगर।** सीमेंट का बकाया पैसा मांगने पर गाली धमकी देने के आरोप में अलीगंज पुलिस ने एक व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। वादी पंकज कुमार गुप्ता निवासी मोहल्ला छज्जापुर कोतवाली टाण्डा ने आरोप लगाया है कि विपक्षी गुड्डू यादव पुत्र महात्मा निवासी असोपुर जो मेरी दुकान से सीमेंट ले गए थे उसका बकाया रुपया मांगने पर गाली व जश्न से मारने की धमकी दी । अभी कुछ दिन पूर्ब उसी थाना अलीगंज पुलिस ने मोबाइल फोन से गाली धमकी देने के आरोप में गुड्डू यादव की तहरीर पर पंकज गुप्ता के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था।

### तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**टाण्डा अम्बेडकर नगर।** आम तोड़ने के विवाद में बाग मालिक को मारने पीटने व गाली धमकी देने के आरोप में तीन लोगों के विरुद्ध हंसवर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मामला ग्राम औझिपुर का है। वादी विजय कुमार विश्वकर्मा पुत्र राम लखन ने आरोप लगाया कि उसकी बाग से विपक्षी दिनेश व रक्षा राम पुत्र गण राम सरोज व रामेश्वर आम तोड़ रहे थे मना करने पर गाली धमकी देते हुए मारा पीटा।पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

### समर कैंप आयोजित किया गया

**श्रावस्ती।** जनपद के समस्त विकास खण्ड के समस्त राजस्व ग्राम में प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन एवं शिक्षा विभाग के सहयोग से मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में समर कैंप का संचालन किया जा रहा है। इस समर कैम्प में स्वंयसेवी संस्थाओं के माध्यम से अपने अपने समुदाय में कक्षा 4,5,6 के 10 से 15 बच्चों के साथ 2 घंटे कक्षा संचालन किया जाएगा।

## मतभेद के बाद भी संबंध हों अटूटः चौधरी

**प्रयागराज।** ज़ी टीवी का फिक्शन शो मैत्री दिलचस्प सफर की कहानी है। जिसमें मैत्री श्रेनु पारिख और उसकी गहरी दोस्त नंदिनी भाविका चौधरी के बीच एक अटूट रिश्ता दिखाया गया है जो अपने बचपन से ही कभी एक दूसरे से जुदा नहीं रहीं। दोनों को यकीन है कि उनकी दोस्ती को कोई नहीं तोड़ सकता और वो अपनी अपनी शादियों के बाद भी पक्की दोस्त बनी रहेंगी लेकिन उनकी किस्मत को तो कुछ और ही मंजूर है। आगे क्या होगा जानने के लिए देखिए मैत्री रोज शाम साढ़े छह बजे सिर्फ ज़ी टीवी पर आएगा। छह साल के लीप के बाद मैत्री और नंदिनी का रिश्ता पूरी तरह बदल चुका है और हर्ष समर्थ जुरेल के आने से मैत्री की जिंदगी में अनजाने में अड़चन पैदा हो रही है। हाल के एपिसोडस में दर्शकों ने देखा कि मैत्री और हर्ष अपने मतभेदों के बावजूद प्रिंसी नंदिनी की कजिन की शादी रोकने के लिए एक साथ हो जाते हैं।

## निर्विवाद उत्तराधिकारियों का नाम खतौनियों में होगा दर्ज

- 30 मई से 31 जुलाई तक चलेगा विशेष अभियानः डीएम

**श्रावस्ती।** डीएम नेहा प्रकाश ने बताया है कि शासन के निर्देशानुसार राजस्व प्रशासन के द्वारा निर्विवाद उत्तराधिकारियों के नाम खतौनियों में दर्ज करने हेतु 30 मई से 31 जुलाई 2023 तक दो माह का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान को गति प्रदान करने उद्देश्य से राजस्व ग्रामों का निरीक्षण किया जायेगा। उन्होने समस्त उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदारों को निदेशित किया कि प्रत्येक राजस्व ग्राम के लिए भ्रमण कार्यक्रम हेतु राजस्व निरीक्षकों व लेखपालों को सूचित करेंगे। उन्होने बताया कि इस अभियान के अन्तर्गत 30 मई से 15 जून तक राजस्वध्तहसील अधिकारियों द्वारा भ्रमण कर राजस्व ग्रामो में प्रचार.प्रसार तथा खतौनियों को पढ़ा जाना तथा लेखपाल द्वारा वरासत हेतु प्रार्थना पत्र प्राप्त कर उन्हें आनलाइन भरा जायेगा। 16 जून से 1 जुलाई तक क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा ऑनलाइन जांच की प्रक्रिया के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। 2 से 17 जुलाई तक राजस्व निरीक्षकों द्वारा जांच एवं आदेश पारित करने की प्रक्रिया के अनुसार कार्यवाही की जाएगी तथा राजस्व निरीक्षक द्वारा राजस्व निरीक्षक के नामान्तरण आदेश को आर.6 में दर्ज करने के पश्चात खतौनी की प्रविष्टियों को भूलेख सॉफ्टवेयर में अद्यावधिक किया जायेगा।

18 से 23 जुलाई तक प्रत्येक लेखपाल, राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार तथा उपजिलाधिकारी से इस आशय का प्रमाण पत्र प्राप्त किया जायेगा कि उनके क्षेत्र के अन्तर्गत स्थित राजस्व ग्रामों में निर्विवाद उत्तराधिकार का कोई भी प्रकरण दर्ज होने से अवशेष नही है। 24 से 31 जुलाई तक अभियान के अन्त में जनपद की प्रत्येक तहसील के दस प्रतिशत राजस्व ग्रामों को रैण्डमली चिन्हित करते हुए उनमें इस तथ्य की जांच करायी जायेगी कि निर्विवाद उत्तराधिकार का कोई प्रकरण दर्ज होने से बचा नही है। इसके अतिरिक्त 7 अगस्त को राजस्व परिषद द्वारा सम्पूर्ण अभियान की प्रगति रिपोर्ट शासन को प्रेषित की जायेगी। उन्होने निर्देश दिए कि पंचायती राज विभाग एवं नगर विकास विभाग के अधिकारी विशेष रूप से राजस्व निरीक्षकों द्वारा आयोजित ग्राम राजस्व समिति की बैठक में परिवार रजिस्टरए जन्म मृत्यु रजिस्टर व अन्य सम्बन्धित अभिलेखों के साथ उपस्थित रहें, ताकि राजस्व अभिलेखों, पंचायती राज विभाग एवं नगर विकास विभाग के अभिलेखों में एकरूपता रहे और तीनों विभागों के द्वारा रक्षित अभिलेखों को एक ही साथ अद्यावधिक किया जा सके। साथ ही सभी उपजिलाधिकारियो को निर्देशित किया कि इस अभियान हेतु अपने तहसील क्षेत्रान्तर्गत राजस्व ग्रामों के भ्रमण हेतु निर्धारित तिथियों में सम्बन्धित ग्रामों का भ्रमण करते हुए शासन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार अभियान संचालित करायेंगे।

## जागरूकता से रोकी जा सकती है बुराइयांः एडीजे



मंचासीन न्यायिक अधिकारी।

**संतकबीरनगर।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/अपर जिला जज विकास गोस्वामी की अध्यक्षता में तहसील सभागार धनघटा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। संचालन नायब तहसीलदार राजेश मिश्रा द्वारा किया गया। अपर जिला जज विकास गोस्वामी द्वारा बताया गया की हर साल 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। मकसद तंबाकू के इस्तेमाल से होने वाले हेल्थ प्रॉब्लम के बारे में जागरूकता फैलाना है इस दिन संयुक्त राष्ट्र समेत कई वैश्विक संगठन मिलकर दुनिया भर तंबाकू के इस्तेमाल को कम कैसे किया जाए। नई नई रणनीतियां तैयार करते हैं विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक हर साल दुनिया भर में लगभग 3.5 मिलीयन हेक्टेयर जमीन तंबाकू उगाने के लिए इस्तेमाल में ली जाती है, जिसकी वजह से प्रतिवर्ष 200000 हेक्टेयर जंगलों से पेड़ों की कटाई होती है। वर्ल्ड नो टोबैको डे 2023 की थीम है हमें खाने की आवश्यकता है तंबाकू कि नहीं इस थीम के जरिए डब्ल्यूएचओ किसानों को तंबाकू उगाने की वजह ज्यादा से ज्यादा अनाज उगाने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है।

## रेलगाँव कॉलोनी सूबेदारगंज में मिशन लाइफ के तहत साइकिल रैली आयोजित

- मिशन लाइफ के तहत भारत सरकार चला रही पर्यावरण की रक्षा और प्राकृतिक संसाधनों के नासमझपूर्ण उपभोग के स्थान पर सुविचारित उपयोग को बढ़ावा देने के लिए अभियान



रैली में शामिल उत्तर मध्य रेलवे के अधिकारी।

**प्रयागराज।** बुधवार को महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे सतीश कुमार की अगुवाई में रेलगाँव सूबेदारगंज में साइकिल रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन उत्तर मध्य रेलवे खेल संघ के तत्वावधान में किया गया। सर्वप्रथम साइकिल रैली को महाप्रबंधक सतीश कुमार द्वारा रेलगाँव स्टेडियम से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। रैली स्टेडियम से प्रारंभ हो कर रेलगाँव रेलवे कॉलोनी के गेट से होते हुए वापस स्टेडियम तक आकर समाप्त हुई। रैली में महाप्रबंधक सतीश कुमार सहित उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय के प्रमुख विभागाध्यक्षों के साथ बड़ी संख्या में अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा उत्साहपूर्वक सहभागिता की गई।

मिशन लाइफ के तहत भारत सरकार द्वारा पर्यावरण की रक्षा और प्राकृतिक संसाधनों के नासमझपूर्ण उपभोग के स्थान पर सुविचारित उपयोग को बढ़ावा देने के लिए जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में भारतीय रेल भी बढ़ चढ़ कर सहभाग कर रही है और इस क्रम में जनजागरूकता अभियानों के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण के कार्य किए जा रहे हैं। जागरूकता अभियान के अंतर्गत सभी स्टेशनों पर जनजागरूकता संदेशों का प्रसारण करने के साथ ही जनजागरूकता अभियान भी चलाए जा रहे हैं। महाप्रबंधक सतीश कुमार ने पर्यावरण के बेहतर प्रबंधन के लिए सभी को प्रेरित किया और साथ ही साइकिल के नियमित प्रयोग से स्वास्थ्य को होन वाले लाभों तथा इसके पर्यावरण मित्र होने की बात भी कही। उन्होंने सभी को साइकिल के नियमित प्रयोग के लिए प्रेरित किया।

## गाजे-बाजे के साथ निकाली गई कलश यात्रा



**मिल्कीपुर अयोध्या।** क्षेत्र के प्रसिद्ध देवस्थान बाबा टोड़ेगिरि में बुधवार को श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ विशाल मंगल कलश शोभा यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा को यज्ञ स्थल के समीपवर्ती गांवों तथा देवस्थानों में गाजे.बाजे के साथ निकालकर जन जागरण किया गया। मुख्य यजमान ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पवन सिंह ने अतिथियों का सेहरा व माला पहना कर स्वागत किया। श्री वैभव लक्ष्मी महायज्ञ व श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिवस बाबा टोड़ेगिरि मंदिर परिसर से विशाल कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा का शुभारंभ रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने फीता काटकर किया। मुख्य यजमान पवन सिंह सिर पर भागवत पोथी व सैकड़ों महिलाएं पीत वस्त्र में सिर पर मंगल कलश धारण किए हुए मंगलगीत गाते हुए चल रही थीं। भक्ति में डूबे श्रद्धालुओं के जयघोष से माहौल भक्ति रस में डूब गया। कलश यात्रा मानूडीह व नौगवां गांव के प्रमुख मंदिरो तक गई। हरिद्वार से पधारे कथा व्यास कालिंदी चरण दास ने विधि विधान से व्यासपीठ एवं यज्ञ कुंड का पूजन कर कलश स्थापना के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया। मुख्य यजमान पवन सिंह ने बताया कि कथा एवं महायज्ञ 31 मई से 8 जून तक चलेगी। मंगल कलश शोभा यात्रा में बंशीधर द्विवेदी, भवानीफेर मिश्न, रमेश सिंह, महेश ओझा, रन बहादुर सिंह, अजय सिंह, रमा शंकर सिंह, संतोष मिश्रा, पवन मिश्रा, देवेन्द्र सिंह, जय हिंद सिंह, घनश्याम सिंह, अखंड प्रताप पांडे, योगेन्द्र प्रताप सिंह, हरीश सिंह सहित क्षेत्रीय जनता व अनेक गणमान्य लोग शामिल हुए।

## मुक्त विश्वविद्यालय में पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

- गणित और जंतु विज्ञान में पहली बार मिलेगा शोध का मौका

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**उत्तर प्रदेश** राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के सत्र 2023 24 के लिए रेगुलर मोड में पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया एक जून से प्रारम्भ हो रही है। विश्वविद्यालय पहली बार गणित एवं जंतु विज्ञान में पीएचडी प्रारंभ कर रहा है। जानकारी देते हुए पीएचडी प्रवेश परीक्षा समिति के समन्वयक प्रो पी के पांडेय ने बताया कि पीएचडी प्रवेश परीक्षा के लिए प्रवेश परीक्षा शुल्क एवं ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया एक जून से प्रारंभ होगी।

पीएचडी प्रवेश परीक्षा से संबंधित सभी जानकारी विश्वविद्यालय वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट यूपीआरटीओयू डॉट एसी डॉट इन पर उपलब्ध है। प्रो पांडेय ने बताया कि ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन आवेदन एवं प्रवेश परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 25 जून 2023 निर्धारित की गई है तथा विलंब शुल्क सहित प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन 3 जुलाई 2023 तक स्वीकार किए जाएंगे। आवेदकों को ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि होने पर सुधार करने हेतु 4 से 9 जुलाई तक का समय दिया जाएगा। प्रवेश परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र 18 जुलाई 2023 तक ऑनलाइन कर दिए जाएंगे।

पीएचडी प्रवेश परीक्षा की प्रस्तावित तिथि 25 जुलाई 2023 निर्धारित की गई है। प्रो पांडेय ने बताया कि विश्वविद्यालय में संचालित 15 विषयों में उपलब्ध 59 सीटों पर पीएचडी में प्रवेश हेतु प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की है। इसके अंतर्गत सर्वप्रथम प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। प्रो पांडेय ने बताया कि विश्वविद्यालय ने कंप्यूटर साइंस न्यूट्रिशन फूड एंड डायटेटिक्स पत्रकारिता एवं जनसंचार मध्य युगीन एवं आधुनिक इतिहास राजनीति विज्ञान वाणिज्य व्यवसाय प्रशासन एवं व्यवसाय प्रबंधन शिक्षा शास्त्र संस्कृत एवं प्राकृत भाषा सांख्यिकी हिंदी और आधुनिक भारतीय भाषाएं भूगोल प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व गणित एवं जंतु विज्ञान विषयों में पीएचडी हेतु आवेदन आमंत्रित किए हैं। प्रत्येक विषय में सीट का विवरण वेबसाइट पर देखा जा सकता है। मीडिया प्रभारी डॉ प्रभात चंद्र मिश्र ने बताया कि कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने पीएचडी प्रवेश परीक्षा के सफल संचालन हेतु प्रोफेसर पी के पांडेय को समन्वयक प्रो जे पी यादव को सह समन्वयक डॉ दिनेश सिंह एवं डॉ सतीश चन्द्र जैसल को सदस्य तथा डी पी सिंह परीक्षा नियंत्रक को सदस्य सचिव नामित करते हुए पीएचडी प्रवेश परीक्षा समिति 2023 गठित की है जो अभ्यर्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान प्रस्तुत करेगी।

पायनियर
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 1 जून, 2023



# मोदी सरकार के नौ साल सुरक्षा, राष्ट्रीय गौरव, विकास व गरीब कल्याण को समर्पितः अजय मिश्रा

- नेहरु युवा केंद्र द्वारा आयोजित युवा उत्सव कार्यक्रम में नौ साल-सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण विषय पर प्रदर्शनी का आयोजन किया
- केन्द्रीय मंत्री अजय मिश्रा ने किया केंद्रीय संचार ब्यूरो की प्रदर्शनी का उद्घाटन

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**नेहरु** युवा केंद्र द्वारा आयोजित युवा उत्सव - इंडिया/2047 कार्यक्रम में सूचना प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, लखनऊ द्वारा ''नौ साल-सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण'' विषय पर पं दीनदयाल उपाध्याय इंटर कालेज, गोला रोड, लखीमपुर खीरी में चित्र प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। प्रदर्शनी का उद्घाटन केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी ने किया। सदर विधायक योगेश वर्मा और केन्द्रीय संचार ब्यूरो के निदेशक मनोज कुमार वर्मा एवं अन्य विशिष्ट अतिथि इस अवसर पर उपस्थित थे। प्रदर्शनी को देखने के लिये स्कूली विद्यार्थियों समेत सैकड़ों लोगों का हुजूम उमड़ा। प्रदर्शनी को संबोधित करते हुये अजय मिश्रा टेनी ने कहा कि मोदी जी ने गरीब से गरीब व्यक्ति को घर, बिजली, गैस व स्वास्थ्य बीमा जैसी कई बुनियादी सुविधाएँ देकर उनके जीवन स्तर को उठाया है। यह वर्ग पहली बार खुद को देश की विकास यात्रा से जुड़ा महसूस कर रहा है। देश ने पहली बार ग्रामीण व शहरी भारत का समानांतर विकास देखा है। कहा कि मोदी सरकार के 9 वर्ष सुरक्षा, राष्ट्रीय गौरव, विकास व गरीब कल्याण के अभूतपूर्व संयोजन के वर्ष रहे हैं। आज एक ओर मोदी के नेतृत्व में देश सुरक्षित है और विश्व में गौरव के नए आयाम बना रहा है, वहीं दूसरी ओर सरकार ने विकास व गरीब कल्याण के नए मापदंड स्थापित किये हैं। कार्यक्रम में केंद्रीय संचार ब्यूरो निदेशक मनोज कुमार वर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार के नौ वर्ष सुरक्षा, राष्ट्रीय गौरव, विकास व गरीब कल्याण के अभूतपूर्व संयोजन के नौ वर्ष रहे हैं। प्रदर्शनी में केन्द्रीय संचार ब्यूरो द्वारा ''नौ साल-सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण'' विषय पर प्रचार साहित्य व पुस्तक का वितरण भी किया गया। प्रदर्शनी में युवाओं और विद्यार्थियों का हुजुम उमड़ पड़ा। विद्यार्थियों में केंद्र सरकार द्वारा चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं को जानने का रुझान देखा गया। कई विद्यार्थियों ने केंद्र सरकार द्वारा चलायी जा रही प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना, स्टैंड अप योजना के बारे में जाना तथा सम्बन्धित अधिकारियों से भविष्य में इससे मिलने वाले लाभ के बारे में भी जाना। महिला विद्यार्थियों ने नारी शक्ति से जुड़ी योजनाओं जैसे बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के बारे में जाना। प्रदर्शनी में केंद्र सरकार की विकास और गरीब कल्याण से जुड़ी उपलब्धियों, योजनाओं, नीतियों और कार्यक्रमों से जुड़े पैनल भी लगाए गए थे। इस आयोजन में सांस्कृतिक, प्रश्नोत्तरी एवं अन्य प्रतियोगिता सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया।

# डीएम ने जिला अस्पताल का किया आकस्मिक निरीक्षण

- इमरजेंसी वार्ड में 30 नए बेड बढ़ाए

**संवाददाता।** शाहजहाँपुर



**जिलाधिकारी** उमेश प्रताप सिंह ने राजकीय स्वसाशी महाविद्यालय जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। उन्होने कड़े निर्देश दिये कि वर्तमान गर्मी-लू इत्यादि के दृष्टिगत मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाये। उन्होंने इमरजेंसी वार्ड में 30 नए बेड बढ़ाए जाने के निर्देश भी दिये। डीएम ने इमरजेंसी वार्ड, मेल सर्जिकल वार्ड, एक्स-रे कक्ष तथा डिस्पेंसरी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मरीजों से बातचीत कर उनका हाल भी जाना और मरीजों से जानकारी ली कि उनसे उपचार के एवज में कोई पैसा तो नही लिया गया। निरीक्षण के दौरान इमरजेंसी वार्ड में साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त न पाए जाने पर उसे दुरुस्त करने तथा प्रधानाचार्य मेडिकल कॉलेज राजेश कुमार को इमरजेंसी में आने वाले मरीजों के लिए बेड संख्या बढ़ाने हेतु निर्देशित किया। मेल सर्जिकल वार्ड में भी सफाई व्यवस्था ठीक न पाए जाने पर जिलाधिकारी ने इसका विशेष ध्यान रखने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि इमरजेंसी में आने वाले मरीजों को तत्काल उपचार उपलब्ध कराया जाए किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। डीएम ने एक्सरे कक्ष के निरीक्षण दौरान मौजूद मरीजों तथा उनके परिजनों से बातचीत करते हुए जानकारी ली। उन्होंने डिस्पेंसरी की विंडो पर दवा ले रहे लोगो से दवाइयों की उपलब्धता के बारे में भी जानकारी ली तथा यह भी पूछा कि उनसे कोई पैसा तो नही लिया गया। जिस पर लोगों ने बताया कि उनसे कोई पैसा नहीं लिया गया। डीएम ने निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी मरीज को बेड के लिए प्रतीक्षा न करना पड़े, इसे सुनिश्चित किया जाए। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर सभी मरीजों से अच्छा व्यवहार करें तथा उन्हें आवश्यक दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करायें। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर नियमित रूप से भर्ती मरीजों से उनके स्वास्थ्य में सुधार की स्थिति की जानकारी अवश्य लें। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि यदि किसी मरीज से दुर्व्यवहार या लापरवाही बरतने की शिकायत आती है तो संबंधित के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# अनुबंध में अकारण देरी पर तय होगी जवाबदेही, मॉनिटर करें डीएमः जितिन

- खीरी पहुंचे पीडब्लूडी मंत्री जितिन, जन प्रतिनिधियों की मौजूदगी में ली विभागीय समीक्षा बैठक
- मंत्री ने अफसरों से जानी विकास कार्यों की प्रगति, कहा कि तय डेटलाइन पर पूरा हो काम

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**बुधवार** को उप्र सरकार के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार जनपद खीरी पहुंचेए कलेक्ट्रेट स्थित निरीक्षण भवन में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने पुष्पगुच्छ देकर उनके जनपद आगमन पर स्वागत किया। इसके बाद कबीना मंत्री ने केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में पीडब्लूडी अफसरों संग बैठक की। बैठक में बीजेपी जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, विधायक योगेश वर्मा, सौरभ सिंह सोनू, मंजू त्यागी, विनोद अवस्थी, अमन गिरी, जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह मौजूद रहे। जितिन प्रसाद ने समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि परियोजनाओं की गुणवत्ता एवं मार्ग सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाए। सभी कामों का नियमित फॉलोअप हो। किसी भी कार्य में दो माह के भीतर अनुबंध गठन नहीं हुआ, तो इसकी जवाबदेही तय होगी। अनुबंध गठन में देरी को डीएम स्वयं मॉनिटर करते हुए जवाबदेही तय करें। विधायक सौरभ सिंह सोनू ने अवगत कराया कि नीमगांव-सेहरुआ मार्ग पर ठेकेदार अधूरा काम छोड़कर चला गया। जिस पर एक्सईएन ने संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध की कार्यवाही बताई। मंत्री ने ठेकेदार के विरुद्ध आर्थिक दंड के लिए भी निर्देशित किया। विधायक गोला अमन गिरी ने गोला रिंग रोड बनाए जाने की मुद्दा उठाया। इसके निर्माण के संबंध में गहन मंथन भी हुआ। मंत्री ने निर्देश दिया कि राष्ट्रीय मार्ग खंड के माध्यम से रिंग रोड का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा जाए। कहा कि जनप्रतिनिधियों के जरिए जो भी प्रस्ताव मिल रहें है, उन्हें एजेंडे में शामिल किया जाए। निर्माण कार्य मानक के हिसाब से कराए जाएं और किसी तरह की कोई शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी चीफ को निर्देशित किया कि हर माह जिले के सभी ब्लैक स्पॉट की मंथली प्रोग्रेस रिपोर्ट उनकी टेबल पर हो। यह जनसुरक्षा का मामला है। इसका गहन अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण सुनिश्चित हो। मंत्री ने जिले के एनएच के क्रियान्वित प्रोजेक्ट की प्रगति की समीक्षा की। कहा कि रोड मार्किंग प्रॉपर हो ताकि कोहरे के समय किसी को असुविधा ना हो। बैठक के अंत में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री एवं पीडब्ल्यूडी मंत्री समेत सभी जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार ज्ञापित किया। कहा कि आज की बैठक में जो दिशा निर्देश दिए उनका पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। वही जितिन प्रसाद ने विशेष रूप से केंद्रीय गृह राज्य मंत्री के बैठक में शामिल होने पर आभार ज्ञापित किया। उन्होंने मेडिकल कॉलेज के साथ-साथ जिले की अहम रोड लखीमपुर-देवकली-अलीगंज मार्ग के जल्द सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ीकरण होने का संकेत दिया। पीडब्ल्यूडी के प्रांतीय खंड एवं निर्माण खंड 3 के अधीन 25.6 किमी का मार्ग जल्द बनेगा इसके लिए उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अफसरों को निर्देश दिए। इस मार्ग के बनने में लगभग 93 करोड़ की धनराशि खर्च होगी। लोक निर्माण मंत्री ने पत्रकारों से वार्ता में कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। समय सीमा के भीतर सभी काम पूरे हो। आगामी वर्षों के लिए बनने वाली कार्ययोजना के लिए जनप्रतिनिधियों ने अपने सुझाव दिए। अफसरों के साथ विचार विमर्श हुआ। जिले में आने वाले वर्षों के लिए कार्ययोजना बनी, ताकि जिले में विकास प्रभावी तरीके से हो और सरकार की मंशानुरूप वर्ल्ड क्लास सड़कें बन सके।

# महापौर ने नगर निगम के सम्पत्ति विभाग का लिया जायज़ा

**संवाददाता।** शाहजहाँपुर



**महापौर** अर्चना वर्मा ने नगर निगम के सम्पत्ति विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक कर नगर निगम बनने के पश्चात नगर निगम सीमा में शामिल हुये विस्तारित क्षेत्रों एवं नगर निगम की सम्पत्तियों के रख-रखाव की जानकारी प्राप्त की गई। महापौर द्वारा नगर निगम की सम्पत्तियों का विवरण व्यवस्थित रुप से रखने हेतु निगम के सम्पत्ति विभाग टीम की प्रशंसा की गई एवं कहा गया कि भविष्य में नगर निगम द्वारा कराये जाने वाले प्रस्तावित प्रोजेक्ट हेतु भूमियों को संरक्षित रखा जाये तथा नगर निगम क्षेत्र में नगर निगम की रिक्त पड़ी भूमियों को चिन्हित कर कृषि हेतु किराये पर दिया जाये, जिससे नगर निगम की आय में वृद्धि हो। साथ ही नगर क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण को हटाये जाने के भी निर्देष संबन्धित को दिये गये, जिससेआमजन मानस को नगर में जाम की समस्या से निजात मिल सकें। इसके अतिरिक्त महापौर अर्चना वर्मा ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर क्षेत्र में वृहद् स्तर पर वृक्षारोपण कराये जाने हेतु नगर निगम के समस्तनव-निर्वाचित पार्षद गणों को अपने-अपने क्षेत्रों में उचित स्थान पर पौधों को लगाये जाने हेतु पौधें एवं ट्री गार्डउपलब्ध कराये जाने के निर्देष दिये गये। बैठक में नगर आयुक्त महोदय संतोश कुमार शर्मा, अपर नगर आयुक्त एस के सिंह, कर निर्धारण अधिकारी भूपेन्द्र सिंह विसेन एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण तथा सम्पत्ति विभागकी टीम उपस्थित रही।

# दिव्यांगजनों के दिव्यांगता परीक्षण के लिए लगेंगे कैंप

**संवाददाता।** सीतापुर

**जिले** के दिव्यांगजनों के लिए राहत भरी खबर है कि उनके अपने ब्लाक में दिव्यांगता परीक्षण और चिन्हाकन के लिए कैंप आयोजित किए जाएंगे। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने कैंपों के आयोजन की तारीखें तय कर दी है। इसके अनुसार ब्लाक खैराबाद पर 5 जून, ब्लाक लहरपुर में 6 जून, ब्लाक हरगांव में 7 जून, ब्लाक पहला में 8 जून, ब्लाक गोंदलामऊ में 9 जून, ब्लाक महमूदाबाद में 12 जून, ब्लाक परसेंडी में 13 जून को, ब्लाक मिश्रिख में 14 जून को, ब्लाक सिधौली में 15 जून को, ब्लाक बेहटा में 16 जून को, ब्लाक सकरन में 17 जून को, ब्लाक रेउसा में 19 जून को, ब्लाक बिसवां में 20 जून को, ब्लाक कसमंडा में 21 जून को, ब्लाक मछरेहटा में 22 जून को, ब्लाक ऐलिया में 23 जून को, ब्लाक महोली में 24 जून को, ब्लाक पिसावां में 26 जून को और ब्लाक रामपुर मथुरा में 27 जून को इन शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

# फसल के लिए खाद लेने जा रहे किसान की रोड हादसे में मौत

**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**फसल** के लिए खाद लेने जा रहे साइकिल सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि साइकिल सवार ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। परिजन भी मौके पर पहुंच गए। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। थाना तिलहर क्षेत्र के गांव बिलहेरा निवासी 55 साल के बालक राम बुधवार को खेत पर पानी लगाने गए थे।खाद खत्म होने पर बालक राम साइकिल से तिलहर स्थित खाद लेने के लिए निकल गए। तिलहर तिराहा के पास पहुंचते ही पीछे से आए अज्ञात वाहन ने साइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि साइकिल कई फुट उछल कर रोड पर गिर गए। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया।

# डीएम-एसपी ने कारागार का किया निरीक्षण

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**कारागार** प्रशासन द्वारा बन्दियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओंए कारागार की साफसफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने के लिए बुधवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी गणेश प्रसाद साहा ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। पाकशालाए जेल चिकित्सालय व कारागार की बैरकों का निरीक्षण किया। डीएम ने जेल प्रशासन को अनुमन्य सभी सुविधाएं मुहैय्या कराएं। डीएम-एसपी ने सभी बैरकों में प्रवेश करके गहनता के साथ जांच.पड़ताल किया। निरीक्षण के दौरान कोई भी आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिला। डीएम ने मुकम्मल साफसफाई के साथ ही सभी बैरकों में सतत निगरानी का भी निर्देश दिया। डीएम.एसपी ने बंदियों का हालचाल जानाए खाने.पीने के बारे में जानकारी प्राप्त कीए जेल प्रशासन को जरूरी दिशा निर्देश दिए। दोनों अधिकारियों ने स्वयं भोजन की गुणवत्ता देखी। उन्होंने विभिन्न बैरिकों में जाकर बंदियों से मूलभूत सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कारागार में साफसफाई व्यवस्था मिलने पर संतोष व्यक्त किया। निर्देश दिए कि इसी प्रकार प्रतिदिन जेल में साफसफाई बनाए रखी जाए। डीएम एसपी ने जेल के बैरकए पाकशालाए अस्पतालए आदि का निरीक्षण किया। बंदियों से वार्ता कर स्थिति का जायजा लिया। उनकी समस्याओं की जानकारी लेकर उनके निस्तारण के लिए जेल अधिकारियों को निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जेलर पंकज सिंहए डिप्टी जेलर सुनील कुमार, केके पांडेय, केपी सिंह, अजय कुमार सिंह, राजेंद्र कुमारी, चिकित्सक डॉ. दीपांकर रावत मौजूद रहे।

# 4 जून तक बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**संवाददाता।** सीतापुर

**सीतापुर** नगर के विद्युत उपभोक्ताओं के लिए यह खबर पूर्व चेतावनी के समान है कि 4 जून को लगभग पूरे शहर की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विभाग ने इसके लिए उपकरणों की मरम्मत किए जाने को कारण बताया है। विद्युत पारेषण खंड के अधिशासी अभियंता डीसी दीक्षित ने बताया कि 220 केवी सब स्टेशन हुसैनगंज पर मरम्मत कार्य के लिए 4 जून को सुबह 8 बजे से 10 बजे तक डाल कैनाल, हास्पिटल, न्यू सिटी, सीतापुर तहसील, नैपालापुर, सेठिया आयल मिल, खैराबाद में स्थित 33 केवी पावर हाउसों से संबंधित क्षेत्रों की आपूर्ति पूर्ण रूप से बाधित रहेगी। इसी मरम्मत कार्य के चलते 4 जून को 11 बजे से साढ़े 12 बजे तक पुराना सीतापुर, कोट, भवानीपुर, सिटी और हुसैनगंज स्थित 33 केवी, पावर हाउसों से संबंधित क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से बाधित रहेगी।

# क्विक न्यूज

## प्रधानमंत्री ने देश का मान बढ़ाया है

**बरेली।** भारतीय जनता पार्टी महानगर कैंट विधानसभा की वरिष्ठ कार्यकर्ता बैठक का आयोजन चंद्रकांता सभागार सिविल लाइंस में आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता कुबर सुभाष पटेल ने की ! बैठक में सांसद संतोष गंगवार ने कहां भाजपा में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के ही दिशा निर्देशन में कार्य किए जाते हैं आज आप सबके प्रयास से ही केंद्र में सरकार है और केंद्र सरकार के 9 वर्ष की उपलब्धियां आप सबके सामने है हमारे देश के प्रधानमंत्री ने देश का मान बढ़ाया है केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है और मोदी सरकार ने देश की पहचान विश्व में अलग बनाई है प्रदेश सह कोषाध्यक्षकैंट विधायक संजीव अग्रवाल सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी और कहा लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू हो गई है आप सभी का सहयोग चाहिए महानगर अध्यक्ष डॉक्टर के एम अरोड़ा ने कहा आप सब के प्रयास से ही आज संगठन एक मजबूत स्तंभ के रूप में खड़ा है केंद्र सरकार और राज्य सरकार की योजनाओं को जन तक पहुंचाने का कार्य हो रहा है लोकसभा का चुनाव नजदीक है आप सब के सहयोग से ही चुनाव में पूर्ण रूप से सहयोग करना है। बैठक में प्रमुख रूप से सांसद संतोष गंगवार, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष डॉक्टर के एम अरोड़ा, कुंवर सुभाष पटेल,संयोजक डॉ सीपीएस चौहान, डॉ नवल किशोर गुप्ता, डॉ शशि बाला राठी वेद प्रकाश वर्मा , सोम नारायण शर्मा, गुलशन आनंद, महेश चंद्र मिश्रा, आदि समेत वरिष्ठ कार्यकर्ता, मंडल अध्यक्ष व पार्षद गण मौजूद रहे।

## एसडीएम ने सीज की ट्रैक्टर-ट्राली

**मोहमदी खीरी।** उपजिलाधिकारी ने कल एक ट्रैक्टर ट्राली अवैध मिट्टी खनन की ऊचौलिया थाने की सीज की परन्तु मोहम्मदी क्षेत्र सहित पसगवां, उचौलिया के कई इलाकों में जोरों पर अवैध खनन का काम खनन अधिकारी के सहयोग से चल रहा है। खनन माफिया सांठगांठ कर खनन के वाहनों को नगर से निकलवाने का काम करते हैं। बालू और मिट्टी सुविधा शुल्क देने के बाद खनन माफिया बेखौफ होकर अवैध खनन कर लायी जा रही ट्रक्टर ट्राली, टेम्पो, रिक्शा इत्यादि से एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाने का काम करते हैं। जबकि कार्यवाही के नाम पर केवल खनन माफिया के खिलाफ खानापूर्ति की जाती है। जिला प्रशासन ने खनन के इस काले कारोबार को तोड़ने के लिए अभियान चला रखा है। लेकिन मिट्टी से लेकर बालू के खनन का काम करने वाले माफिया बेखौफ है। मोहमदी हल्का न एक की गोमती नदी से लेकर पसगवा, उचौलिया समेत कई जगह इसका काम बेखौफ चल रहा है।



## योगी सरकार की उपलब्धियों को लेकर होगी प्रेसवार्ता

**सीतापुर।** आज एक जून को 11 बजे जीके ग्रैंड में मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार के कैबिनेट मंत्री संजय यादव, जिले के प्रभारी मंत्री मयंककेश्वर शरण सिंह और सीतापुर सांसद राजेश वर्मा योगी सरकार के 9 साल पूरे होने के उपलक्ष में सरकार की उपलब्धियों को लेकर प्रेसवार्ता करेंगे।

## छह माह के लिये किया जिला बदर

**शाहजहांपुर।** न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट शाहजहाँपुर द्वारा विभिन्न थानों के 05 व्यक्तियों को उ.प्र. गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम की धारा 3(3) के अन्तर्गत आदेश दिनांक 30 के अन्तर्गत 06 माह के लिये जिला बदर किया गया। इनमे शीशराम पुत्र मनफूलल निवासी ग्राम पियरिया थाना मदनापुर, राजवीर पुत्र दृगपाल निवासी ग्राम बाबूपुर नगरिया थाना तिलहर, गुफरान उर्फमजन्ने पुत्र युसूफखां निवासी ग्राम सकरापुर थाना पुंवाया, देवेन्द्र सिंह पुत्र दीप सिंह निवासी ग्राम हैवतपुर थाना मदनापुर एवं अजीत पुत्र विजय निवासी ग्राम मौना थाना कटरा शामिल हैं।

## सपा ने महारानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई

**बरेली।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर महारानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती के अवसर पर विचार गोष्ठी आयोजित कर उन्हें याद किया गया। महारानी अहिल्याबाई होलकर की जयंती के अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी में उनको याद करते हुए समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष शिवचरण कश्यप ने कहा महारानी अहिल्याबाई होलकर , मालवा साम्राज्य में होलकर वंश के शासन को तीस वर्ष तक बड़ी योग्यता से चलाया। सुव्यवस्थित शासन, राजनीतिक सूझबूझ, सहिष्णु धार्मिकता, प्रजा के हितचिंतन, दान पुण्य तथा तीर्थस्थानों में भवननिर्माण के लिए जानी जाती है। उन्होंने कई मंदिरों का निर्माण कराया और उनकी संरक्षक भी रही।इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष शमीम खाँ सुल्तानी जी ने बोलते हुए कहा कि उन्हें गरीबों शोषित वंचित और पिछड़ों हमेशा सम्मान दिया, वह कुशल शासक रही, उन्होंने नारी शिक्षा को बढ़ावा दिया,तालाब,कुएं और सड़कों का निर्माण कराया एवम विकास के लिए औधोगीकरण को बढ़ावा दिया।

## मंदिर पर कब्जे को लेकर हुआ था पथराव पुलिस सिर्फ धारा 151 में किया चालान

**बरेली।** थाना बारादरी कालीबाड़ी निवासी सोनू पुत्र दामोदर दास ने शिकायत करते हुए बताया कि चमेली देवी पत्नी स्वर्गीय ओमपाल जो कि 66 वर्षीय विधवा महिला है उसके जर्जर मकान का निर्माण प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत चल रहा है जिसकी वजह से वह रात्रि विश्राम के लिए मंदिर में रुक जाती है परंतु आरोपियों ने 20 मई 2023 को मंदिर पर कब्जे को लेकर पथराव कर दिया था जिसमें पीड़ित के सिर में काफी टांके आए हैं एवं शरीर में अन्य जगह भी चोटें आई हैं परंतु पुलिस ने मात्र 151 में चालान कर दिया था पीड़ित ने बताया कि आरोपी पहले भी मंदिर के प्रांगण में दुकान निकालकर कब्जा करने की फिराक में थे जिसमें काफी विरोध के बाद निर्माण रुक पाया था पीड़ित ने आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## अहिल्याबाई होल्कर की धूमधाम से मनाई गई जयंती

**सीतापुर।** ब्लाक कसमंडा की ग्रामसभा पताराकलां निवासी ज्ञानेंद्र धनगर के नेतृत्व में माता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर कसमंडा स्टेट के कुंवर दिनकर प्रताप सिंह भी पहुंचे। कार्यक्रम में राहुल सिंह चौहान, आशीष प्रताप सिंह, अनिल पाल और संजय पाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## गैस पाइपलाइन फटने से मची अफरा-तफरी

**बरेली।** सड़क के चौड़ीकरण के काम में लगी जेसीबी आज काम के दौरान सड़क पर बिछी सीयूजीएल की पाइप लाइन से टकरा गई जिससे तेज धमाका हुआ पर अफरा-तफरी मच गई। सीबीगंज थाना क्षेत्र के परसाखेड़ा स्थित रोड नंबर 1 और 2 के बीच इन दिनों सड़क को चौड़ा करने का काम बीडीए द्वारा कराया जा रहा है आज सुबह भी जेसीबी मशीन द्वारा सड़क के किनारे एकत्रित की को हटाने का कार्य शुरू किया गया था कुछ देर बाद ही जेसीबी मशीन सड़क के नीचे से गुजर रही सीयूजीएल पाइपलाइन से टकरा गई जिससे पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई और तेज धमाके के साथ लाइन से गैस का रिसाव शुरू हो गया काम कर रहे कर्मचारियों ने घटना की जानकारी सीयूजीएल के अधिकारियों को दी जो कुछ देर बाद ही मौके पर पहुंच गए।

# हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर गोष्ठी का हुआ आयोजन

**संवाददाता।** गोला गोकर्णनाथ-खीरी



**हिन्दी** पत्रकारिता दिवस पर प्रेस जर्नलिस्ट ऑफइण्डिया के तत्वावधान में पूंजीवाद के दौर में पत्रकारिता, चुनौतियां और सम्भावनाएं विषय पर गोष्ठी आयोजित हुई। जिसमें वक्ताओं ने पत्रकारिता को नौकरी नहीं सेवा करने का माध्यम बताया। केन ग्रोअर्स नेहरू डिग्री कालेज के पं. दीनदयाल उपाध्याय सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि एसडीएम रत्नाकर मिश्रा ने किया। तदुपरान्त संस्था का परिचय संरक्षक कामता सिंह कुशवाहा ने दिया। मुख्य अतिथि रत्नाकर मिश्रा ने कहा कि देश में पत्रकारिता को विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका के बाद लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में माना जाता है। यह इसलिए भी माना जाता है क्योंकि जनता की आवाज को लोकतांत्रिक तरीके से अभिव्यक्त करके सरकार तक पहुंचाने का यह एक सशक्त माध्यम है। पत्रकारों को गौरवान्वित महसूस करना चाहिए कि उन्हें चौथे स्तंभ में महत्वपूर्ण योगदान देने का मौका मिला है। पत्रकारिता एक ऐसा क्षेत्र है, जहां अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के साथ बिना किसी भेदभाव के लोगों की बातों को शब्दों के जरिए रखने का अवसर मिलता है। विशिष्ट अतिथि तहसीलदार विनोद कुमार गुप्ता ने कहा कि मीडिया समाज के लिए पथ प्रदर्शक का काम करता है इसलिए भविष्य के पत्रकारों को ज्यादा सावधानी बरतनी होगी क्योंकि पूरा समाज उनकी ओर आशा भरी नजर से देखता है। मुख्य वक्ता आमिर रजा पम्मी ने कहा कि पूंजीवाद के दौर में पत्रकारिता एक चुनौती है। पत्रकार के अंदर सीखने की ललक हमेशा होनी चाहिए। पत्रकार को नई -नई चुनौतियों से रूबरू होने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। प्रो रामअवतार विश्वकर्मा ने कहा कि आजादी के आन्दोलन से जो पत्रकारिता हमें विरासत में मिली थी उसको बचाने के लिए काम करने की जरूरत है। कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य प्रो. पंकज सिंह ने कहा कि पत्रकारिता नौकरी नहीं समाज सेवा है, अनुकुल परिस्थितियों में काम करना चुनौती नहीं है, बल्कि विपरीत परिस्थितियों में अपने काम को अंजाम देने की जरूरत है।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सुगम यातायात पर बल



**संवाददाता।** शाहजहाँपुर

**एडीएम** (प्रशासन), संजय कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को कम करने एवं यातायात को सुगम बनाने पर विशेष बल दिया। उन्होने जनपद में संचालित स्कूल वाहनों की सुरक्षा सम्बन्धी जांच हेतु सतत् रूप से भौतिक निरीक्षण करने के निर्देश दिये। स्कूलों में उ0प्र0 मोटरयान नियमावली में निहित नियमों को पूरा न करने वाले वाहनों को पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित किये जाने एवं शहर के अन्दर ई-रिक्शा की संख्या को नियंत्रित करने व उनके संचालन हेतु रोडमैप रूट निर्धारित करने हेतु भी निर्देशित किया गया।

# दूसरे धर्म के युवक को मकान बेचने पर किया हंगामा

- वाल्मीकि समाज के साथ हिन्दू संगठनों ने किया विरोध

**संवाददाता।** बरेली।

**थाना** बारादरी क्षेत्र में शाहमत गंज से शाहजहाँपुर जाने बाले रोड ओर स्तिथ वाल्मीकि बस्ती सूफी टोला में दूसरे धर्म के युवक को मकान बेचने की जानकारी हुई वाल्मीकि समाज के लोगों ने हिन्दू संगठनों के साथ थाना में हंगामा किया। थाना बारादरी में शिकायती पत्र देकर वर्षों पुरानी धार्मिक परंपरा खत्म होने और असामाजिक तत्वों द्वारा माहौल खराब करने की आशंका जताई है। भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष उमेश कठेरिया , आशू अग्रवाल अमर सिंह गंगवार, यतीन भाटिया सुमित कठेरिया आकाश बाल्मीकि के नेतृत्व में बारादरी के मोहल्ला खदना वाल्मीकि बस्ती सूफी टोला निवासी सुरजीत सिंह, अजय, सुमित, गोविंद, विजय कुमार समेत कई लोग थाना बारादरी पहुंचे। उन्होंने बताया प्रत्येक साल एक अनुष्ठान का आयोजन बली देकर पूजा की जाती है मोहल्ले में सामूहिक प्रयास से बड़े स्तर पर किया जाता है। यह वर्षों पुरानी परंपरा है। मोहल्ले में कुछ लोग दूसरे धर्म के असामाजिक तत्वों को अपना मकान बेचने पर तुले है। यदि ऐसा होता है तो भविष्य में वर्षों पुरानी धार्मिक परंपरा पूजा जो की जाती है बह बंद हो जाएगी। दूसरे धर्म के असामाजिक तत्वों के मोहल्ले में आने से हमेशा धार्मिक उन्माद फैलने का भी खतरा बना रहेगा। मजबूरन उन्हें अपने मोहल्ले में पलायन को मजबूर होना पड़ सकता है। लोगों ने बताया कि मोहल्ले का एक युवक दूसरे धर्म के असामाजिक तत्वों के साथ हैं और अपना मकान उसे ही बेचना चाहता है। वह मोहल्ले में एलानिया धमकी देता है कि अब ऐसे लोगों को मोहल्ले में बसाऊंगा जो जब तुम लोगों का जीना मुश्किल कर देंगे। पलायन करने पर मजबूर कर देंगे या फिर तुम लोगों को धर्म परिवर्तन करने पर मजबूर कर देंगे। हंगामा के दौरानविश्व हिंदू महासंघ से प्रदेश अध्यक्ष अमर सिंह गंगवार , प्रदेश महामंत्री उमेश कठेरिया , जिला अध्यक्ष विशाल सिंह ,गिरीश महानगर अध्यक्ष देवेंद्र यादव प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजू मौर्य मंडल प्रभारी मुकेश यादव उमेश कठेरिया भाजपा से यतीन भाटिया जी शुभंकर कठेरिया अनिल बाल्मीकि विनोद वाल्मीकि रविचंद्रन बाल्मीकि दीपक बाल्मीकि आदि उपस्थित रहे।

# बांदा में निरंतर गिरते भूजल स्तर को थामना जरूरी : जिलाधिकारी

●नेशनल वाटर मिशन के भूजल स्तर बढ़ाने को लेकर डीएम ने ली बैठक



संवाददाता। बांदा

**जिलाधिकारी** बांदा दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नेशनल वाटर मिशन के तहत बांदा जनपद में भूजल स्तर को बढ़ाये जाने के संबंध में बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद के मैरिज हॉल, होटल, नर्सिंग होम संचालकों तथा धुलाई केंद्रों एवं स्कूल संचालकों को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी 15 से 20 दिनों में वर्षा का मौसम आने वाला है, वर्षा का जल संचयन एवं संरक्षित करने हेतु तथा गिरते हुए भूगर्भ जलस्तर को बचाने हेतु महत्वपूर्ण कार्य करने हैं। उन्होंने कहा कि वर्षा का जल संचयन करने हेतु रूफटॉप/रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम प्रत्येक व्यवसायिक केन्द्र में बनाना है, जिसमें एक टंकी से पानी फिल्टर होकर दूसरी टंकी में पहुंचेगा। यह जल संरक्षण का बहुत ही महत्वपूर्ण एवं शुलभ आयाम है। उन्होंने कहा कि पानी की जनपद बांदा में कमी को दृष्टिगत रखते हुए वर्षा जल संचयन करना आवश्यक है इसलिए रूफटॉप बनाने से भूगर्भ जलस्तर में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि इस कार्य में सभी की जन सहभागिता एवं भागीदारी अत्यन्त आवश्यक है। सभी लोग रूफटॉप/ रेन वाटर हार्वेस्टिंग बनाने का सामूहिक कार्य शीघ्र करें। उन्होंने कहा कि वर्षा जल संचयन हेतु समय रहते कार्य प्रारम्भ करें, यह सही समय है। इसको गम्भीरता से लेते हुए अधिक से अधिक लोग रूफटॉप/रेन वाटर हार्वेस्टिंग बनाये।

उन्होंने कहा कि वर्षा के जल को संरक्षित करना आवश्यक है क्योंकि लगातार भूगर्भ से जल दोहन होने के कारण भूगर्भ जलस्तर नीचे जा रहा है, भूगर्भ जल स्तर को बचाने का एक मात्र उपाय वर्षा जल का संचयन करना है, जिससे कि बांदा जनपद का जल स्तर और नीचे न जाने पाये।

# धूमधाम से मनाई लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती



संवाददाता। फतेहपुर

**लोकमाता** अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर ग्राम सलेमाबाद से आशीष पाल के नेतृत्व में भिटौर ब्लाक तक अहिल्याबाई की झांकी निकली गयी। हुसैनगंज विधानसभा के सक्रिय कार्यकर्ता अनुज पाल और भरत पाल के नेतृत्व में लगभग दो सैकड़ा मोटरसाकिल और कई चार पहिया वाहनों के साथ अहिल्याबाई होल्कर का रथ लेकर हुसेनगंज चौराहे से हथगांव तक रैली निकाली। जिसका मवई चौराहे, छिवलहा चौराहे पर ठेकेदार मोनू पाल ने शर्बत पिलाकर स्वागत किया। हथगांव में प्रधान संघ के ब्लाक अध्यक्ष प्रधान बलराम पाल ने स्वागत किया। कस्बा स्थित एक गेस्ट हाउस मे वैचारिक गोष्ठी कर रैली में शामिल सभी लोगों को केक और जलपान कराकर समापन किया। गोष्ठी का संचालन पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष/प्रधान घनश्याम पाल टक्करी ने किया। गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में पाल सामुदायिक उत्थान समिति के अध्यक्ष डा. अमित पाल ने अहिल्याबाई के जीवन संघर्ष पर चर्चा करते हुए समाज मे फैली गलत परंपराओं, रीति रिवाजो, आडंबरो, कुरूतियों से बाहर निकल कर समाज को अपने महापुरुषों के बताए रास्ते पर चलने व संगठित रहने पर जोर दिया।

# किसान सम्मान निधि पाने को करें आवेदनः डीएम

●डीडीए कृषि को प्रचार के दिये निर्देश

●लालापुर बाल्मीकि आश्रम का किया निरीक्षण





संवाददाता। चित्रकूट

जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना कृषक संतृप्तीकरण अभियान की समीक्षा की। अभियान के तहत शिकायतों के निस्तारण की धीमी गति पर उन्होंने नाराजगी जताई। उप कृषि निदेशक राजकुमार को सभी शिकायतों के निस्तारण को निर्देश दिये। कैम्प का प्रचार-प्रसार कराये, ताकि अधिक से अधिक किसान कैम्प में आकर शिकायतों का निस्तारण करा सकें।

बुधवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए मौजूद जिला प्रबन्धक सीएससी अमित यादव को निर्देश दिए कि कैम्प में शत-प्रतिशत वीएलई की हाजिरी सुनिश्चित कराते हुए कैम्प में आये सभी किसानों की ई-केवाईसी एवं नये किसानों का पंजीयन शत-प्रतिशत करायें। इण्डियन पोस्ट पेमेंट के केके वर्मा सहायक डाक अधीक्षक कर्वी को निर्देश दिए कि जिन किसानों का एनपीसीआई से आधार लिंक नहीं है, उन किसानों का खाता खोलकर आधार फीडिंग का कार्य पूरा करायें। दौ सौ रुपये में इण्डियन पोस्ट पेमेंट खाते खोले जायेंगे।

उन्होंने उप कृषि निदेशक राजकुमार को निर्देश दिए कि कैम्प में शत-प्रतिशत विभागों के कर्मचारियों की हाजिरी करायी जाये, ताकि शत-प्रतिशत पात्र किसानों को पीएम किसान योजना का लाभ दिया जा सके। किसानों को बतायें कि जिन किसानों की ई-केवाईसी नहीं होगी, उन किसानों को पीएम किसान की 14वीं किश्त नहीं मिलेगी।

जिलाधिकारी ने बाल्मीकि आश्रम लालापुर के पर्यटन विकास कार्यों का औचक निरीक्षण कर गेट निर्माण, रैम्प, सीढियों का निर्माण, छाया को छतरी, लाइटिंग, बस स्टैंड, शौचालय एवं महर्षि बाल्मीकि की मूर्ति स्थापना आदि देखे। कार्यदाई संस्था को निर्देश दिए कि बाल्मीकि आश्रम लालापुर के जो भी पर्यटन विकास कार्य हो रहे हैं, प्रत्येक दशा में 30 जून तक पूरा करायें। शासन की मंशानुसार गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए।

# व्यापारियों की समस्याओं का अधिकारी समय से करें निस्तारण : जिलाधिकारी



**कानपुर देहात।** जनपद में व्यापार बंधु की बैठक लगातार जिलाधिकारी द्वारा किए जाने से व्यापारियों की समस्याओं का निस्तारण सुगमता से किया जा रहा है। जिसमें विद्युत से संबंधित व्यापारियों की समस्याओं का निस्तारण कैंप के माध्यम से किया जा रहा है। इसी के दृष्टिगत जिलाधिकारी नेहा जैन की अध्यक्षता में आज व्यापार बंधु की बैठक मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में संपन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, पीडब्ल्यूडी, विभाग, आरएडी के अधिकारीगण बैठक में समय से ना उपस्थित होने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात जिलाधिकारी द्वारा अकबरपुर में ओवर ब्रिज एवं माती मुख्यालय में अतिक्रमण कि अधिक समस्या पाए जाने पर जिलाधिकारी द्वारा कड़े निर्देश देते हुए अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत अकबरपुर उप जिलाधिकारी अकबरपुर एवं पुलिस विभाग की टीम द्वारा भ्रमण कर अतिक्रमण को हटाए जाने हेतु सख्त निर्देश दिए।

वहीं व्यापारियों द्वारा रूरा रेलवे और ब्रिज के सर्विस रोड को ठीक कराए जाने हेतु निवेदन किया गया जिस पर डीएम द्वारा संबंधित विभाग को निर्देशित कर शीघ्र ही सर्विस रोड को ठीक कराने हेतु निर्देशित किया गया। उसके पश्चात जिलाधिकारी ने व्यापारियों की शिकायती पत्रों के शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया।

# बाल भिक्षावृत्ति रोकने को चलाया जागरूकता अभियान

**कानपुर देहात।** जनपद के चिन्हित हॉट स्पॉट पर नेहा जैन, जिलाधिकारी नेहा जैन, कानपुर देहात के निर्देशन में जिला प्रोबेशन अधिकारी, चन्द्र भूषण सिंह के कुशल मार्गदर्शन में श्रम विभाग से अरविन्द कुमार श्रम प्रवर्तन अधिकारी, महिला कल्याण विभाग से धर्मेन्द्र ओझा संरक्षण अधिकारी ,देवेन्द्र सिंह तोमर ,अर्पित वर्मा एएचटीयू सेल से मुकेश कुमार, देवेश कुमार संयुक्त टीम द्वारा कानपुर देहात के अकबरपुर क्षेत्र में सड़क पर जीवन यापन करने वाले बच्चों हेतु बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन अभियान चलाया गया। अभियान में दुकान, मिष्ठान दुकान आदि जगहों पर स्थित बाल भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों के चिन्हीकरण एवं पुनर्वास हेतु मुख्य हॉट चिन्हित किये गये तथा यात्रियों, दुकानदारों को चिन्हित किया गया। अभियान में बताया गया कि बच्चे इस देश की धरोहर हैं और देश के भविष्य हैं इसलिए बच्चों की पढ़ाई, खेल, खानपान के प्रति संबंधित वयस्क को विशेष ध्यान देना चाहिए क्योंकि भिक्षावृत्ति में लिप्त नहीं करना चाहिये क्योकि भिक्षावृत्ति किसी भी समाज के लिये व बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिये अभिशाप है संरक्षण अधिकारी द्वारा सभी यात्रियों, दुकानदारों एवं व्यवसायियों से अपील की कि 18 वर्ष से कम उम्र के बालकों एवं किशोरों को भिक्षावृत्ति में लिप्त या भीख मांगते हुये देखें तो तुरन्त चाइल्ड लाइन टोल फ्री नंम्बर 1098, 181, 1090, 112 पर सूचित करें।

# सड़क सुरक्षा नियमों को जीवन में संस्कार की तरह आत्मसात करें : एल वेंकटेश्वर लू

●प्रमुख सचिव ने की कर्मयोग के माध्यम से सड़क दुर्घटना में कमी लाने की अपील





संवाददाता। उरई, जालौन

**प्रमुख** सचिव, परिवहन विभाग एवं महानिदेशक, उपाम, उत्तर प्रदेश शासन एल वेंकटेश्वर लू की अध्यक्षता में मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, सड़क सुरक्षा व दुर्घटनाओं में मानवीय आर्थिक एवं सामाजिक क्षति की रोकथाम हेतु राजकीय मेडिकल कालेज में लोक संवाद का आयोजन किया गया।

शासन की मंशानुरूप प्रमुख सचिव, परिवहन विभाग एवं महानिदेशक, उपाम, उत्तर प्रदेश शासन एल वेंकटेश्वर लू ने संबोधित करते हुये कहा कि अधिकारी, छात्र-छात्राओं, जनमानस सड़क सुरक्षा नियम जीवन में संस्कार की तरह आत्मसात करने की आवश्यकता हैं। उन्होंने संविधान व गीता आदि का संदर्भ देते हुये कर्मयोगी बनने के लिये चार मूलमंत्र जैसे गीताज्ञान, सड़क सुरक्षा मानव रक्षा, विश्व रक्षा का सन्देश देते हुये प्रदेश में दुर्घटनाओं की संख्या को कम करने पर बल दिया।

उन्होंने बताया कि मन और विवेक को काबू में रखकर वाहन चलाना चाहिये तथा क्रोध व नींद की दशा में वाहन का संचालन न करें। उन्होनें कहा कि अपने स्वप्रेरणा से नियमों का पालन करना चाहिये न कि चालन के भय से, ताकि दुर्घटनाओं में कमी लायी जा सके। उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिये गंभीर है समय-समय पर परिवहन और पुलिस विभाग द्वारा अभियान चलाकर प्रेरित किया जाता हैं। उन्होंने कर्मयोग के माध्यम से सड़क दुर्घटना में कमी लाने की अपील की।

## क्विक न्यूज

### कुकर्म व हत्या में पूर्व नगर प्रचारक को आजीवन कारावास

**हमीरपुर।** स्थानीय आरएसएस कार्यालय में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज के सोलह वर्ष पहले कक्षा नौ के छात्र की कुकर्म के बाद हत्या करने वाले आरोपित युवक को बुधवार को विशेष न्यायाधीश (डकैती) कोर्ट ने आजीवन कारावास और 1.10 लाख रुपये जुर्माने लगाया है। जुर्माने की धनराशि में से एक लाख रुपये मृतक छात्र के पिता को क्षतिपूर्ति के रूप में दी जायेगी। अपर शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) मणिकर्ण शुक्ला व सहायक शासकीय अधिवक्ता राजेश तिवारी ने संयुक्त रूप से बताया कि 12 दिसंबर 2007 को छात्र अपनी मां से संघ के पूर्व नगर प्रचारक हरनाम सिंह सेंगर से परीक्षा संबंधी तैयारियों को लेकर मिलने की बात कहकर निकला था। हरनाम संघ के प्रेरणा कुंज कार्यालय में ही रहता था। इसके बाद से छात्र घर नहीं पहुंचा। घटना के आठ माह बाद पुलिस ने 22 अगस्त 2008 को इस प्रकरण में हरनाम सिंह सेंगर, सरस्वती विद्या मंदिर के व्यायाम शिक्षक पंकज सिंह सहित छात्र के दो नाबालिग साथियों को गिरफ्तार किया था।

### आज मनाया जाएगा हजरत इनायत शहीद बाबा का उर्स

**मौदहा, हमीरपुर।** हजरत इनायत शहीद बाबा का एक दिवसीय सालाना उर्स आज कस्बे के मोहल्ला हुसैनगंज स्थित प्रसिद्ध सूफी संत हजरत इनायत हुसैन शहीद बाबा का एक दिवसीय सालाना उर्स मुबारक आज बृहस्पतिवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसमें दोपहर मास्टर हबीब साहब के मकान से चादर निकलेगी जो मोहाल भ्रमण करते हुए आस्ताने में पेश की जाएगी। वही चादरपोशी के उपरांत लंगर खिलाया जाएगा और देर रात आस्ताने में शानदार नातियां मुशायरा का आयोजन होगा जिसमें क्षेत्रीय शायरों के अलावा बाहरी शायर अपने कलाम पेश करेंगे। उक्त जानकारी उर्स कमेटी अध्यक्ष सुजा उद्दीन उर्फसुज्जू नेता ने दी।

### गंगा दशहरा पर दो की गंगा में डूबकर मौत

**फर्रुखाबाद।** जिले के विभिन्न गंगा घाटों पर गंगा दशहरा पावन पर्व पर आज मंगलवार तड़के शुरू हुए गंगा स्नान के दौरान दो गंगा श्रद्धालुओं की डूब कर मौत हो गई एवं एक डूबे श्रद्धालू की खोज जारी है। जबकि चार गंगा श्रद्धालुओं को डूबने से बचा लिया गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि गंगा दशहरा के पावन पर्व पर आज मंगलवार शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम नगला गोदाम का निवासी रजत उर्फ बॉबी उम्र करीब 20 वर्ष अपने साथी योगेश कुमार, अंशुल, अभिषेक के साथ गंगा स्नान करने घाट पहुंचे। इस दौरान रजत उर्फवावी की स्नान करते समय गहरे जल में डूब कर मौत हो गई।जबकि उसके 3 साथी गहरे जल में न घुसने के कारण डूबने से बाल बाल बच गए। यहां करीव2 घंटे गोताखोरों की कड़ी मशक्कत के बाद रजत उर्फबावी का शव जल से बाहर निकाला गया। इसी क्रम में शहर कादरी गेट थाना क्षेत्र के प्रमुख गंगा पांचाल घाट पर शुरू गंगा दशहरा पावन पर्व के स्नान के दौरान थाना क्षेत्र के नेकपुर कला निवासी होरीलाल उर्फअनुज उम्र करीब 16 वर्ष की गहरे जल में स्नान करते हुए डूबने से मौत हो गई।

### 113 कुंडीय श्री राम महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ

**कुसमिलिया, जालौन।** डकोर गांव में स्थित श्री बजरंग सत्संग आश्रम बड़े हनुमान जी मंदिर में श्री राम महायज्ञ एवं भागवत कथा की पहले दिन कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा गुरु बाबा मंदिर, गोंडा बाबा, बड़ी माता, बजरंग सत्संग आश्रम, इंद्रेश्वर महादेव मंदिर होते हुए पूरे गांव की परिक्रमा की गई। कलश यात्रा की बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी लोगों ने सहभागिता की। कलश यात्रा में महिलाएं सिर पर कलश रखकर चल रही थीं। पूरा गांव हरी कीर्तन व राधा कृष्ण के जयघोष से वृंदावन हो गया। श्री जागेश्वर सरकार महाराज एवं श्री 108 महंत ईश्वरदास जी महाराज की प्रेरणा से उपरोक्त सात दिवसीय 113 कुंडीय श्री राम महायज्ञ एवं भागवत कथा के आयोजन में पहले दिन काफी भीड़ रही।

### डीएम आवास के पास भरा पानी, ईओ का औचक निरीक्षण बंद

**फतेहपुर।** नगर पालिका परिषद के ईओ समीर कुमार कश्यप ने जब कार्यभार संभाला था तब वह ताबड़तोड़ निरीक्षण कर रहे थे, खामियां भी मिल रही थीं और फटकार भी लग रही थी, लेकिन अचानक ऐसा क्या हुआ कि ईओ समीर कुमार कश्यप का औचक निरीक्षण बंद हो गया? न स्थिति सुधरी न बदली, बल्कि अब तो डीएम आवास के पास ही नाली सड़क पर बह रही है। मामले पर ईओ ने कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। नगर पालिका परिषद एक ओर तमाम स्वच्छता की बात कर रही है तो वहीं, दूसरी ओर डीएम आवास मार्ग पर ही नालियां बजबजा रही हैं। हालात तो यह है कि नाली का पानी सड़क पर बह रहा है। मामला डीएम आवास का होने के बाद भी नगर पालिका परिषद के कर्मचारी और अधिकारी कान में तेल डाले बैठे हैं। तभी तो गौतम नगर वीआईपी रोड स्थित डीएम आवास मार्ग के पास कई दिनों से नाली का पानी सड़क किनारे उफना रहा है।

# आपातकाल के लोकतंत्र सेनानियों को मिला सम्मान

●जिलाधिकारी ने माला पहना सम्मानित कर परिचय पत्र वितरित किए

●परिवहन विभाग की बसों में लोकतंत्र सेनानियों की सीट रिजर्व करने के निर्देश




संवाददाता। फतेहपुर

**आपातकाल** अवधि 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए सक्रिय रूप से संघर्ष कर कार्यकलापों में भाग लेने के लिए मीसा/डीआईआर के अधीन कारागार में निरुद्ध किये गए लोकतंत्र सेनानियों को जिलाधिकारी ने माला पहनाकर व मिष्ठान देकर परिचय पत्र वितरित किए। उन्होंने रोडवेज परिवहन विभाग की बसों में लोकतंत्र सेनानियों की सीट रिजर्व करते हुए लोकतंत्र सेनानी सीट लिखवाये जाने के निर्देश एआरएम रोडवेज और एआरटीओ को दिए। उन्होंने लोकतंत्र सेनानियों से कुशलक्षेम जाना और उनकी समस्याएं सुनते हुए कहा कि यदि किसी को कोई समस्या है तो जनता दर्शन के दौरान अवगत करायें जिससे समस्या का नियमानुसार प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जा सके। सम्मानित होने वाले लोकतंत्र सेनानी/आश्रितों में विमल सिंह पुत्र नरायण सिंह निवासी लदिगवां, गंगाराम पुत्र शिवबोधी उर्फ शिवबोधन निवासी यासीनपुर थाना हुसेनगंज, ननकू पुत्र सत्यनरायण निवासी सहनीपुर थाना हुसेनगंज आदि शामिल रहे।

# बूंद बूंद पानी को तरस रहे हैं सिजवाही गांव के लोग

**मौदहा**, हमीरपुर। विकासखंड के सिजवाही गांव में बूंद बूंद पानी के लिए त्राहि त्राहि मची हुयी है। एसडीएम ने पेयजल से सम्बंधित अधिकारियों की मीटिंग कर निस्तारण के कड़े आदेश दिए थे लेकिन अधिकारियों की लापरवाही से समस्या जस की तस बनी हुई। क्षेत्र में पेयजल की समस्या विकराल रूप धारण करती जा रही है जबकि ग्रामीणों में भारी जन आक्रोश उत्पन्न हो रहा और वह लगातार पेयजल की समस्या को लेकर अधिकारियों को अवगत भी कराते रहते है इस सम्बन्ध में उप जिलाधिकारी राजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि कुछ दिन पूर्व पेयजल की समस्या को संज्ञान में लेकर एडीओ पंचायत ब्रजमोहन पटेल, नमामि गंगे, जल जीवन मिशन के अवर अभियंता शिवम त्रिपाठी एवं ग्राम विकास अधिकारी भगवान दास ,अरविंद पाल सहित अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में एक बैठक कर भीषण गर्मी बढ़ते तापमान को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार पेयजल का भारी संकट उत्पन्न होने पर कड़ी चेतावनी दी थी।

# मुठभेड़ में छह बदमाश असलहों व आभूषणों समेत हुए गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** शहर कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने आज एक मुठभेड़ के बाद छह अंतर्जनपदीय चोर लुटेरे बदमाशों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इन पकड़े गए बदमाशों के पास से करीब पांच लाख के सोने चांदी के आभूषण एवं अवैध असलाहे व कारतूस भी बरामद किए। यह जानकारी आज मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने पुलिस लाइन स्थित सभागार में प्रेस वार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि मुखबिर की सूचना पर फर्रुखाबाद शहर कोतवाली उप निरीक्षक दीपक कुमार त्रिवेदी व एसओजी प्रभारी उपनिरीक्षक अशोक कुमार तथा सर्विलांस प्रभारी उपनिरीक्षक जगदीश भाटी ने ,अपने दल बल के साथ मंगलवार तड़के कोतवाली क्षेत्र के घेरशामू खां के मैदान में चोरी डकैती लूटकी योजना बना रहे बदमाशों की नाकेबंदी की। उन्होंने बताया कि पुलिस ने बदमाशों से मुठभेड़ के वाद छह अंतर्जनपदीय चोर लुटेरे बदमाशों में कासगंज जिले के थाना ब कस्बा गंजडुंडवारा के मौहगा सुदामापुरी निवासी दर्शन वर्मा व मोहगा कादरगंज रोड निवासी विशाल कुमार व इसी मोहल्ले के अमर कुमार उर्फ गोलू व रितेश बाबू व आकाश कुमार तथा मोहित दिवाकर को धर दबोचा इन पकड़े चोर,लुटेरे बदमाशों ने शहर कोतवाली क्षेत्र में 6 मई 2023 को एक बड़ी चोरी घटना को अंजाम देना पुलिस के समक्ष स्वीकार किया। पुलिस ने चोरी की इस वारदात के करीब पांच लाख सोने चांदी के आभूषण तथा 950 नगदी के साथ ही 315 बोरके दो अवैध देशी तमंचे तथा कुछ कारतूस व अन्य सामान बरामद किए गए। पुलिस अधीक्षक श्री मीणा ने बताया कि अंतर्जनपदीय इन चोर, लुटेरे बदमाशों में दर्शन वर्मा पर चार, विशाल कुमार उर्फ छोटू पर 3, अमर कुमार उर्फगोलू पर 3, रितेश बाबू पर दो,आकाश कुमार पर दो, तथा मोहित दिवाकर पर एक मुकदमा फर्रुखाबाद जिले में दर्ज है।

## दरियाव सिंह मामले में केन्द्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने डीएम से मांगा जवाब

**खागा, फतेहपुर।** 1857 ई. की क्रान्ति के अमर शहीद सेनानी दरियाव सिंह मामले में केन्द्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने जिलाधिकारी से जवाब मांगा है। आयोग ने जिलाधिकारी को लिखे एक पत्र में सिंगरौर समुदाय के लोगों का लोध जाति (पिछड़ा वर्ग) का प्रमाण पत्र न बनाने तथा क्रांतिकारी अमर शहीद ठा. दरियाव सिंह लोधी की पृष्ठिभूमि व ऐतिहासिक साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ किये जाने के संबंध में दस कार्य दिवसों के भीतर जवाब प्रस्तुत करने को कहा है। बीते साल 19 नवंबर को आजादी के अमृत महोत्सव के तहत लगाई गई एक प्रदर्शनी में पहली बार जनपद से बाहर इतने विशिष्ट मंच पर जनपद के अमर शहीद दरियाव सिंह लोधी का प्रमुखता से वर्णन किया गया था। इसके बाद खागा की दरियाव सिंह समिति के मंत्री राम प्रताप सिंह ने कला केन्द्र का नाम लेकर जनपद में ये झूठी खबरें प्रकाशित करवाई गयी थी कि संस्कृति मंत्रालय ने दरियाव सिंह के साथ लोध गलती से लिख दिया था।

# क्षेत्र पंचायत की बैठक में अंतिम गांव तक विकास कराने का खाका तैयार



**उरई,** जालौन। बुधवार को विकासखंड कुठौंद के मीटिंग हॉल में क्षेत्र पंचायत की मीटिंग ब्लॉक प्रमुख प्रेमलता द्विवेदी, खण्ड विकास अधिकारी सर्वेश कुमार रवि की मौजूदगी में हुई। विकास खण्ड कुठौंद में गौशाला, पानी, साफ सफाई, सड़कों आदि पर बनी करोड़ों की विकास कार्ययोजना में विकास खण्ड कुठौंद के अंतिम गांव तक विकास कार्य किया जाएगा। ब्लॉक प्रमुख प्रेमलता द्विवेदी के साथ क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

विकास खण्ड कुठौंद परिसर में क्षेत्र पंचायत की खुली बैठक की गई बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्य और ब्लॉक प्रमुख प्रेमलता की मौजूदगी में खुली बैठक में विकास खण्ड कार्यालय द्वारा क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों को बुकलेट से क्रमवार ब्लॉक के कर्मचारियों द्वारा सबको बताया गया कर्मचारियों द्वारा बताया गया की आवास योजना, पेयजल योजना, सड़क योजना, पेंशन योजना, पर बताया गया आगामी कार्ययोजना भी पढ़कर सुनाई गई जिसमें आने वाले समय में विकास खण्ड के क्षेत्र में करोड़ों रुपए की लागत से विकास कार्य कराए जाएंगे। ब्लॉक प्रमुख प्रेमलता द्विवेदी ने कहा विकास खण्ड के अंतिम गांव तक विकास किया जाएगा। हर गरीब वर्ग के लोगों के लिए काम किया जाएगा।

# पूर्व शिक्षक ने पुत्रों समेत किसान को मारी गोली

**फर्रुखाबाद।** बीती रात गाली-गलौज का विरोध करना किसान को भारी पड़ गया। रिटायर्ड अध्यापक ने पुत्रों के साथ मारपीट कर उसे गोलियों से भून दिया। इसे गंभीर हालत में सीएचसी लाया गया जहां से पुलिस उसे लोहिया अस्पताल लेकर पहुंची, जहां किसान को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर दो को हिरासत में लिया है। कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के ग्राम गैसिंगपुर निवासी 50 वर्षीय मनोज कुशवाह का गांव के ही परिवारी रामप्रताप व उनके पुत्रों से विवाद चलता था। रामप्रताप के पुत्र आये दिन शराब के नशे में आकर गाली-गलौज करते थे। मनोज के पुत्र अन्नू सिंह ने बताया कि बीती रात रामप्रताप के पुत्र सत्यम सिंह व शिवम सिंह मेरे घर में दाखिल हुए और गाली-गलौज करने लगे। विवाद होने पर मनोज सिंह अपनी पत्नी आशा देवी व पुत्र अभय व भाई संजय सिंह व राजीव सिंह के साथ रामप्रताप के घर पर शिकायत करने गये। जहां रामप्रताप के दोनों पुत्र सत्यम व शिवम सिंह पहले से ही मौजूद थे। तीनों पिता-पुत्र मनोज के साथ मारपीट करने लगे। सत्यम व शिवम ने मनोज के हाथ पकड़े और रिटायर्ड अध्यापक रामप्रताप नें अपनी बंदूक से सीने में गोली मार दी।

# 169 किलो प्लास्टिक जब्त कर लगाया 8 हजार का अर्थदंड

संवाददाता। चित्रकूट



**केंद्रीय** प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निर्देश पर क्षेत्रीय अधिकारी आर के वर्मा एवं स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक शिवा कुमार के संयुक्त नेतृत्व में चित्रकूट जिला मुख्यालय में प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया।जिसके तहत 169 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त कर 8हजार का जुर्माना लगाया गया। स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक शिवा कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निर्देश पर गठित टीम द्वारा मुख्यालय के कई दुकानों में छापेमारी की गई। इस दौरान कुछ दुकानदारों ने अपनी नाराजगी व्यक्त की। लेकिन टीम ने पुलिस के सहयोग से प्लास्टिक नियमानुसार कार्यवाही की गई। साथ ही जनता से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की अपील की गई। इसके अलावा दुकानदारों को भी समझाया कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करे।

अभियान में शामिल रहे प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के वैज्ञानिक आर के मिश्रा, रामदास एवं राजकरण वर्मा एवं नगर पालिका चित्रकूट धाम कर्वी के कर निरीक्षक राहुल पांडे व जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन शिवा कुमार द्वारा सिंगल यूज़ प्लास्टिक के खिलाफ चलाये गये संयुक्त अभियान में 169 किलो प्लास्टिक, थर्माकोल, व डिस्पोजल गिलास आदि जब्त किया गया। जिसके तहत 8000 रुपए अर्थदंड के रूप में वसूला गया।

## 15 जून से होगी बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बीएड पाठ्यक्रम शैक्षिक सत्र 2023-25 में प्रवेश को संयुक्त प्रवेश परीक्षा 15 जून को सुचारू ढंग से कराने को परीक्षा केंद्रों के निर्धारण बाबत बैठक की। बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी को जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र स्वरूप ने बताया कि बीएड पाठ्यक्रम शैक्षिक सत्र 2023-25 में प्रवेश को संयुक्त प्रवेश परीक्षा 15 जून को परीक्षा केंद्र गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेड़ीपुलिया, चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी एवं गंगा प्रसाद जनसेवा इंटर कॉलेज कर्वी में कराने को परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी से जिला समन्वयक नोडल प्रो एस कुरील एवं उप नोडल अधिकारी उप्र संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा प्रो विनय कुमार चौधरी बनाये गये हैं। सभी परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे, पेयजल, शौचालय, बैठने की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, प्रश्न पत्रों के रखरखाव आदि की व्यवस्था है।

# बिजली चोरी की तो बजेगी अफसरों के फोन की घंटी

●विजिल आई सॉफ्टवेयर से पहुंचेगा मोबाइल पर संदेश, तत्काल प्रवर्तन टीम करेंगी छापेमारी

**कदौरा,** जालौन। बिजली चोरी अब दूर की कौड़ी होगी। तकनीक की मदद से कटियाबाजों को आसानी से पकड़ा जा सकेगा। यह विजिल आई सॉफ्टवेयर से संभव होगा। एमआरआई बिलिंग में बिजली चोरी मिलते ही बिजली विभाग के अफसरों के मोबाइल की घंटी बजेगी। इसके पश्चात इस पर तत्काल प्रवर्तन टीम छापेमारी करेंगी। एसडीओ राजेश पटेल ने कहा कि विद्युत उपखंड क्षेत्र में 19 हजार के लगभग विद्युत उपभोक्ता हैं। जिनके ऊपर अब तक करोड़ों रुपये का राजस्व बकाया है। अधिक भार वाले 44 बिजली कनेक्शनों की एमआरआई (मीटर रीडिंग इंस्टुमेंट) बिलिंग की जाती है। इससे बिजली चोरी की हर हरकत पकड़ी जाती है। उपखंड में लाइनलॉस वाले फीडरों को चिन्हित किए जाने के बाद कटियाबाजों पर लगाम लगेगी। एमआरआई बिलिंग का दायरा बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिन उपभोक्ताओं के बकाया न जमा करने पर कनेक्शन कटे है। वह 25 फीसदी जमा कराकर अपने बिजली कनेक्शन जुड़वा सकते हैं।

## इन अफसरों की बजेगी घंटी

**बिजली** के मीटर में छेड़छाड़, एक फेज बिजली गुल करके या कटिया डालकर बिजली चोरी की जाती है। एमआरआई बिलिंग से बिजली चोरी की सूचना संबंधित अधीक्षण अभियंता, एक्सईएन, एक्सईएन मीटर व एसडीओ के मोबाइल पर संदेश के जरिए पहुंचेगी, सॉफ्टवेयर में इन अफसरों के मोबाइल नंबर होगें। अफसर प्रवर्तन दल को सूचना देकर बिजली चोरी रोकने और राजस्व वसूली की कार्यवाही कराएंगे।

# जर्मनी ने जवाबी कार्रवाई करते हुए चार रूसी वाणिज्य दूतावासों को बंद करने का आदेश दिया

**भाषा।** बर्लिन

**रूस** में जर्मन दूतावास में कर्मचारियों की संख्या सीमित किए जाने संबंधी मास्को के कदम के बाद जवाबी कार्रवाई करते हुए, बर्लिन ने उसे जर्मनी में स्थित पांच रूसी वाणिज्य दूतावास में से चार को बंद करने को कहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता क्रिस्टोफर बर्जर ने बुधवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि इस कदम का मकसद दोनों देशों के बीच कर्मचारियों और संस्थानों की संख्या को बराबर रखना है। रूसी सरकार ने हाल में कहा था कि अधिकतम 350 जर्मन सरकारी अधिकारी रूस में मौजूद रह सकते हैं। इनमें सांस्कृतिक संगठनों और विद्यालयों में सेवा देने वाले अधिकारी भी शामिल हैं।

बर्जर ने कहा कि इसका यह मतलब है कि जर्मनी को नवंबर तक रूस में एकातेरिनबर्ग, नोवोसिबिर्स्क और कालिनग्राद स्थित अपने वाणिज्य दूतावासों को बंद करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सिर्फ मास्को में जर्मन दूतावास और सेंट पीटर्सबर्ग में वाणिज्य दूतावास खुला रहेगा। उन्होंने कहा कि रूस को इस साल की समाप्ति के बाद बर्लिन में दूतावास तथा एक वाणिज्य दूतावास का संचालन जारी रखने की अनुमति होगी।

यह कदम, फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद मास्को और बर्लिन के बीच संबंधों के बिगड़ने को प्रदर्शित करता है। बर्जर ने कहा कि यह कदम खेदजनक है लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध का मलतब यह है कि दोनों देशों (रूस और जर्मनी) के बीच अब कई द्विपक्षीय गतिविधियों की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, लेकिन यह रूस का व्यवहार है जिसने हमें यह कदम उठाने के लिए मजबूर किया है।



हैती में पोर्ट ऑ प्रिंस में सामूहिक हिंसा से विस्थापित हुए लोगों के लिए बने आश्रय स्थल पर बच्चे डॉक्टर का इंतजात करते हुए।

# वेटिकन ने दान में मिले 1.7 करोड़ डालर के निवेश पर उठाया सवाल

**भाषा।** वेटिकन सिटी

**वेटिकन** ने अमेरिकी मिशनरी दान प्राप्तकर्ता कार्यालय के पूर्व निदेशक द्वारा धर्मार्थ और दान के लिए मिली राशि में से कम से कम 1.7 करोड़ डॉलर की राशि गैर लाभकारी और निजी इक्विटी कोष में निवेश करने पर सफाई मांगी है। एसोसिएटेड प्रेस को प्राप्त जानकारी के मुताबिक उक्त कोष की स्थापना पूर्व निदेशक ने की थी और मौजूदा समय में वही उसका प्रबंधन कर रहे हैं। नवीनतम वित्तीय बयान के मुताबिक, अमेरिका स्थित पोप मिशन सोसाइटीज़ (टीपीएमएस-यूएस) के नए प्रबंधन ने यह राशि विकासशील दुनिया में कैथोलिक चर्च द्वारा इस्तेमाल किए जाने के लिए एकत्रित की थी और उसके द्वारा निजी इक्विटी फंड में निवेश की गई राशि का घाटा हुआ है एवं निवेश की वापसी की कोई समय सीमा या गारंटी नहीं है। यह राशि करीब 1.02 करोड़ डॉलर है।

बयान के मुताबिक, मिशन की राशि न्यूयॉर्क स्थित गैर लाभकारी संगठन मिसियो कॉरपोरेशन और एंड्रयू स्माल द्वारा गठित एक निजी इक्विटी कोष एमआईएसआईएफ एलएलसी में निवेश की गई जिसकी स्थापना उन्होंने मिशनरी दान प्राप्तकर्ता कार्यालय के निदेशक पद पर अपने कार्यकाल के दौरान की थी। मिसियो कॉरपोरेशन और एमआईएसआईएफ एलएलसी ... दोनों का ही उद्देश्य अफ्रीका में चर्च द्वारा संचालित कृषि संबंधी गतिविधियों के लिए काम ब्याज पर ऋण मुहैया कराना और इसमें निवेश करने के वास्ते पूंजी जुटाना है।

ज्यादातर धनराशि 2021 में, एंड्रयू स्माल का टीपीएमएस-यूएस में दस साल का कार्यकाल समाप्त होने से ठीक पहले, स्थानांतरित की गई। ब्रिटिश मूल के स्माल एमआईएसआईएफ का प्रबंधन करते हैं तथा मिसियो कॉरपोरेशन के सीईओ हैं तथा वेटिकन के बाल सुरक्षा परामर्श बोर्ड में अस्थाई तौर पर सेवाएं दे रहे हैं। स्माल ने एपी को ईमेल के जरिए दिए जवाब में धन स्थानांतरण का बचाव करते हुए कहा कि यह अनुमति मिलने के बाद तथा चर्च और टीपीएमएस-यूएस के हित में किया गया।

# लातविया के सांसदों ने विदेश मंत्री एडगार्स रिंकेविक्स को राष्ट्रपति चुना

**भाषा।** हेलसिंकी

**लातविया** के सांसदों ने बुधवार को मतदान के जरिए विदेश मंत्री एडगार्स रिंकेविक्स को राष्ट्रपति चुना। रिंकेविक्स काफी समय से लातविया के विदेश मंत्री रहे हैं और काफी लोकप्रिय हैं। वह यूक्रेन के मजबूत समर्थक माने जाते हैं। सौ सदस्ईय संसद ने रिंकेविक्स (49) को चार वर्ष के लिए राष्ट्रपति चुना। रिंकेविक्स को बहुमत के आंकड़े से एक वोट ज्यादा 52 वोट मिले। उनके निकटतम प्रतिदंद्वी कारोबारी उल्दिस पिलेंस को 25 वोट मिले। वर्ष 2019 से लातविया के राष्ट्रपति एगिल्स लेवित्स ने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया था। रिंकेविक्स ने 2014 में घोषणा की थी वह समलैंगिक हैं और उन्हें इस पर गर्व है। उन्होंने मतदान के बाद ट्वीट किया कि वह संसद के फैसले से सम्मानित और विनम्र महसूस कर रहे हैं।

# इमरान खान की पार्टी के नौ और सदस्यों पर सैन्य कानून के तहत चलेगा मुकदमा

**भाषा।** लाहौर

**इमरान खान** की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के नौ और सदस्यों को बुधवार को गिरफ्तार कर पाकिस्तानी सेना को सौंप दिया गया। संवेदनशील सैन्य प्रतिष्ठानों और सरकारी इमारतों पर नौ मई को हुए हमलों में इन सदस्यों की कथित भूमिका को लेकर पाकिस्तान सैन्य अधिनियम के तहत उनके खिलाफ मुकदमा चलेगा। इन गिरफ्तारियों के साथ, सैन्य अधिनियम और शासकीय गोपनीयता कानून के तहत मुकदमे का सामना करने वाले पीटीआई कार्यकर्ताओं की कुल संख्या 50 से अधिक हो गई है।

अदालत के एक अधिकारी ने कहा, आतंकवाद विरोधी अदालतों के आदेश पर, आईएसआई इमारतों (फैसलाबाद शहर में) और मुल्तान छावनी में सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमले में शामिल पीटीआई से जुड़े नौ संदिग्धों को बुधवार को सैन्य अधिनियम एवं शासकीय गोपनीयता कानून के तहत मुकदमा चलाने के लिए उन्हें पाकिस्तानी सेना को सौंप दिया गया।

अर्धसैनिक रेंजर द्वारा नौ मई को भ्रष्टाचार के मामले में इस्लामाबाद उच्च न्यायालय परिसर से पीटीआई के अध्यक्ष 70 वर्षीय खान को गिरफ्तार करने के बाद हिंसक विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए थे। उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने खान की गिरफ्तारी के जवाब में लाहौर कोर कमांडर हाउस, मियांवाली एयरबेस और फैसलाबाद में आईएसआई भवन सहित 12 सैन्य प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ की थी। उग्र भीड़ ने पहली बार रावलपिंडी में सेना मुख्यालय (जीएचक्यू) पर भी धावा बोल दिया था। हिंसा के बाद खान के हजारों समर्थकों को गिरफ्तार कर लिया गया था।

# भ्रष्टाचार मामले में इमरान खान को 19 जून तक के लिए जमानत दी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक भ्रष्टाचार रोधी अदालत ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को 50 अरब रुपए से अधिक के कथित भ्रष्टाचार से जुड़े अल-कादिर ट्रस्ट मामले में 19 जून तक के लिए जमानत दे दी। आज, इस्लामाबाद उच्च न्यायालय द्वारा तीन दिन के लिए जमानत बढ़ाए जाने और इस अवधि में जवाबदेही अदालत जाने का निर्देश दिए जाने के बाद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के प्रमुख खान इस्लामाबाद स्थित जवाबदेही अदालत के समक्ष पेश हुए। जवाबदेही अदालत के न्यायाधीश मुहम्मद बशीर ने खान को पांच लाख रुपए के मुचलके पर 19 जून तक के लिए जमानत दे दी। इससे पहले, खान लाहौर से राजधानी पहुंचे और पहले इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) के समक्ष पेश हुए, जहां न्यायमूर्ति मियांगुल हसन औरंगजेब और न्यायमूर्ति समन रिफ्त इम्तियाज ने उन्हें जमानत के लिए भ्रष्टाचार रोधी अदालत जाने के निर्देश के साथ तीन दिन की सुरक्षात्मक जमानत प्रदान कर दी।

इससे पहले, अदालत ने उन्हें 17 मई से 31 मई तक के लिए जमानत दी थी। संबंधित मामले में खान की ओर से वकील ख्वाजा हैरिस ने पैरवी की, जबकि अभियोजक मुजफ्फर अब्बासी द्वारा राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) का प्रतिनिधित्व किया गया। इसी मामले में खान को नौ मई को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय परिसर से गिरफ्तार किया गया था जिसके बाद देश में बड़े पैमाने पर हिंसा भड़क गई थी। इस हिंसा में 10 से ज्यादा लोग मारे गए थे। हिंसा के आरोप में खान के हजारों समर्थक जेल में हैं।

उच्चतम न्यायालय ने दो दिन बाद पीटीआई प्रमुख को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय से जमानत लेने का निर्देश देकर रिहा कर दिया था। मीडियाकर्मियों से अनौपचारिक बातचीत में खान ने कहा कि देश को ताकतवर प्रतिष्ठान चला रहा है। उन्होंने कहा, "सरकार और प्रतिष्ठान एक ही चीज हैं, बाद वाला पहले को चला रहा है। चुनाव कराने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

पिछले साल अप्रैल में संसद में अविश्वास मत के जरिए प्रधानमंत्री पद से हटाए जाने के बाद से ही खान पाकिस्तान में जल्द आम चुनाव कराए जाने की मांग करते रहे हैं। अपने वफादारों के पार्टी छोड़ने के सवाल पर खान ने कहा, यह ब्लैकमेल करने की कोशिश है। उन्होंने इस धारणा को भी खारिज किया कि राष्ट्रपति आरिफ अल्वी के साथ उनके मतभेद हैं। पाकिस्तान के राष्ट्रपति के रूप में नियुक्त किए जाने से पहले अल्वी पीटीआई के वरिष्ठ सदस्य थे। अलग से, इस्लामाबाद उच्च न्यायालय की एक अन्य पीठ ने खान द्वारा दायर की गईं दो अतिरिक्त जमानत याचिकाओं पर सुनवाई की।

## क्विक न्यूज

# कनाडा के अटलांटिक तट पर जंगल में लगी आग इलाके से 16,000 लोगों को निकाला गया

**हालीफैक्स (कनाडा)।** कनाडा के अटलांटिक तट पर एक जंगल में लगी आग से करीब 200 मकान व अन्य संरचनाएं क्षतिग्रस्त हो गईं, जिससे वहां से करीब 16,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। हालीफैक्स के दमकल विभाग के उप प्रमुख डेविड मेल्ड्रम ने बताया कि हालीफैक्स इलाके में रविवार को लगी आग को दमकलकर्मी रात भर काबू करने की कोशिश करते रहे। क्षतिग्रस्त हुए मकानों का सटीक आंकड़ा बताना अभी जल्दबाजी होगी, लेकिन नगरपालिका सरकार ने करीब 200 मकानों के क्षतिग्रस्त होने की बात कही है। इस बीच स्थानीय निवासियों को अपने मकानों और पालतू जानवरों की चिंता सता रही है। स्थानीय निवासी डैन कैवानुआग ने कहा, हमारी हालत भी दूसरों जैसी है। हमें नहीं पता कि हमारे मकान बचे हैं कि नहीं या उन्हें कितना नुकसान पहुंचा है। हालांकि पुलिस अधिकारी निवासियों के नाम दर्ज कर उन्हें उनकी संपत्तियां देखने के लिए बुला रहे हैं। जानवरों के खिलाफ क्रूरता को रोकने की दिशा में काम करने वाली संस्था नोवा स्कोटिया सोसाइटी की सारा ल्योन ने कहा कि आठ सदस्ईय टीम वहां छूटे हुए जानवरों को निकालने के लिए क्षेत्र में जाने की तैयारी कर रही है। इससे पहले दमकल अधिकारियों ने बताया था कि मंगलवार को शुष्क स्थिति, हवा के दोबारा चलने के कारण इलाके में फिर आग लग सकती है। मौसम विज्ञान विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार बुधवार को गर्मी रहने और शुक्रवार तक बारिश होने के आसार नहीं हैं।

# चीन ने अमेरिका से दक्षिण चीन सागर के ऊपर टोही विमानों की उड़ान रोकने की मांग की

**बीजिंग।** चीन ने बुधवार को अमेरिका की उस शिकायत पर प्रतिक्रिया दी जिसमें कहा गया था कि दक्षिण चीन सागर के ऊपर अंतरराष्ट्रीय हवाई क्षेत्र में एक चीनी लड़ाकू विमान ने अमेरिकी टोही विमान की उड़ान को बाधित करने की कोशिश की। चीन ने अमेरिका से ऐसी उड़ानों को रोकने की मांग की। इस घटना से दोनों देशों के बीच सैन्य, कूटनीतिक और आर्थिक तनाव बढ़ सकता है। दोनों देशों के संबंध पहले से ही ताइवान, संदिग्ध जासूसी गुब्बारा सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर तनावपूर्ण हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा कि अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए चीन जरूरी कदम उठाता रहेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका को उकसावे वाले ऐसे ऐसे खतरनाक कदमों को तुरंत रोकना चाहिए। अमेरिका हिंद-प्रशांत कमान ने चीनी विमान की हरकत को "अनावश्यक रूप से आक्रामक" कहा। उसने कहा कि चीन की सेना पिछले पांच साल में क्षेत्र में अमेरिकी विमानों और पोतों को बाधित कर काफी आक्रामक हो गई है। चीन पूरे दक्षिण चीन सागर पर अपना दावा करता है लेकिन अंतरराष्ट्रीय समुदाय इसे स्वीकार नहीं करता और फिलीपीन, वियतनाम एवं मलेशिया सहित विभिन्न तटीय देश इसे सीधे चुनौती देते हैं।

# हॉलीवुड अभिनेता अल पचीनो 82 साल की उम्र में बनने जा रहे हैं पिता

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड अभिनेता अल पचीनो और उनकी प्रेमिका एवं निर्माता नूर अलफल्लाह जल्द ही माता-पिता बनने वाले हैं। पचीनो के प्रतिनिधियों ने पीपल मैगजीन से इस खबर की पुष्टि की। अल पचीनो (82) और नूर (29) अप्रैल 2022 से साथ हैं। फिल्म गॉड फादर के अभिनेता की यह चौथी संतान होगी। अभिनेता ने अभी तक शादी नहीं की है और उनकी बाकी तीन संतानें भी उनकी पूर्व प्रेमिकाओं से हैं। पचीनो के द गॉडफादर और हीट के सह-कलाकार रॉबर्ट डी नीरो (79) ने भी कुछ सप्ताह पहले खुलासा किया था कि उनकी सातवीं संतान हुई है।

# 26-11 के हमलावरों को प्रशिशित करने वाले लश्कर आतंकी भुट्टावी की पाक जेल में मौत

**लाहौर।** वर्ष 2008 के मुंबई आतंकी हमले के लिए लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों को प्रशिक्षित करने वाले हाफिज अब्दुल सलाम भुट्टावी की पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक जेल में मौत हो गई। उसके एक सहयोगी ने बुधवार को यह जानकारी दी। संयुक्त राष्ट्र द्वारा आतंकवादी घोषित भुट्टावी ने कम से कम दो बार संगठन के प्रमुख के रूप में काम किया और अभी वह आतंकी वित्तपोषण को लेकर जेल में सजा काट रहा था। भुट्टावी ने पंजाब में लश्कर ए तैयबा के मुख्यालय की स्थापना की और वह प्रतिबंधित जमात-उद-दावा प्रमुख और मुंबई हमले के साजिशकर्ता हाफिज सईद का सहायक था।

जमात-उद-दावा के एक सदस्य ने बताया कि भुट्टावी (77) लाहौर से करीब 60 किलोमीटर दूर जिला जेल शेखुपुरा में अक्टूबर 2019 से बंद था। उसे 29 मई को सीने में तेज दर्द हुआ और उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। कड़ी सुरक्षा के बीच, उसे मुरीदका में लश्कर मुख्यालय में दफनाया गया जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिबंधित संगठन के समर्थकों ने भाग लिया। पंजाब सरकार के एक सूत्र ने बताया कि जमात-उद-दावा प्रमुख हाफिज सईद ने भुट्टावी के अंतिम संस्कार में शामिल होने की अनुमति देने का सरकार से अनुरोध किया था, लेकिन उसे अनुमति नहीं मिली। सईद 2019 से कोट लखपत जेल में बंद है और आतंकवाद के वित्तपोषण के मामलों में कई सजाएं काट रहा है। लाहौर की एक आतंकवाद-रोधी अदालत ने आतंकी वित्तपोषण से जुड़े एक मामले में 2020 में भुट्टावी को 16 साल की जेल की सजा सुनाई थी। सईद के करीबी भुट्टावी पर 2011 में अमेरिका ने प्रतिबंध लगा दिया था। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आईएसआईएस (दाएश) और अल कायदा प्रतिबंध समिति ने भुट्टावी को मार्च 2012 में घोषित आतंकवादियों की अपनी सूची में शामिल किया था।

# म्यामां की अदालत ने महिला पत्रकार को एक और मामले में दोषी करार दिया

**बैंकॉक।** सैन्य शासित म्यामां की एक अदालत ने एक महिला पत्रकार को देश के आतंकवाद रोधी कानून का उल्लंघन करने का दोषी ठहराया है। इसके साथ ही उसकी सजा बढ़कर अब 13 साल हो गई है। 34 वर्षीय पत्रकार को अब 10 साल की सजा और सुनाई गई है तथा पिछले साल दिसंबर में सेना विरोधी प्रदर्शन की कवरेज करने के मामले में उसे तीन साल कैद की सजा सुनाई गई थी। वह सेना के एक तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आकर घायल भी हो गई थी। वीडियो पत्रकार हमु यदनार खेत मोह मोह तुन को दी गई सजा देश की सत्तारूढ़ सेना द्वारा प्रेस की स्वतंत्रता के खिलाफ नवीनतम कदम है, जिसने फरवरी 2021 में आंग सान सू की की निर्वाचित सरकार का तख्तापलट करने के बाद स्वतंत्र मीडिया पर रोक लगा दी है। डेनियल बस्टर्ड ने कहा, हमू यदनार को 10 साल की अतिरिक्त सजा देकर, जनरल मिन आंग हलिंग के नेतृत्व वाले सैन्य शासन ने म्यामां में पत्रकारों पर किए जाने वाले घोर अत्याचार का फिर से प्रदर्शन किया है।

# जर्मनी ने इस्लामिक स्टेट की धन जुटाने में मदद करने वाले नेटवर्क के सात लोगों को गिरफ्तार किया

**भाषा।** बर्लिन

**जर्मनी** ने सीरिया में इस्लामिक स्टेट की गतिविधियों के लिए धन जुटाने में मदद करने के आरोप में एक नेटवर्क के सदस्यों के खिलाफ छापेमारी की और सात लोगों को गिरफ्तार किया। अभियोजकों ने यह जानकारी दी है। संघीय अभियोजकों ने एक बयान में बताया कि संदिग्धों में चार महिलाएं और तीन पुरुष हैं और उनके पास जर्मनी, तुर्किए, मोरक्को और कोसोवो की नागरिकता है। बयान के मुताबिक, उन्हें जर्मनी के पांच राज्यों से गिरफ्तार किया गया है जबकि जांचकर्ताओं ने जर्मनी में 19 संपत्तियों और नीदरलैंड में एक परिसर की तलाशी ली।

संदिग्धों पर विदेशी आतंकवादी संगठन की मदद करने का आरोप है और कुछ मामलों में निर्यात कानून का उल्लंघन करने का भी इल्ज़ाम है। अभियोजकों ने आरोप लगाया कि संदिग्ध एक नेटवर्क के वित्तीय बिचौलिए हैं। उनका दावा है कि सीरिया में आईएस के दो समर्थकों ने 2020 से टेलीग्राम के जरिए समूह के लिए दान की मांग की थी।

अभियोजकों ने कहा कि धन का इस्तेमाल आईएस को मजबूत करने के लिए किया गया, खासकर, उत्तर सीरिया में दो शिविरों में समूह के सदस्यों के लिए आपूर्ति में सुधार करने के लिए। उनके मुताबिक, इस नेटवर्क ने कम से कम 65 हजार यूरो (करीब 70 हजार अमेरिकी डॉलर) सीरिया भेजे। उन्होंने कहा कि बुधवार को की गई गिरफ्तारियां उन अन्य जांच से जुड़ी हैं जिनमें लोगों पर नेटवर्क में दान करने का आरोप है और इनमें 90 से ज्यादा जगहों की तलाशी ली जा रही है।

# कतर के प्रधानमंत्री ने तालिबान के सर्वोच्च नेता से मुलाकात की: अल जजीरा

**दुबई।** तालिबान के सर्वोच्च नेता हिबतुल्ला अखुंदजादा ने इस महीने की शुरुआत में कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान अल सानी से अफगानिस्तान में मुलाकात की थी। समाचार चैनल अल जजीरा की खबर के अनुसार यह अखुंदजादा की किसी विदेशी अधिकारी से हुई पहली मुलाकात है। अल जजीरा की खबर में बताया गया है कि अखुंदजादा ने अफगानिस्तान के दक्षिणी शहर कंधार में अल सानी से मुलाकात की थी, जो कतर के विदेश मंत्री भी हैं। हालांकि खबर में यह नहीं बताया गया है कि दोनों के बीच आधिकारिक रूप से किस बारे में बात हुई। इस बैठक के बारे में समाचार एजेंसी रॉयटर्स से सबसे पहले खबर दी थी। हालांकि कतर के सरकारी अधिकारियों ने बैठक के बारे में जानकारी देने से इनकार कर दिया। तालिबान ने इस बैठक के संबंध में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। अमेरिका के विदेश मंत्रालय की ओर से भी इस मामले पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई है।

# उत्तर कोरिया का जासूसी उपग्रह प्रक्षेपित करने का प्रयास विफल

**भाषा।** सियोल

**उत्तर कोरिया** का जासूसी उपग्रह प्रक्षेपित करने का पहला प्रयास विफल रहा। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के साथ बढ़ते तनाव के बीच देश के नेता किम जोंग-उन की सैन्य क्षमताओं को बढ़ाने के प्रयासों को यह एक बड़ा धक्का है। उत्तर कोरिया ने प्रक्षेपण के विफल रहने के तुरंत बाद ही दूसरा प्रक्षेपण करने का संकल्प जताया। इससे संकेत मिलता है कि किम अपने हथियारों के शस्त्रागार का विस्तार करने और अमेरिका तथा दक्षिण कोरिया पर अधिक दबाव बनाने को प्रतिबद्ध हैं। दोनों ही देशों के साथ उत्तर कोरिया के कूटनीतिक संबंध ठप हैं।

दक्षिण कोरियाई सेना ने कहा कि दक्षिण-पश्चिमी द्वीप इओचॉन्गदो के पश्चिम में समुद्र में उत्तर कोरियाई रॉकेट के दुर्घटनाग्रस्त होने का अनुमान है। इसके बाद रक्षा मंत्रालय ने एक सफेद, धातु के सिलेंडर की तस्वीरें जारी कीं, जिसे संदिग्ध रॉकेट का टुकड़ा बताया गया। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता एडम होज़ ने एक बयान में कहा कि अमेरिका, उत्तर कोरिया के इस प्रक्षेपण की कड़ी निंदा करता है क्योंकि उसने प्रतिबंधित बैलिस्टिक मिसाइल तकनीक का इस्तेमाल किया, तनाव बढ़ाया और क्षेत्र तथा उसके बाहर सुरक्षा को अस्थिर करने का जोखिम उठाया।

उपग्रह को अंतरिक्ष में प्रक्षेपित करने के लिए उत्तर कोरिया का लंबी दूरी की मिसाइल प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करना संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों के माध्यम से लगाए गए प्रतिबंधों का उल्लंघन है। कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने रॉकेट और उपग्रह के नाम के अलावा अन्य कोई विवरण नहीं दिया। हालांकि विशेषज्ञों ने पहले कहा था कि उत्तर कोरिया संभवत: तरल ईंधन वाले रॉकेट का इस्तेमाल करेगा, जैसा कि उसने पहले लंबी दूरी के रॉकेट और मिसाइलों के अधिकतर परीक्षण में किया है।

उत्तर कोरिया इस अभियान के विफल रहने की पूर्ण समीक्षा करने की योजना बना रहा है। केसीएनए के अनुसार, उत्तर कोरिया के राष्ट्रीय एयरोस्पेस विकास प्रशासन ने (द) कैरियर रॉकेट पर लागू नए प्रकार की इंजन प्रणाली की कम विश्वसनीयता और स्थिरता और ईंधन के ठीके से काम नहीं करने को विफलता की वजह बताया।

उत्तर कोरिया के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी री प्योंग चोल ने मंगलवार को कहा कि उत्तर कोरिया अंतरिक्ष-आधारित टोही उपग्रह को अमेरिका और उसके अधीन बलों के खतरनाक सैन्य कृत्यों की निगरानी के लिए अपरिहार्य मानता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और दक्षिण कोरिया आक्रमण की अपनी अविवेकपूर्ण महत्वाकांक्षा को खुले तौर पर प्रकट कर रहे हैं। री ने अमेरिका व दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यास की निंदा की थी। उत्तर कोरिया लंबे समय से यह कहता रहा है कि ए सैन्य अभ्यास उस पर संभावित हमले का पूर्वाभ्यास हैं। इससे पहले जापान के तटरक्षक बल ने सोमवार को कहा था कि उत्तर कोरिया के जलमार्ग अधिकारियों से मिले नोटिस के अनुसार, प्रक्षेपण 31 मई से 11 जून के बीच किया जा सकता है। जापान का तटरक्षक बल पूर्वी एशिया में समुद्री सुरक्षा सूचना का समन्वय करता है और उसे आगे भेजता है, इसी कारण उत्तर कोरिया ने यह नोटिस उसे भेजा है।

# पूर्वी लेबनान में फलस्तीनी समूह के नियंत्रण वाले अड्डे में हुए विस्फोट में पांच लड़ाकों की मौत

**दमिश्क (सीरिया)।** पूर्वी लेबनान में सीरिया समर्थित फलस्तीनी समूह पॉपुलर फ्रंट फॉर द लिबरेशन ऑफ फलस्तीन-जनरल कमांड (पीएफएलपी-जीसी) के नियंत्रण वाले सैन्य अड्डे में बुधवार तड़के हुए विस्फोट में पांच फलस्तीनी लड़ाकों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। समूह के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। समूह ने कहा है कि इजराइल की ओर से हुए हवाई हमले के कारण धमाका हुआ। हालांकि इजराइल के एक अधिकारी ने इस बात को खारिज कर दिया। बेरूत में लेबनान सेना के एक अधिकारी ने कहा कि यह अड्डे के अंदर हुआ विस्फोट था और कोई हवाई हमला नहीं हुआ। सीरिया सरकार द्वारा समर्थित स्थानीय समूह के एक अधिकारी ने कहा कि मानवीय चूक के कारण यह विस्फोट हुआ। विस्फोट उस समय हुआ जब लड़ाके विस्फोट को ठिकाने लगा रहे थे। इससे पहले, पीएफएलपी-जीसी के अधिकारी अनवर राजा ने कहा कि सीरिया से लगी सीमा के निकट पूर्वी लेबनान के कुसाया शहर में स्थित ठिकानों पर इजराइल ने हमला किया। हमले में घायल दो व्यक्तियों की हालत गंभीर है। लेबनान-सीरिया सीमा पर पीएफएलपी-जीसी के कई ठिकाने हैं और दोनों देशों में सैन्य मौजूदगी भी है। समूह पहले इजराइल के खिलाफ हमले कर चुका है।

# चीन ने कृत्रिम मेधा के जोखिमों को लेकर चेताया

## ● सुरक्षा उपाय बढ़ाने का आह्वान किया

**बीजिंग।** चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ने कृत्रिम मेधा (एआई) के क्षेत्र में प्रगति से उत्पन्न जोखिमों को लेकर चेताया है और इससे निपटने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा उपाय मजबूत करने का आह्वान किया है। पार्टी नेता और राष्ट्रपति शी चिनफिंग की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई बैठक के बाद जारी बयान अत्याधुनिक तकनीक में वैश्विक नेतृत्व हासिल करने संबंधी सरकार के दृढ़ संकल्प और ऐसी प्रौद्योगिकियों के संभावित सामाजिक एवं राजनीतिक नुकसान के बारे में चिंताओं के बीच तनाव को रेखांकित करता है। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने कहा कि बैठक में राजनीतिक सुरक्षा और इंटरनेट डेटा एवं कृत्रिम मेधा संबंधी सुरक्षा में सुधार के लिए ठोस प्रयास किए जाने का आह्वान किया गया।

सेना के सर्वोच्च कमांडर और पार्टी के राष्ट्रीय सुरक्षा आयोग के अध्यक्ष शी ने "राष्ट्रीय सुरक्षा के समक्ष आने वाली जटिल और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों से अवगत रहने" पर विचार-विमर्श के लिए इस बैठक का आयोजन किया। शिन्हुआ ने शी के हवाले से कहा कि चीन को नए सुरक्षा ढांचे के साथ विकास के नए तरीकों की जरूरत है। इसने कहा, बैठक में इस बात को रेखांकित किया गया कि हमारे देश के समक्ष राष्ट्रीय सुरक्षा समस्याओं संबंधी जटिलता और गंभीरता में नाटकीय रूप से वृद्धि हुई है।

बैठक में कहा गया कि देश को संबंधित खराब स्थितियों और चरम परिदृश्यों से निपटने के लिए तैयार रहना चाहिए। उल्लेखनीय है कि चैटजीपीटी जैसे अत्यधिक सक्षम एआई चैटबॉक्स के चलते चीजों के इंसान के नियंत्रण से बाहर होने जैसी कई तरह की चिंताएं बढ़ी हैं। चिनफिंग ने बैठक ऐसे समय की जब माइक्रोसॉफ्ट और गूगल के उच्चस्तरीय अधिकारियों सहित वैज्ञानिकों और प्रौद्योगिकी क्षेत्र के लोगों ने मंगलवार को कृत्रिम मेधा के मानव जाति के लिए खतरा होने संबंधी एक नई चेतावनी जारी की। इससे संबंधित बयान में कहा गया, महामारी और परमाणु युद्ध जैसे अन्य सामाजिक-स्तर के जोखिमों के साथ एआई की वजह से विलुप्त होने के जोखिम को कम करना एक वैश्विक प्राथमिकता होना चाहिए।

चैटजीपीटी-निर्माता ओपनएआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सैम ऑल्टमैन और एआई के जनक के रूप में जाने जाने वाले कंप्यूटर वैज्ञानिक जेफ्री हिंटन उन सैकड़ों प्रमुख हस्तियों में शामिल हैं, जिन्होंने मंगलवार को सेंटर फॉर एआई सेफ्टी की वेबसाइट पर पोस्ट किए गए बयान पर हस्ताक्षर किए। चीन अपने प्रौद्योगिकी क्षेत्र पर पार्टी का नियंत्रण स्थापित करने के प्रयास में कई तरह के अंकुश लगाता रहा है, लेकिन अन्य देशों की तरह वह भी तेजी से विकसित हो रही एआई तकनीक को विनियमित करने के तरीके खोजने की बात करता रहा है। एलोन मस्क सहित 1,000 से अधिक शोधकर्ताओं और प्रौद्योगिकीविदों ने इस साल की शुरुआत में एआई के विकास पर छह महीने तक रोक के लिए एक लंबे पत्र पर हस्ताक्षर किए थे।

# चन्नी के भतीजे ने आईपीएल खिलाड़ी से दो करोड़ मांगे थे : मान

भाषा। चंडीगढ़



**पंजाब** के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बुधवार को आरोप लगाया कि उनके पूर्ववर्ती चरणजीत सिंह चन्नी के भतीजे ने सरकारी नौकरी दिलाने में मदद के लिए क्रिकेटर जस इंदर सिंह से दो करोड़ रुपए मांगे थे। हालांकि कांग्रेस के नेता चन्नी ने इन आरोपों को निराधार बताते हुए खारिज कर दिया।

मान ने 22 मई को चन्नी के भतीजे जशन पर आरोप लगाए थे, लेकिन क्रिकेटर का नाम उजागर नहीं किया था। बुधवार को उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में जस इंदर सिंह और उनके पिता मनजिंदर सिंह को पेश किया। मुख्यमंत्री ने कहा, जस इंदर सिंह किंग्स इलेवन पंजाब (पंजाब किंग्स) में शामिल थे, , हालांकि उन्हें कोई मैच खेलने का मौका नहीं मिला था।

उन्होंने कहा कि वह हाल ही में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच देखने धर्मशाला गए थे, जहां उनकी मुलाकात जस इंदर सिंह से हुई थी। मुख्यमंत्री ने चन्नी के साथ मनजिंदर सिंह की तस्वीरें भी दिखाईं।

मान ने दावा किया कि जस इंदर सिंह और उनके पिता चन्नी से यहां पंजाब भवन में मिले थे। चन्नी ने उन्हें बताया था कि उनका काम हो जाएगा। फिर उन्हें चन्नी के भतीजे जशन से मिलने के लिए कहा गया। मुख्यमंत्री के अनुसार, पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी जस इंदर सिंह ने विजय मर्चेंट ट्रॉफी और कूच बिहार ट्रॉफी सहित अन्य टूर्नामेंट में भी पंजाब का प्रतिनिधित्व किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जस इंदर सिंह ने पंजाब लोक सेवा आयोग की परीक्षा दी थी और खेल कोटे के तहत सरकारी नौकरी के लिए पात्र थे।

मान ने कहा कि उन्होंने खेल श्रेणी की 132.5 अंकों की कट-ऑफ के मुकाबले 198.5 अंक प्राप्त किए थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जस इंदर सिंह का परीक्षा परिणाम सामान्य वर्ग में माना गया जबकि उन्होंने खेल कोटे से आवेदन किया था। वह खेल कोटे में अव्वल रहे थे। मान ने कहा कि बाद में, उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह से मुलाकात की, जिनके विशेष कर्तव्य अधिकारी (ओएसडी) एम. पी. सिंह ने उन्हें पूरा मामला पढ़कर सुनाया। अमरिंदर सिंह ने गृह विभाग को पत्र लिखकर कहा कि उनके मामले पर विचार किया जाए। लेकिन इस बीच, उनकी जगह चन्नी को मुख्यमंत्री बना दिया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जस इंदर सिंह और उनके पिता भी चन्नी से मिले, जिन्हें तत्कालीन प्रमुख सचिव हुस्न लाल ने मामले के बारे में जानकारी दी थी। मान ने कहा कि चन्नी ने उनसे कहा कि उनका काम हो जाएगा और मामला कैबिनेट के सामने रखा जाएगा। उसके बाद उसे चन्नी के भतीजे से मिलने को कहा गया। मान ने कहा, भतीजे ने उनके दस्तावेजों को देखा और उसका नाम जशन था। मुख्यमंत्री मान ने कहा कि चन्नी के भतीजे ने जस इंदर के पिता से कहा कि उनका काम हो जाएगा, लेकिन इसके लिए पैसे देने होंगे।

सचिन पायलट के तेवर सख्त कहा

# जिन मुद्दों को उठाया उनसे समझौता करने की कोई संभावना नहीं

भाषा। जयपुर



**कांग्रेस** नेता सचिन पायलट ने पूर्ववर्ती भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार में भ्रष्टाचार के आरोपों सहित अपनी मांगों से पीछे हटने से बुधवार को इनकार करते हुए कहा कि उन्होंने जिन मुद्दों को उठाया था, उनसे समझौता करने की कोई संभावना नहीं है।

पायलट ने कहा कि उन्होंने अपनी मांगों पर कार्वाई करने का जो अल्टीमेटम दिया था वह आज खत्म हो रहा है और वह इंतजार कर रहे हैं कि राज्य सरकार क्या कार्रवाई करती है।

पायलट ने टोंक में संवाददाताओं से बातचीत में कहा, मैं एक बार फिर कहना चाहता हूं कि मैंने जो मुद्दे उठाए थे, खासकर भ्रष्टाचार के मुद्दे... पिछले भाजपा शासन में भारी भ्रष्टाचार और लूट मची थी उस पर कार्वाई करनी होगी। जहां तक युवाओं को न्याय दिलाने की बात है, मैं समझता हूं कि इसमें किसी तरह के समझौते की कोई संभावना नहीं है।

वह बुधवार को अपने निर्वाचन क्षेत्र टोंक में विभिन्न विकास कार्यों के उद्घाटन लिए आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा, मैंने 15 मई को कहा था कि राज्य सरकार भाजपा शासन के भ्रष्टाचार और नौजवानों के मुद्दों पर जल्द से जल्द कार्वाई करे। आज महीने की आखिरी तारीख है, इसलिए, मैं इंतजार कर रहा हूं.. उन्होंने (आलाकमान) कहा था कि कार्वाई करने की जिम्मेदारी राज्य सरकार की है। इसलिए देखते हैं कि कल क्या होता है।

हाल ही में अजमेर से जयपुर तक जनसंघर्ष यात्रा निकालने वाले पायलट ने मई के अंत तक उनकी मांगें नहीं माने जाने पर आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी है।

उल्लेखनीय है कि राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच के विवाद को सुलझाने के प्रयास के तहत पार्टी नेतृत्व ने नेताओं के साथ सोमवार को नई दिल्ली में बैठक की थी।

मंदिर जाने को लेकर ट्रोल किए जाने पर सारा बोलीं

# अपनी मान्यताओं का पालन करती रहूंगी

भाषा। इंदौर (मध्यप्रदेश)

**दर्शन-पूजन** के लिए मंदिरों में जाने को लेकर सोशल मीडिया पर अक्सर ट्रोल का सामना करने वाली अभिनेत्री सारा अली खान ने बुधवार को कहा कि वह अपनी मान्यताओं का पालन करती रहेंगी।



उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें अभिनय की कसौटी पर आंका जाना चाहिए और इससे उन्हें कोई दिक्कत नहीं है कि इंटरनेट पर लोग उनके बारे में क्या राय रखते हैं।

खान ने इंदौर में संवाददाताओं से कहा, मैं पूरी ईमानदारी से दोहराना चाहूंगी कि मैं दर्शकों के लिए किए जाने वाले अपने काम को बहुत गंभीरता से लेती हूं। अगर आपको मेरा काम अच्छा न लगे, तो मुझे बुरा लगेगा लेकिन मेरी निजी मान्यताएं मेरी अपनी हैं। सैफ अली खान और अमृता सिंह की 27 वर्षीय बेटी ने कहाकि अजमेर शरीफ भी उतनी ही शिद्दत से जाऊंगी, जितनी शिद्दत से मैं गुरुद्वारा बंगला साहिब या महाकालेश्वर मंदिर जाती हूं। मैं इन धार्मिक स्थलों पर जाती रहूंगी। लिहाजा जिन लोगों को (सोशल मीडिया पर) मेरे बारे में जो भी बोलना है, वे बोल सकते हैं। मुझे इससे कोई भी दिक्कत नहीं है।

सारा, दो जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली अपनी फिल्म जरा हटके, जरा बचके के प्रचार के लिए साथी अभिनेता विक्की कौशल के साथ इंदौर आई थीं। इससे पहले, सारा ने नजदीकी शहर उज्जैन में महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन किए और वह इस प्राचीन शिव मंदिर में तड़के भस्म आरती में भी शामिल हुईं। अभिनेता विक्की कौशल ने कहा कि ट्रोलिंग को लेकर सवाल उन लोगों से किए जाने चाहिए जो सोशल मीडिया पर किसी हस्ती को ट्रोल(आलोचना) करते हैं। कौशल ने कहा, अगर मीडिया किसी हस्ती से उसे ट्रोल किए जाने के बारे में सवाल करता है, तो इससे ट्रोल करने वालों की अहमियत बढ़ जाती है।

अगर मैं सड़क पर चल रहा हूं और कोई व्यक्ति मुझे गाली देता है, तो सवाल मुझसे नहीं, बल्कि मुझे गाली देने वाले व्यक्ति से किया जाना चाहिए कि वह मुझे गाली क्यों दे रहा है। 35 वर्षीय अभिनेता ने कहा कि इंटरनेट एक खुला माध्यम है और इस पर कोई व्यक्ति कुछ भी बोल सकता है। कौशल ने कहा, अब यह तो आपकी मर्जी है कि आप इंटरनेट पर आपकी तारीफ करने वाले लोगों पर ध्यान देते हैं या आपको गाली देने वाले लोगों पर?

# एआईएमआईएम केन्द्र के अध्यादेश के खिलाफ लड़ाई में केजरीवाल का समर्थन नहीं करेगी : ओवैसी

भाषा। हैदराबाद

**ऑल** इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने बुधवार को कहा कि वह दिल्ली में सेवाओं के नियंत्रण पर केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ लड़ाई में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का समर्थन नहीं करेंगे क्योंकि आम आदमी पार्टी के प्रमुख वास्तविक हिंदुत्व का अनुसरण करते हैं।

ओवैसी ने केजरीवाल और 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का समर्थन करने वाले दलों की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि उनमें राजनीतिक संगतियों का अभाव है जिसके कारण भाजपा को आपकी विसंगतियों से लाभ हो रहा है।

हैदराबाद से सांसद ओवैसी ने यहां पत्रकारों से कहा, मैं कभी केजरीवाल का समर्थन नहीं कर सकता...मैं केजरीवाल को जानता हूं...वह वास्तविक हिंदुत्व का अनुसरण करते हैं न कि महज उदार हिंदुत्व का।

उनसे यह पूछा गया था कि क्या वह केंद्र सरकार के अध्यादेश के खिलाफ लड़ाई में केजरीवाल का समर्थन करेंगे।

उन्होंने कहा, केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का समर्थन क्यों किया था जब उन्होंने अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया था। क्या उन्हें पता नहीं था कि एक राज्य को तीन केंद्र शासित प्रदेश में विभाजित कर दिया गया है। उन्होंने (केजरीवाल) यह दिखाने की कोशिश की कि वह सबसे बड़े हिंदू हैं। जब अनुच्छेद 370 निरस्त किया गया था तो उन्होंने भाजपा का समर्थन किया था। केजरीवाल ने अनुच्छेद 370 पर भाजपा का समर्थन क्यों किया था।


एआईएमआईएम प्रमुख ने पूछा कि विदेश मंत्रालय अपने निकटतम पड़ोस में प्राचीन भारतीय अवधारणा के प्रभाव को दर्शाते भारत के नए संसद भवन की अखंड भारत भित्ति चित्र पर अफगानिस्तान, नेपाल तथा बांग्लादेश को क्या बताएगा।

ओवैसी ने कहा, अब नए संसद भवन में अखंड भारत का भित्ति चित्र लगाया गया है, भाजपा को बताना चाहिए कि वे अफगानिस्तान, बांग्लादेश तथा नेपाल लेने कब जा रहे हैं।

आप कब पीओके (पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर) लेने जा रहे हैं? जब आप अखंड भारत का भित्ति चित्र लगाते हैं तो आपको जवाब देना चाहिए कि आप इस दिशा में क्या कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय को इस पर जवाब देना पड़ेगा।

एक अन्य सवाल पर ओवैसी ने कहा कि वह पार्टी के नेताओं से चर्चा करेंगे और फिर इस पर फैसला लेंगे कि एआईएमआईएम तेलंगाना में आगामी विधानसभा चुनाव में कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

# पीएम ने पुष्कर के ब्रह्मा मंदिर में पूजा अर्चना की



भाषा। अजमेर

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी बुधवार को अजमेर जिले के पुष्कर पहुंचे और ब्रह्मा मंदिर में पूजा अर्चना की।

राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हेलीकॉप्टर से तीर्थ नगरी पुष्कर पहुंचे। इससे पहले मोदी नई दिल्ली से विशेष विमान से किशनगढ़ हवाई अड्डे पर उतरे और वहां से वह हेलीकॉप्टर के जरिए तीर्थ नगरी पुष्कर पहुंचे। प्रधानमंत्री मोदी ने पुष्कर में ब्रह्मा मंदिर में पूजा अर्चना की। वह पुष्कर से हेलीकॉप्टर से जयपुर-अजमेर राजमार्ग पर स्थित कायड़ विश्राम स्थली जाएंगे, जहां वह जनसभा को संबोधित करेंगे।

## मॉडल से किया बलात्कार और धर्मांतरण के लिए डाला दबाव

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने शहर की एक मॉडल को शादी का झांसा देकर बलात्कार करने और धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। आरोपी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर मॉडल द्वारा लगाए सभी आरोप खारिज कर दिए। आरोपी को अभी गिरफ्तार नहीं किया गया है। पुलिस अधिकारी ने 23 वर्षीय महिला की शिकायत का हवाला देते हुए कहा कि वह फिल्म द केरल स्टोरी देखने के बाद पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित हुई। मॉडल ने पुलिस को बताया कि वह आरोपी तनवीर अख्तर लेक खान (40) से मिली और 2020 में उसकी मॉडलिंग एजेंसी में शामिल हो गई।

# उत्तराखंड में उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति योजना लागू होगी

भाषा। देहरादून

**उत्तराखंड** मंत्रिमंडल ने बुधवार को प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों और सरकारी कॉलेजों में स्नातक तथा स्नातकोत्तर के मेधावी छात्रों के लिए छात्रवृत्ति योजना को लागू करने पर अपनी सहमति दे दी। यह छात्रवृत्ति हर पाठ्यक्रम में प्रथम तीन स्थान हासिल करने वाले छात्रों को दी जाएगी।

प्रदेश के मुख्य सचिव सुखबीर सिंह संधु ने संवाददाताओं को बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में यहां हुई बैठक में मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति योजना को लागू करने पर सहमति दी गई। उन्होंने बताया कि 2023-24 शैक्षणिक सत्र से लागू होने वाली योजना से राज्य विश्वविद्यालय और सरकारी कॉलेजों में किसी भी नियमित पाठ्यक्रम के स्नातक और स्नातकोत्तर छात्र लाभान्वित हो सकते हैं। यहां जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, अपनी इंटरमीडिएट परीक्षा में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रथम वर्ष स्नातक पाठ्यक्रम के छात्रों को यह छात्रवृत्ति मिल सकती है। दूसरे और तीसरे वर्ष के छात्रों को पिछले साल 75 प्रतिशत उपस्थिति पूरी होने तथा कम से कम 60 प्रतिशत अंक हासिल करने पर यह छात्रवृत्ति मिलेगी। स्नातक पाठ्यक्रम में किसी विषय में पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर आने वाले छात्रों को क्रमश: तीन हजार, दो हजार और डेढ़ हजार रुपए प्रतिमाह छात्रवृत्ति मिलेगी। हालांकि, इसके लिए छात्रों को कम से कम 60 प्रतिशत अंक लाने जरूरी होंगे। संधु ने बताया कि अगर स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम दो साल का है तो पहले साल प्राप्त अंकों के आधार पर शीर्ष तीन स्थानों पर रहने वाले छात्रों को क्रमश: 5000,3000 और 2000 रुपए प्रतिमाह की छात्रवृत्ति दी जाएगी। उन्होंने बताया कि स्नातक पाठ्यक्रम के आखिर में पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाले छात्रों को एक मुश्त 35 हजार, 25 हजार और 20 हजार रुपए भी मिलेंगे। स्नातकोत्तर पाठयक्रम के आखिर में भी प्राप्तांकों का कुल प्रतिशत निकाला जाएगा तथ प्रथम तीन स्थानों पर रहने वाले छात्रों को एक मुश्त प्रोत्साहन राशि के रूप में 60 हजार, 35 हजार और 25 हजार रुपए दिए जाएंगे।

## क्विक न्यूज

### प्रियांक खरगे को दिया गया आईटी और बीटी विभाग

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने दो मंत्रालय का प्रभार बुधवार को छोड़ दिया। इसके बाद ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री प्रियांक खरगे को एक बार फिर राज्य में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और जैव प्रौद्योगिकी (बीटी) विभाग का प्रभार दिया गया है। खरगे मौजूदा विभागों के साथ आईटी और बीटी का भी जिम्मा संभालेंगे जबकि बड़े और मध्यम उद्योग मंत्री एमबी पाटिल को बुनियादी ढांचा विकास मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इन दोनों विभाग का जिम्मा मुख्यमंत्री के पास था। सूत्रों के मुताबिक, शुरुआत में पाटिल को उद्योग के साथ आईटी और बीटी विभाग दिया गया था। हालांकि, बाद के संशोधन में ए विभाग ग्रामीण विकास और पंचायत राज के साथ खरगे को दे दिए गए। खरगे सिद्धरमैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस की पिछली सरकार में आईटी और बीटी मंत्री थे।

### जून के तीसरे सप्ताह तक सात और चीते कूनो राष्ट्रीय उद्यान में छोड़े जाएंगे

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में जून के तीसरे सप्ताह तक दो मादा समेत सात और चीते छोड़े जाएंगे। चीतों को बसाने की परियोजना की निगरानी करने के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत पिछले साल 17 सितंबर को नामीबिया से लाए गए आठ चीतों को मध्य प्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान के संगरोध बाड़े में छोड़ा था। परियोजना के दूसरे चरण में 18 फरवरी को दक्षिण अफ्रीका से लाए गए 12 चीते कूनो में छोड़े गए थे। मार्च और अप्रैल में तीन चीतों की मौत हो गई थी। बचे हुए 17 वयस्क चीतों में से सात को पहले ही जंगल में छोड़ दिया गया है। समिति के अध्यक्ष और ग्लोबल टाइगर फोरम के महासचिव राजेश गोपाल ने पीटीआई-भाषा से कहा, परियोजना पर काम जारी है और चिंता का कोई कारण नहीं है। हमने जून के तीसरे सप्ताह तक दो मादा चीतों समेत सात और चीतों को छोड़ने का फैसला किया है।

### युवा महिला वॉलीबॉल खिलाड़ी की हार्ट अटैक पड़ने से मौत

**मंगलुरु।** कर्नाटक के मंगलुरु के एक अस्पताल में 24 वर्षीय राष्ट्रीय स्तर की महिला वॉलीबॉल खिलाड़ी की बुधवार को दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। दक्षिण कन्नड़ जिले के बेलथांगडी की रहने वाली थी। मृतक की पहचान सालियाथ के तौर पर हुई है। वह उजिरे में एसडीएम कॉलेज की पूर्व छात्रा है। सूत्रों ने बताया कि एक साल पहले उनकी शादी हुई थी और उनके पति चिक्कामगलूर में रहते है। उन्होंने बताया कि सीने में दर्ज की शिकायत के बाद उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनकी मौत हो गई। सालियाथ ने प्रयागराज में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के वॉलीबॉल टूर्नामेंट में राज्य का प्रतिनिधित्व किया था और राज्य की टीम को दूसरा स्थान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। अपने कॉलेज के दिनों में उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए उन्होंने कई पदक भी जीते थे।

### मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव ने ब्राह्मण सदन का उद्घाटन किया

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने बुधवार को ब्राह्मण समुदाय के कल्याण के लिए बनाए गए ब्राह्मण सदन का औपचारिक उद्घाटन किया। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि राव ने भवन परिसर में आयोजित चंदियागम, सुदर्शनायगम और वास्तुपूजा कार्यक्रमों में भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने हर साल ब्राह्मण परिषद को 100 करोड़ रुपए आवंटित किए है और इन कोष से विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं लागू की जा रही है। उन्होंने कहा, तेलंगाना सरकार गरीब वर्गों की मदद करने के लिए मानवीय दृष्टिकोण के साथ काम कर रही है। कई ब्राह्मण गरीब है। सरकार ने महसूस किया कि उनकी मदद करना उसकी जिम्मेदारी है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि गरीब ब्राह्मणों की आजीविका से संबंधित बेस्ट (तेलंगाना राज्य ब्राह्मण सशक्तिकरण योजना) के तहत सरकार निवेश सहायता के रूप में अधिकतम पांच लाख रुपए का अनुदान प्रदान करती है। सरकार ने 2014 से अब तक इसके लिए 150 करोड़ रुपए खर्च किए है।

### एनआईए ने कर्नाटक में पीएफआई से संबंधित 16 परिसरों पर छापे मारे

**मंगलुरु (कर्नाटक)।** आतंकी वित्तपोषण से संबंधित जारी जांच के तहत राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने बुधवार सुबह कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले में प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के सदस्यों से जुड़े 16 परिसरों पर छापेमारी की। ए संपत्ति अब प्रतिबंधित पीएफआई से जुड़े सदस्यों से संबंधित है। आतंकवाद से संबंधित गतिविधियों में कट्टरपंथी संगठन की मदद के लिए खाड़ी देशों से कर्नाटक को भेजे गए धन के बारे में मिली खुफिया सूचनाओं के आधार पर ए छापेमारी की गई। सूत्रों ने बताया कि मंगलुरु के साथ साथ बंतवाल, उप्पिनंगडी, वेनूर और बेलथांगडी में छापेमारी की गई। जिन परिसरों पर छापेमारी की गई उनमें कुछ मकान, दुकानें और एक अस्पताल शामिल है। धन हस्तांतरण से संबंधित डिजिटल साक्ष्य एकत्रित किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि एनआई ने 12 जुलाई, 2022 को बिहार में एक रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमले की साजिश को लेकर प्रतिबंधित संगठन के खिलाफ एक मामले सहित आतंकवाद-संबंधी गतिविधियों के लिए धन के स्रोत का पता लगाने के लिए मार्च के आखिर में मंगलुरु में छापेमारी की थी।

# हिंदू छात्राओं को जबरन हिजाब पहनाने का आरोप, जांच के आदेश

भाषा। भोपाल,दमोह

**हिंदू** संगठनों ने दावा किया है कि मध्य प्रदेश के दमोह जिले में एक निजी स्कूल में हिंदू छात्राओं को जबरन हिजाब पहनाया जा रहा है, जिसके बाद इस स्कूल की यूनिफॉर्म को लेकर विवाद खड़ा हो गया। मामले पर संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार ने पूरे प्रकरण की जांच करने के आदेश दिए हैं। यह जानकारी अधिकारियों ने बुधवार को दी।

उन्होंने बताया कि दमोह के गंगा जमुना हायर सेकेंडरी स्कूल के एक पोस्टर में हिंदू छात्राओं को हिजाब में दिखाए जाने के बाद यह जांच के आदेश दिए गए हैं। इस विवाद के बारे में पूछे जाने पर प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बुधवार को भोपाल में संवाददाताओं से कहा, दमोह में गंगा जमुना स्कूल में हिंदू लड़कियों को हिजाब में दिखाने के मामले की जांच जिला शिक्षा अधिकारी से कराई गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक को पूरे मामले की गहन जांच के निर्देश दिए गए हैं।

इसी बीच, हिंदू संगठनों ने दमोह जिलाधिकारी के कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया और स्कूल का पंजीकरण रद्द करने की मांग करते हुए एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने आरोप लगाया कि स्कूल हिंदू छात्राओं को हिजाब पहनने के लिए मजबूर कर रहा है। वहीं, दमोह के जिलाधिकारी मयंक अग्रवाल ने मंगलवार को बताया था कि गंगा जमुना स्कूल के एक पोस्टर को लेकर कुछ लोगों द्वारा फैलाई जा रही जानकारी को लेकर थाना प्रभारी कोतवाली और जिला शिक्षा अधिकारी से जांच कराने पर तथ्य गलत पाए गए। जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। एक दिन बाद बुधवार को उन्होंने कहा कि गृह मंत्री के निर्देश के बाद गंगा जमुना स्कूल के टॉपर वाले पोस्टर के मामले में तहसीलदार दमोह की अध्यक्षता में जांच समिति गठित की गई है। जांच समिति को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, स्कूल के संचालक मुस्ताक खान ने बताया कि स्कूल में यूनिफॉर्म में स्कार्फ शामिल है, लेकिन इसे पहनने के लिए किसी को मजबूर नहीं किया जाता है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने एक ट्वीट में कहा, मध्यप्रदेश के दमोह जिले में एक स्कूल द्वारा हिंदू और अन्य गैर मुस्लिम बच्चियों को स्कूल यूनीफॉर्म के नाम पर जबरन बुर्का व हिजाब पहनाए जाने की शिकायत प्राप्त हुई है।

# राफेल विमानों ने हिंद महासागर क्षेत्र में लंबी दूरी का अभियान पूरा किया

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय** वायुसेना के चार राफेल लड़ाकू विमानों ने छह घंटों तक हिंद महासागर के ऊपर एक रणनीतिक अभियान पूरा किया और इस दौरान विमानों ने लंबी दूरी वाली लड़ाकू क्षमताओं को प्रदर्शित किया। अभियान की जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने यह जानकरी दी।

उन्होंने बताया कि लड़ाकू विमानों ने पूर्वी सेक्टर में हासीमारा वायु सेना अड्डे से उड़ान भरी और विभिन्न युद्धाभ्यास तथा कई अभियान पूरे किए और इच्छित परिणाम पाने के उपरान्त अड्डे पर लौट आए। भारतीय वायु सेना ने ऐसे वक्त में इस अभियान को अंजाम दिया है जब चीन हिंद महासागर क्षेत्र में अपनी मौजूदगी बढ़ा रहा है, जिसे भारतीय नौसना का बैकयार्ड कहा जाता है। अभियान की जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने कहा कि चार राफेल विमानों के इस मिशन ने अपनी अभियानगत क्षमताओं तथा चुनौतीपूर्ण स्थितियों से निपटने में अपनी तैयारियों को प्रदर्शित किया।



हैदराबाद में तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने गोपनपल्ली में तेलंगाना ब्राह्मण संक्षेमा सदन का उद्घाटन किया।

# शिंदे से अहमदनगर का नाम बदलकर अहिल्यानगर करने का अनुरोध करूंगा

भाषा। पुणे (महाराष्ट्र)

**महाराष्ट्र** के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि वह मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से अहमदनगर शहर का नाम बदलकर अहिल्यानगर करने का अनुरोध करेंगे।

फडणवीस, शिंदे और राज्य के कई मंत्री मराठा मालवा साम्राज्य की होलकर रानी अहिल्याबाई होलकर की पुण्यतिथि पर एक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए अहमदनगर में मौजूद थे।

इस साम्राज्य को पूरे भारत में मंदिरों और धर्मशालाओं का निर्माण कराने के लिए जाना जाता है।

फडणवीस ने कहा, अगर राजमाता अहिल्यादेवी होलकर नहीं रही होतीं तो काशी नहीं बचा होता। अगर वह नहीं होती तो हमारे पास भगवान शिव के मंदिर नहीं होते।



इसलिए लोग अहमदनगर का नाम बदलकर अहिल्यानगर करना चाहते हैं। मैं भी मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से यह अनुरोध करने जा रहा हूं। उपमुख्यमंत्री ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और शिंदे नीत शिवसेना के सत्तारूढ़ गठबंधन को हिंदुत्व सरकार बताया। उन्होंने कहा, हम छत्रपति शिवाजी महाराज का नाम जपने वाले लोग हैं। हमने आपके (शिंदे) नेतृत्व में संभाजीनगर नाम रखा, हमने धाराशिव नाम रखा। मुझे विश्वास है कि मुख्यमंत्री छत्रपति शिवाजी महाराज के मावला (सैनिक) हैं और इसलिए अहमदनगर का नाम बदलकर अहिल्यानगर किया जाएगा।

## नीलवंडे बांध की लागत आठ करोड़ से बढ़कर 5,177 करोड़ रुपए हुई : फड़णवीस

**अहमदनगर।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को दावा किया कि अहमदनगर जिले में नीलवंडे बांध की लागत देरी के कारण आठ करोड़ रुपए से बढ़कर 5,177 करोड़ रुपए हो गई। फडणवीस परीक्षण के तौर पर बांध से पानी छोड़े जाने के बाद बोल रहे थे। इसी समारोह में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि किसानों को इस परियोजना से पानी प्राप्त करने के लिए 53 साल तक इंतजार करना पड़ा। उन्होंने कहा कि यह अहमदनगर और नासिक जिलों के सूखे क्षेत्रों के लिए जीवन रेखा साबित होगा। फडणवीस ने कहा, नीलवंडे बांध का एक इतिहास है। परियोजना की शुरुआती लागत आठ करोड़ रुपए थी, लेकिन आज परियोजना की लागत 5,177 करोड़ रुपए है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में (जब फडणवीस मुख्यमंत्री थे) परियोजना को 2,500 करोड़ रुपए की संशोधित प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई थी। इस बीच, शिंदे ने आश्वासन दिया कि जिन किसानों की भूमि परियोजना के लिए अधिग्रहित की गई है, उन्हें उचित मुआवजा मिलेगा

# आईसीसी ने पाकिस्तान से वनडे विश्वकप के लिए भारत टीम भेजने का आश्वासन मांगा

**भाषा।** कराची



**अंतरराष्ट्रीय** क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष और सीईओ यह आश्वासन पाने के लिए अभी लाहौर में हैं कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) इस साल भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप में अपने मैचों के लिए हाइब्रिड मॉडल लागू करने पर जोर नहीं देगा।

सूत्रों ने पीटीआई से पुष्टि की कि आईसीसी के अध्यक्ष ग्रेग बार्कले और सीईओ ज्योफ एलार्डिस विशेषकर इसलिए लाहौर पहुंचे हैं ताकि वह अक्टूबर-नवंबर में होने वाले वनडे विश्वकप में पाकिस्तान की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आश्वासन हासिल कर सकें। पीसीबी के प्रमुख नजम सेठी ने स्पष्ट किया है कि अगर भारतीय टीम एशिया कप के लिए पाकिस्तान का दौरा नहीं करेगी तो फिर उनकी टीम भी विश्वकप के लिए भारत नहीं जाएगी। इसके बाद ही आईसीसी के शीर्ष पदाधिकारी पाकिस्तान दौरे पर आए हैं। सूत्रों ने कहा, आईसीसी और विश्वकप का मेजबान भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) नजम सेठी के हाइब्रिड मॉडल को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने कहा, सेठी ने हाइब्रिड मॉडल का सुझाव हालांकि विश्वकप से पहले होने वाले एशिया कप के लिए दिया है लेकिन अधिकारी इस बात को लेकर चिंतित हैं कि अगर इस क्षेत्रीय प्रतियोगिता के लिए यह मॉडल स्वीकार कर लिया जाता है तो पीसीबी पाकिस्तान के भारत में खेलने के सवाल पर आईसीसी से विश्वकप में भी इस मॉडल को लागू करने के लिए कह सकता है। सेठी पहले ही संकेत दे चुके हैं कि यदि पाकिस्तान सरकार सुरक्षा कारणों से टीम को भारत भेजने की अनुमति नहीं देती है तो पीसीबी ऐसी स्थिति में आईसीसी से पाकिस्तान के मैच तटस्थ स्थान पर करवाने के लिए कहेगा। सूत्रों ने कहा, स्वाभाविक है कि आईसीसी और बीसीसीआई इस तरह की स्थिति नहीं चाहते क्योंकि इससे भारत-पाकिस्तान मैच और यहां तक कि टूर्नामेंट की सफलता भी प्रभावित होगी। एक अन्य सूत्र ने कहा कि यही वजह है कि बीसीसीआई के सचिव जय शाह एशिया कप के लिए हाइब्रिड मॉडल को स्वीकार नहीं कर रहे हैं जिसके तहत तीन या चार मैचों का आयोजन पाकिस्तान में और बाकी मैचों का आयोजन संयुक्त अरब अमीरात या श्रीलंका में होगा। पाकिस्तान एशिया कप का मेजबान है और सेठी लगातार दोहरा रहे हैं कि अगर टूर्नामेंट का आयोजन पाकिस्तान की बजाय तटस्थ स्थल पर किया जाता है तो उनकी टीम प्रतियोगिता में भाग नहीं लेगी। सूत्रों ने इसके साथ ही संकेत दिए कि अगर पाकिस्तान एशिया कप के कुछ मैचों की मेजबानी नहीं करता है तो इसका विश्वकप पर भी विपरीत प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा, आईसीसी के पदाधिकारी पीसीबी और बीसीसीआई के बीच सेतु के रूप में काम करने तथा एशिया कप और विश्व कप से संबंधित लंबित मुद्दों को हल करने की कोशिश कर रहे हैं।

# धोनी घुटने की चोट पर चिकित्सकों से सलाह लेंगें

**भाषा।** नई दिल्ली



**चेन्नई** सुपरकिंग्स (सीएसके) के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी अपने बाएं घुटने के इलाज पर फैसला करने के लिए मुंबई में स्पोर्ट्स आर्थोपेडिक विशेषज्ञ की राय लेंगे। फ्रेंचाइजी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) काशी विश्वनाथ ने बुधवार को यह जानकारी दी।

धोनी को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बीते सत्र के दौरान घुटने पर पट्टी लगाकर खेलते देखा गया। इस दौरान उनकी विकेटकीपिंग में कोई खामी नहीं दिखी लेकिन बल्लेबाजी के दौरान वह तेजी से रन चुराने से बचने के लिए निचले क्रम में क्रीज पर आते थे।

विश्वनाथ ने पीटीआई-भाषा से कहा, हां, यह सच है कि धोनी अपने बाएं घुटने की चोट पर चिकित्सकों से सलाह लेंगे और उसी के अनुसार फैसला करेंगे। अगर सर्जरी की सलाह दी जाती है तो यह रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा, यह पूरी तरह से उन्हीं की मर्जी होगी।

विश्वनाथ से जब पूछा गया कि क्या ऐसी संभावना है कि धोनी अगले सत्र में नहीं खेलने का फैसला करें और इस तरह छोटी नीलामी के लिए टीम के पास अतिरिक्त 15 करोड़ रुपए होंगे। उन्होंने कहा, सच कहूं, तो हम उस दिशा में सोच भी नहीं रहे हैं क्योंकि हम अभी उस स्थिति में नहीं पहुंचे है। यह पूरी तरह से धोनी का फैसला होगा। लेकिन मैं आपको सीएसके के रुख के बारे में बता सकता हूं कि हमने इस बारे में कुछ नहीं सोचा है। आईपीएल के पांचवें खिताब के बाद फ्रेंचाइजी के मालिक एन श्रीनिवासन के संबोधन और टीम के जश्न मनाने की योजना के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, श्रीनिवासन इस सफलता से काफी खुश है लेकिन कोई जश्न नहीं मनेगा। खिलाड़ी अहमदाबाद से ही अपने अगले पड़ाव के लिए निकल गए। वैसे भी अगर आप सीएसके को देखे तो हम कभी बड़े स्तर पर जश्न नहीं मनाते। सीईओ ने कई मुख्य खिलाड़ियों के चोटिल होने के बाद भी टीम को सफलता दिलाने का श्रेय अपने करिश्माई कप्तान को दिया। उन्होंने कहा, यह टीम भावना और प्रत्एक खिलाड़ी को अपनी भूमिका जानने के बारे में है।

# डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले भारतीय गेंदबाजों का ध्यान कार्यभार बढ़ाने पर

**भाषा।** पोर्ट्समाउथ

**ऑस्ट्रेलिया** के खिलाफ सात जून से द ओवल में शुरू हो रहे विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल से पहले भारतीय क्रिकेट टीम गेंदबाजों का कार्यभार बढ़ाने पर ध्यान दे रही है। भारतीय गेंदबाज टीम के अन्य खिलाड़ियों (चेतेश्वर पुजारा के अलावा) के साथ इस अहम मुकाबले से पहले लगभग दो महीने तक चले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 टूर्नामेंट का हिस्सा थे।

मोहम्मद सिराज, शारदुल ठाकुर, अक्षर पटेल, जयदेव उनादकट और उमेश यादव इंग्लैंड पहुंचने वाले खिलाड़ियों के पहले बैच में शामिल थे जबकि आईपीएल फाइनल में गुजरात टाइटंस का प्रतिनिधित्व करने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की रवानगी में विलंब हुआ। बारिश के कारण आईपीएल फाइनल रविवार की जगह सोमवार को खेला गया था।

मध्यक्रम के मुख्य बल्लेबाज विराट कोहली भी उन खिलाड़ियों में शामिल थे, जो राहुल द्रविड़ के नेतृत्व वाले कोचिंग स्टाफ के साथ पहले बैच में इंग्लैंड पहुंचे। कोहली सोमवार को चेतेश्वर पुजारा के साथ टीम शिविर में शामिल हुए। पुजारा ससेक्स के लिए काउंटी चैंपियनशिप खेलने के कारण पहले से ही इंग्लैंड में मौजूद हैं। भारतीय टीम के इस मुकाबले से पहले ससेक्स के औरंडेल कैसल क्रिकेट क्लब में कुछ अभ्यास सत्र होने की उम्मीद है।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से जारी वीडियो में गेंदबाजी कोच पारस महाम्ब्रे ने कहा, अभी तक हमारी तैयारी अच्छी रही है। हम शुरुआती सत्र में यहां परिस्थितियों से सामंजस्य बिठा रहे थे लेकिन पिछले दो सत्र अच्छे रहे। मुझे लगता है है कि हमने उनका कार्यभार थोड़ा बढ़ाया है। महाम्ब्रे ने कहा, हम यहां की परिस्थितियों से खुश है, यह अच्छा मैदान है। यह कुछ वैसा ही है जिसकी आप उम्मीद करते हैं। मौसम खुशनुमा है, थोड़ी ठंड है लेकिन इंग्लैंड में रहते हुए आप इसके अभ्यस्त हो जाते हैं।

भारतीय टीम के क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप ने कहा कि उनका ध्यान बल्लेबाज के करीब रहने वाले क्षेत्ररक्षकों के कैच अभ्यास के साथ खिलाड़ियों की फिटनेस पर है।

उन्होंने कहा, खिलाड़ी आईपीएल खेल कर आ रहे है, ऐसे में हमारे लिए कार्यभार प्रबंधन सबसे महत्वपूर्ण है। आईपीएल के दौरान मैदानी क्षेत्ररक्षण पर ध्यान रहा होगा इसलिए यहां पर हम कैच अभ्यास पर ध्यान दे रहे हैं। खासकर बल्लेबाज के करीब और स्लिप के कैच अभ्यास पर ज्यादा जोर दे रहे हैं। भारत के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर ने कहा कि ध्यान लंबे प्रारूप के अनुकूल होने पर भी होगा। उन्होंने कहा, उन सभी ने काफी क्रिकेट खेली है।

## इंडियन ओपन सर्फिंग में खिलाड़ियों की नजरें पेरिस ओलंपिक के कोटे पर

**भाषा।** मेंगलुरु

**भारत** के शीर्ष खिलाड़ी गुरुवार से यहां शशिथिलु समुद्र तट पर आयोजित होने वाले इंडियन ओपन सर्फिंग (समुद्र की लहरों पर करतब से जुड़ा खेल) में खिताब जीतने के साथ अगले साल पेरिस में होने वाले ओलंपिक खेलों का टिकट हासिल करना चाहेंगे। सर्फिंग को पूर्ण खेल के तौर पर पहली बार ओलंपिक में शामिल किया गया है और इससे भारतीय सर्फिंग महासंघ के इस तीन दिवसीय आयोजन का महत्व काफी बढ़ जाता है। पिछले साल की रैंकिंग के आधार पर भारत की चार सदर्स्यीय टीम इस समय एल साल्वाडोर में ओलंपिक क्वालीफाइंग विश्व सर्फिंग खेलों में प्रतिस्पर्धा कर रही है। इन चारों को छोड़ कर देश के शीर्ष 70 खिलाड़ी पेरिस 2024 की क्वालीफाइंग स्पर्धाओं में भाग लेने के सपने को पूरा करने के लिए यहां जोर लगाएंगे।

# थाईलैंड ओपन बैडमिंटन: किरण ने किया उलटफेर, सिंधू बाहर

**भाषा।** बैंकॉक





**भारत** के किरण जॉर्ज ने उलटफेर करते हुए बुधवार को यहां चीन के दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी शी युकी को सीधे गेम में हराकर थाईलैंड ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई लेकिन दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू पहले दौर में ही हारकर बाहर हो गईं।

अश्मिता चाहिला और साइना नेहवाल ने भी महिला एकल में दूसरे दौर में जगह बनाई जबकि लक्ष्य सेन के अलावा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की चौथे नंबर की पुरुष युगल जोड़ी ने भी प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। किदांबी श्रीकांत और बी साई प्रणीत पुरुष एकल में जल्दी बाहर हो गए लेकिन ओडिशा ओपन के विजेता किरण ने 2018 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता और तीसरे वरीय शी युकी को 21-18 22-20 से हराकर बाहर का रास्ता दिखा दिया।

किरण अगले दौर में चीन के वेंग होंग एंग से भिड़ेंगे। किरण के साथ प्रकाश पादुकोण अकादमी में बैडमिंटन के गुर सीखने वाले लक्ष्य सेन ने भी कड़े मुकाबले में चीनी ताइपे के वैंग जू वेई को 21-23 21-15 21-15 से हराया। उनके अगले दौर में चीन के ऑल इंग्लैंड चैंपियन ली शी फेंग से भिड़ने की संभावना है।

राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन सात्विक और चिराग की शीर्ष वरीय पुरुष युगल जोड़ी ने भी रासमुस जेयर और फ्रेड्रिक सोगार्ड की डेनमार्क की जोड़ी रोमांचक मुकाबले में 21-13 18-21 21-17 से हराया। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू को हालांकि पहले दौर में ही 62 मिनट चले मुकाबले में कनाडा की मिशेल ली के खिलाफ 8-21 21-18 18-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। दिन के अन्य मुकाबलों में क्वालीफायर अश्मिता ने हमवतन मालविका बंसोड़ को 21-17 21-14 से हराया जबकि लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना ने कनाडा की वेन यू झेंग को 21-13 21-7 से शिकस्त दी।अश्मिता अगले दौर में रियो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता चौथी वरीय कैरोलिना मारिन से भिड़ेंगी। साइना का सामना चीन की ही बिंग जियाओ से हो सकता है।

विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत को हालांकि चीन के वेंग होंग एंग के खिलाफ 8-21 21-16 14-21 से हार का सामना करना पड़ा। तोक्यो ओलंपियन प्रणीत को भी फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव के खिलाफ 14-21 16-21 से हार झेलनी पड़ी। ओरलियंस मास्टर्स के विजेता प्रियांशु राजावत भी पहले दौर की बाधा पार करने में विफल रहे और मलेशिया के एनजी जी योंग के खिलाफ 19-21 10-21 से हार गए।

## मैच के बाद झड़प में किशोर फुटबॉल खिलाड़ी की मौत

**फ्रैंकफर्ट।** अंतरराष्ट्रीय युवा टूर्नामेंट में प्रतिद्वंद्वी टीम के साथ मैच के बाद हुए विवाद के दौरान सिर में गंभीर चोट लगने से यहां 15 वर्षीय एक फुटबॉल खिलाड़ी की मौत हो गई। फ्रैंकफर्ट पुलिस ने एक बयान में बताया कि यह मैच सप्ताहांत मे खेला गया था और इस मामले में पूछताछ के लिए फ्रांस की टीम के एक 16 वर्षीय खिलाड़ी को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने कहा कि रविवार को अंतिम सीटी बजने के बाद फ्रांस की टीम के सदस्यो और बर्लिन की एक टीम के बीच विवाद के बाद हाथापाई शुरू हो गई। पुलिस ने कहा कि पीड़ित के सिर या गर्दन में गंभीर चोट लगी और वह गिर गया था। घटनास्थल पर आपातकालीन चिकित्सा कर्मियों द्वारा इलाज के बाद उसे अस्पताल ले जाया गया था। मामले की जांच में जुटी पुलिस ने गवाहो को सामने आने और इस झड़प से जुड़ी वीडियो को साझा करने का अनुरोध किया है।

## ओडिशा एफसी ने जाहोउ से दो साल का अनुबंध किया

**भुवनेश्वर।** सुपर कप चैंपियन ओडिशा एफसी ने बुधवार को मोरक्को मे दिग्गज मिडफील्डर अहमद जाहोउ से अनुबंध करने की घोषणा की। जोहाउ इंडियन सुपर लीग खिताब और लीग शील्ड जीतने वाली टीम का हिस्सा रह चुके है। क्लब ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि उसने मोरक्को के इस फुटबॉलर के साथ दो साल का अनुबंध किया है। ओडिशा एफसी ने कहा, क्लब टीम में जाहोउ का स्वागत करके रोमांचित है और आगामी सत्र के लिए उन्हे शुभकामनाएं देता है। जाहोउ इससे पहले आईएसएल में एफसी गोवा और मुंबई सिटी एफसी की ओर से खेल चुके है। उन्होने इन दोनो टीम के साथ आईएसएल लीग शील्ड जीतने के अलावा मुंबई सिटी एफसी के साथ आईएसएल खिताब भी जीता।

## वीर, अनाहत ने राष्ट्रीय सर्किट स्क्वाश टूर्नामेंट जीता

**मुंबई।** महाराष्ट्र के वीर चोटरानी और उभरती हुई किशोर खिलाड़ी दिल्ली की अनाहत सिंह ने बुधवार को यहां छठे एनएससीआई ओपन सर्किट स्क्वाश टूर्नामेंट मे क्रमशः पुरुष और महिला एकल के सीनियर वर्ग के खिताब जीते। वीर ने एकतरफा फाइनल में दूसरे वरीय सूरज चंद को 11-9, 11-8, 11-6 से हराया जबकि अनाहत को भी शीर्ष वरीय उर्वशी को 11-7, 11-8, 11-3 से हराने में अधिक मशक्कत नही करनी पड़ी। अनाहत 14 साल की उम्र मे 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलो में हिस्सा लेने वाली भारत की सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बनी थी। महाराष्ट्र की आकांक्षा गुप्ता ने शीर्ष वरीय नव्या सुंदरराजन को 11-9, 11-6, 11-8 से हराकर लड़कियों के अंडर-17 वर्ग का खिताब अपने नाम किया।

# ओवल में मिल सकती हैं भारत जैसी परिस्थितियां : स्मिथ

**भाषा।** लंदन



**ऑस्ट्रेलिया** के शीर्ष बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को उम्मीद है कि ओवल में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच होगी लेकिन इसके साथ ही उनका मानना है कि खेल आगे बढ़ने के साथ उनकी टीम को भारत जैसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

ओवल में पिच से तेजी और उछाल मिलती है और वहां की परिस्थितियां बल्लेबाजी के लिए अनुकूल मानी जाती हैं। भारत परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाने के लिए अपने स्टार स्पिनर रविंद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन को अंतिम एकादश में शामिल कर सकता है।

स्मिथ ने कहा, ओवल में विशेषकर खेल आगे बढ़ने के साथ स्पिनरों को मदद मिल सकती है इसलिए हमें मैच के कुछ चरणों में भारत जैसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

उन्होंने सात जून से शुरू होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले क्रिकेट.कॉम.एयू से कहा, लेकिन ओवल क्रिकेट खेलने के लिए शानदार जगह है। उसकी आउटफील्ड बहुत तेज है। वह बल्लेबाजी करने के लिए बहुत अच्छी जगह है तथा उसमें इंग्लैंड की अन्य पिचों की तरह तेजी और उछाल भी होती है। ऑस्ट्रेलिया को हाल में भारत के दौरे में चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला में।-2 यह हार का सामना करना पड़ा था। श्रृंखला आगे बढ़ने के साथ हालांकि उसके बल्लेबाजों ने स्पिनरों की अनुकूल परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाना शुरू कर दिया था। ऑस्ट्रेलिया ने इंदौर में जो तीसरा टेस्ट मैच जीता था उसमें स्मिथ कप्तान थे। स्मिथ ने कहा, डब्ल्यूटीसी शानदार पहल है। इससे हम जो भी मैच खेलते हैं वह प्रासंगिक बन जाता है।

# शतरंज का बादशाह बनने की राह पर है भारत : कार्लसन

**भाषा।** नई दिल्ली

**पांच** बार के विश्व चैम्पियन मैग्नस कार्लसन का मानना है कि भारत शतरंज का अग्रणी देश बनने की राह पर है और उन्होंने कहा कि इस खेल को बढ़ावा देने के लिए यहां काफी कुछ किया जा रहा है। मौजूदा विश्व रैपिड शतरंज चैंपियन कार्लसन को वर्तमान पीढ़ी का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी माना जाता है।

भारतीय शतरंज खिलाड़ियों ने हाल के वर्षों में वैश्विक स्तर पर शानदार प्रदर्शन किया। इसके अलावा देश ने पिछले साल शतरंज ओलंपियाड का भी सफल आयोजन किया था। कार्लसन ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, मेरा मानना है कि भारत अभी तक काफी कुछ अच्छा कर रहा है और स्पष्ट रूप से दुनिया का अग्रणी शतरंज देश बनने की राह पर है।

नॉर्वे का यह ग्रैंड मास्टर शुरुआती ग्लोबल चेस लीग (जीएसएल) के आइकन खिलाड़ियों में शामिल है। जीएसएल विश्व की पहली और सबसे बड़ी फ्रेंचाइजी आधारित लीग है जिसमें दुनिया भर के खिलाड़ी संयुक्त टीम प्रारूप में भाग लेंगे। जीएसएल का आयोजन टेक महिंद्रा और अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) के संयुक्त प्रयास से किया जा रहा है। इसमें छह टीम भाग लेंगी। इनमें से प्रत्एक टीम दुबई में 21 जून से दो जुलाई तक डबल राउंड रोबिन के आधार पर कम से कम 10 मैच खेलेगी। चोटी पर रहने वाली दो टीम दो जुलाई में होने वाले फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी तथा विजेता टीम को विश्व चैंपियन करार दिया जाएगा।

कार्लसन ने कहा, इस प्रतियोगिता का हिस्सा बनना मेरे लिए रोमांचक अनुभव होगा। यह कुछ नया होगा। ऐसा कुछ जैसा कि अभी तक शतरंज में नहीं देखा गया है। मैं इस प्रतियोगिता में भाग लेने को लेकर उत्सुक हूं। उन्होंने कहा कि उन्हें टीम प्रतियोगिताओं में खेलना पसंद है और वह भारत के युवा खिलाड़ियों के साथ खेलने के लिए उत्साहित हैं।

कार्लसन ने कहा, निजी तौर पर मैं टीम प्रतियोगिताओं में खेलने का पूरा लुत्फ उठाता हूं। मैं टीम के अन्य खिलाड़ियों से मिलने और भारतीय खिलाड़ियों की युवा पीढ़ी के साथ और उनके खिलाफ खेलने को लेकर उत्साहित हूं। उन्होंने कहा, इस टूर्नामेंट की सबसे अच्छी बात यह है कि पुरुष और महिला खिलाड़ी एक ही स्तर पर एक दूसरे का सामना करेंगे।

## अश्विन के कैरम बॉल को अपने तरकश में शामिल करना चाहते हैं मरफी

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के युवा ऑफ स्पिनर टॉड मरफी अगले सप्ताह होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप और एशेज श्रृंखला से पहले अपनी गेंदबाजी में भारतीय दिग्गज रविचंद्रन अश्विन की तरह कैरम बॉल की विविधता जोड़ना चाहते है। मरफी ऑस्ट्रेलियाई टीम के भारत के पिछले दौरे पर गए थे जहां चार टेस्ट की श्रृंखला में उन्होंने 25.51 की औसत से 14 विकेट चटकाए थे। इस दौरान उन्होंने अश्विन की गेंदबाजी को करीब से देखा था। क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू के मुताबिक इस 22 साल के गेंदबाज ने कहा, मैं अभी उस (कैरम बॉल) पर काम कर रहा हूं लेकिन अश्विन की तरह इसे करने से अभी काफी दूर हूं। यह सुनने में आसान लगता है लेकिन करने में काफी मुश्किल है। आप में इसे सफलता से करने का आत्मविश्वास होना चाहिए। मुझे ऐसा करने में खुशी होगी। उन्होंने कहा, अगर आपकी गेंदबाजी में गेंद को सामान्य से दूसरी ओर घुमाने की विविधता है तो इससे बल्लेबाज को अलग तरह की चुनौती मिलती है। मरफी ने हालांकि कहा कि उनका ज्यादा ध्यान अपनी नियमित गेंदबाजी पर होगा। उन्होंने कहा, आप हमेशा अपनी तरकश में चीजों को जोड़ना या जोड़ने के तरीकों की तलाश में रहते हैं, लेकिन टेस्ट क्रिकेट में आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आपकी मौलिक चीजें सही हो।

## डब्ल्यूटीसी फाइनल में किशन पर भरत और शार्दुल पर उमेश को प्राथमिकता मिलनी चाहिएः सरनदीप

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व चयनकर्ता सरनदीप सिंह का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए विकेटकीपर के रूप में ईशान किशन की जगह केएस भरत को अंतिम एकादश में जगह मिलनी चाहिए। उन्होंने इसके साथ ही ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर की जगह तेज गेंदबाज उमेश यादव को अंतिम एकादश में शामिल करने की सिफारिश भी की।

ऋषभ पंत के चोटिल होने के कारण किशन टीम के लिए एक्स फैक्टर हो सकते हैं लेकिन सरनदीप ने कहा कि भरत मुख्य विकेटकीपर के रूप में अंतिम एकादश में जगह बनाएंगे। किशन ने अभी तक टेस्ट मैच नहीं खेला है। सरनदीप ने पीटीआई से कहा, निश्चित तौर पर केएस भरत का चयन किया जाएगा। वह अच्छा टेस्ट विकेट कीपर है और हमने आस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में भी देखा की उसने अच्छी विकेटकीपिंग की। वह पिछले कुछ समय से टीम में है और उसे मौका मिलना चाहिए। डब्ल्यूटीसी फाइनल सात जून से लंदन के ओवल में खेला जाएगा। पूर्व भारतीय स्पिनर सरनदीप ने कहा, ईशान सलामी बल्लेबाज है और मेरे कहने का मतलब यह नहीं है कि वह टेस्ट खेलने में सक्षम नहीं है। वह भविष्य का एक खिलाड़ी है लेकिन वह सीमित ओवरों की क्रिकेट में पारी की शुरुआत करता है। टेस्ट मैचों में छठे नंबर पर बल्लेबाजी करना भिन्न होगा। उन्होंने कहा, यह सही है कि वह पहली गेंद से ही हावी हो सकता है जो कि इंग्लैंड में फायदा पहुंचा सकता है लेकिन भरत भी अच्छी बल्लेबाजी कर सकता है। मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज तेज गेंदबाजी विभाग का जिम्मा संभालेंगे तथा तीसरे तेज गेंदबाज के रूप में उमेश और शार्दुल में से किसी एक का चयन किया जाएगा। सरनदीप ने कहा, मैं शार्दुल की जगह उमेश यादव का चयन करूंगा क्योंकि उसके पास अतिरिक्त गति है और वह पुरानी गेंद को रिवर्स स्विंग करा सकता है। वह ओवल के विकेट पर उपयोगी साबित हो सकता है। उन्होंने कहा, मुझे बल्लेबाजी या गेंदबाजी को लेकर किसी तरह की चिंता नजर नहीं आती।

# भारतीय बल्लेबाजों के लिए पुजारा की सलाह बहुमूल्य होगी : गावस्कर

**भाषा।** पोर्ट्समाउथ





**पूर्व** कप्तान सुनील गावस्कर ने बुधवार को कहा कि चेतेश्वर पुजारा इंग्लिश काउंटी चैंपियनशिप में लंबे समय तक खेलने के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप(डब्ल्यूटीसी) फाइनल से पूर्व भारतीय टीम के अपने साथियों को बहुमूल्य सलाह दे सकते हैं।

पुजारा को परिस्थितियों की जानकारी और (ससेक्स की) कप्तानी के अनुभव को देखते हुए उनकी सलाह महत्वपूर्ण हो सकती है विशेषकर ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ के खिलाफ जो इसी काउंटी टीम की ओर से खेलते हैं। डब्ल्यूटीसी फाइनल सात से 11 जून तक लंदन के द ओवल में होना है। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, यह तथ्य कि वह वहां मौजूद रहा है, इसका मतलब है कि उसने देखा है कि द ओवल की पिच किस तरह का बर्ताव कर रही है। उन्होंने कहा, वह शायद द ओवल में नहीं खेला हो, वह भले ही ससेक्स मे रहा हो जो लंदन से काफी दूर नहीं है लेकिन उसने इस पर नजर रखी होगी कि वहां क्या चल रहा है और जहां तक बल्लेबाजी इकाई या कप्तानी की बात है तो उसकी सलाह बहुमूल्य होगी। गावस्कर ने कहा, यह मत भूलिए कि उसने टीम (ससेक्स) की कप्तानी भी की है इसलिए निश्चित तौर पर इस समय टीम के अपने साथी से ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ को देखकर उसने कुछ रणनीतियां भी बनाई होंगी। गावस्कर ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग में खेलने के बाद भारतीय बल्लेबाजों को डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले बल्ला घुमाने की अपनी गति से सामंजस्य बैठाना होगा और उन्होंने बल्लेबाजों जितना संभव हो उतना देर से खेलने की सलाह दी। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि वह बल्ला घुमाने की अपनी गति पर ध्यान देंगे। वे टी20 से आ रहे हैं जहां बल्ला काफी तेजी से घुमाया जाता है जबकि टेस्ट क्रिकेट में बल्ला घुमाने की गति अधिक नियंत्रित होती है और ऐसे में उन्हें इस पर गौर करना होगा। गावस्कर ने जोर देते हुए कहा कि इंग्लैंड के हालात को देखते हुए जितना संभव हो बल्लेबाजों को उतना देर से शॉट खेलने की जरूरत है जिससे कि गेंद स्विंग हो चुकी हो। उन्होंने साथ ही कहा कि बल्लेबाजों को शॉट खेलने के लिए गेंद तक पहुंचने की गलती करने से बचना होगा। उन्होंने कहा, उन्हें इंग्लैंड में जितना संभव हो उतना देर से खेलने की जरूरत है जिससे कि गेंद स्विंग हो चुकी हो, शॉट खेलने के लिए गेंद तक पहुंचने की कोशिश नहीं करनी जो गलती अच्छी पिच पर खेलते हुए काफी लोग करते हैं। उन्होंने गेंदबाजों को फुल लेंथ की गेंद फेंकने की सलाह दी जिससे कि ड्यूक गेंद को स्विंग होने का मौका मिले। गावस्कर ने कहा, गेंदबाजी इकाई के रूप में आपको नई गेंद से फुल लेंथ की गेंदबाजी करनी होगी जिससे कि गेंद को हवा और पिच से मूवमेंट मिले। गावस्कर ने इंग्लैंड की परिस्थितियों में खेलते हुए भारत के सामने आने वाली चुनौतियों पर भी बात की।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि इंग्लैंड के हालात चुनौतीपूर्ण होंगे क्योंकि सबसे पहले तो हमें तेज धूप में खेलने की आदत है। जब आप इंग्लैंड में खेलते हैं तो अधिकतर आप ऐसे हालात में खेलते हैं जब सूरज नहीं निकला होता, आसमान में बादल छाए होते है, मौसम ठंडा होता है। इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा, आपको पता है कि भारतीय, वेस्टइंडीज और श्रीलंका के खिलाड़ियों को इस तरह के हालात में खेलने की आदत नहीं होती जिससे थोड़ी दिक्कत हो सकती है।

# पूर्व चैंपियन ओस्टापेंको को हराकर स्टन्र्स फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में

**एपी।** पेरिस,

**● यूनान के स्टेफनोस सितसिपास ने रॉबर्टो कार्बालेस बेड़ना को 6-3, 7-6 (4), 6-2 से हराया**

**फ्रेंच** ओपन में पदार्पण कर रही पेटोन स्टन्र्स ने अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज करते हुए बुधवार को यहां पूर्व चैंपियन एलेना ओस्टापेंको को हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में जगह बनाई।

पिछले साल जून में पेशेवर बनी स्टन्र्स ने दूसरे दौर के मुकाबले में 2017 की फ्रेंच ओपन चैंपियन ओस्टापेंको को तीन सेट चले कड़े मुकाबले में 6-3, ।-6, 6-2 से हराया। फ्रेंच ओपन का 2017 में खिताब जीतने के बाद से ओस्टापेंको रोलां गैरो पर कभी तीसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाई हैं। स्टर्न्स के खिलाफ उन्होंने पांच बार अपनी सर्विस गंवाई और 28 सहज गलतियां भी की।

तीसरी वरीय जेसिका पेगुला ने भी कैमिला जियॉर्जी के चोट के कारण हटने पर अगले दौर में प्रवेश किया। अमेरिका खिलाड़ी पहले सेट में जब 6-2 से आगे थी तो इटली की कैमिला ने मुकाबले से हटने का फैसला किया। एलिना स्वितोलिना ने अपने पति गेल मोनफिल्स के मंगलवार को रात के सत्र में पांच सेट में जीत दर्ज करने के कुछ घंटों बाद क्वालीफायर स्टॉर्म हंटर को 2-6, 6-3, 6-। से हराया। पुरुष एकल में पूर्व उप विजेता यूनान के स्टेफानोस सितसिपास ने रॉबर्टो कार्बालेस बेइना को 6-3, 7-6 (4), 6-2. से हराया।